सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 01 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 117, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

कच्चे तेल में तेजी से 583 अंक गिरा सेंसेक्स

कच्चे तेल के ऊंचे स्तर, कमजोर वैश्विक रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स करीब 583 अंक नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 180 अंक टूट गया। } 10

वैष्णव ने जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली सीधी ट्रेन जम्मू से कश्मीर घाटी पहुंचने के बाद पूंछ, राजौरी और उरी जैसे दूरदराज इलाकों को देश के रेल नेटवर्क से जोड़ने पर ध्यान देने का वादा किया। } 12

बरगी बांध में पलटा क्रूज, छह की मौत

एजेंसी

जबलपुर। मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में अचानक आई आंधी के कारण करीब 35-40 लोगों को लेकर जा रहा एक क्रूज बरगी नदी में पलट गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बरगी शहर के पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) अंजुल मिश्रा ने बताया कि छह शव बरामद किए गए हैं और 18 को सुरक्षित बचा लिया गया जबकि 15 से 18 लोग अब भी लापता हैं। अधिकारी ने बताया कि अचानक आंधी के कारण क्रूज पलटने के समय करीब 35-40 लोग क्रूज पर सवार थे। उन्होंने बताया कि शेष लोगों को बचाने के लिए राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

आईसीएसई व आईएससी परिणाम : लड़कियों ने मारी बाजी

10वीं में 99.18 प्रतिशत व 12वीं में 99.13 फीसद परीक्षार्थी उत्तीर्ण

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने बृहस्पतिवार को 2026 के लिए 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए, जिनके अनुसार 10वीं कक्षा में 99.18 प्रतिशत जबकि 12वीं में 99.13 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

कुल 2,58,721 परीक्षार्थियों ने 10वीं (आईसीएसई) जबकि 1,03,316 परीक्षार्थियों ने 12वीं (आईएससी) की परीक्षा दी थी। छात्राएं दोनों परीक्षाओं में छात्रों से आगे रहीं। आईसीएसई में, 99.46 प्रतिशत छात्राएं जबकि 98.93 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईएससी में, 99.48 प्रतिशत छात्राएं जबकि 98.81 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए।

आईसीएसई परीक्षा में 2,56,590 परीक्षार्थी उत्तीर्ण जबकि 2,131 अनुत्तीर्ण हुए। आईएससी परीक्षा में कुल 1,02,414 उत्तीर्ण जबकि 902 अनुत्तीर्ण हुए। श्रेणीवार आंकड़ों के अनुसार आईसीएसई में सामान्य श्रेणी के छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.26 प्रतिशत रहा। अन्य पिछड़ा वर्ग में 99.24 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति में 98.07 प्रतिशत और अनुसूचित जाति में 98.76 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईएससी में, सामान्य श्रेणी के 99.17 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग में 99.12 प्रतिशत, अनुसूचित जाति में 98.77 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति में 98.84 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईसीएसई में 67 विषयों में जबकि आईएससी में 45 विषयों में परीक्षाएं आयोजित की गई थीं।

परीक्षा परिणाम सीआईएससीई की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। परीक्षा परिणाम पर छात्रों और उनके अभिभावकों ने बहुत खुशी जताते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत का फल है।

संक्षेप

लखनऊ में मिट्टी धंसने से एक मजदूर की मौत

लखनऊ। विभूतिखंड इलाके में एनटीपीसी कार्यालय के सामने गुरुवार सुबह निमार्णाधीन अस्पताल आरोग्यम मेडिकेयर के बेसमेंट में खुदाई के दौरान मिट्टी खिसक गई। मिट्टी में दबने से 35 वर्षीय मजदूर लक्ष्मी शंकर अवस्थी की मौत हो गई जबकि साथी तुलसीराम गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि ठेकेदार बिना मिट्टी के टीले (दीवार) में बैरीकेडिंग से रुकावट किए खुदाई करा रहा था। घटना की जानकारी पर आला अफसर पहुंचे। दमकल, पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर मजदूरों को निकाला। एसीएम सचिन वर्मा ने मृतक आश्रित परिवार को आपदा राहत कोष से चार लाख रुपये की आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक हादसे में मृत मजदूर लक्ष्मी शंकर बाराबंकी के कीरतपुर के अमौली निवासी था। वहीं, घायल सफदरगंज के भीकम पट्टी गांव के रहने वाले हैं।

पुलिस चौकी में दरोगा व सिपाही से मारपीट

मिर्जापुर। जिले में मेडिकल कॉलेज अस्पताल की पुलिस चौकी में घुस कर एक दरोगा और सिपाही से मारपीट के आरोप में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे शहर कोतवाली क्षेत्र में दो ई-रिक्शा के बीच टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों वाहनों के चालकों तथा उन पर सवार कुछ लोगों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल की पुलिस चौकी लेकर आई तभी उनमें से कुछ दबंग लोगों ने दरोगा मनोज राय और सिपाही कमलेश पासवान से मारपीट की। इस दौरान सिपाही के सिर में कथित तौर पर चोट आई जबकि दरोगा की वर्दी फाड़ दी गई।

महिला सशक्तीकरण सरकार की प्राथमिकता : योगी

विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री का सपा पर प्रहार, 33% आरक्षण से बढ़ेगी महिलाओं की निर्णायक भागीदारी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विस्तृत चर्चा का प्रस्ताव रखा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्ष, खासतौर पर समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पर तीखा हमला किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संशोधन 2029 में ही लागू होना था, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन ने लोकसभा में इसका विरोध किया। जब महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा व परिश्रम से लोहा मनवा रही हैं और बेहतरीन नेतृत्व दे रही हैं, तो आप लोग क्यों बाधक बन रहे हैं? वेलफेयर स्कीम से आगे बढ़कर अब उन्हें राजनीतिक प्रतिनिधित्व और नीति-निर्धारण में भागीदारी का अधिकार मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कटाक्ष किया कि जो लोग काले कर्मों से राजमहल सजाते हैं, वही इतिहास में कलंक बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल को लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का महत्वपूर्ण प्रस्ताव गिराकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी ने यही कलंक बनने का काम किया। प्रस्ताव गिरते ही एक-दूसरे को बधाई दी और नारेबाजी की कि हमने महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने दिया। यह आपका आचरण था, जिससे पूरा सदन और पूरा देश आहत है। इसी श्रृंखला में हम आज इस सदन में चर्चा करने आए हैं।



मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर सदन में चर्चा होनी चाहिए, ताकि उन कारकों को चिन्हित किया जा सके जो महिला स्वावलंबन और सशक्तीकरण में बाधक हैं। देश के सबसे बड़े विधानमंडल के रूप में उत्तर प्रदेश विधानसभा की इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्ष 2023 में केंद्र सरकार से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए किए गए कार्यों की श्रृंखला का परिणाम है। इसका उद्देश्य महिलाओं को केवल लाभार्थी योजनाओं तक सीमित न रखकर नीति-निर्धारण और कानून-निर्माण में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना है। वर्तमान में भारतीय संसद में महिलाओं की संख्या मात्र 15 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश विधानसभा में यह केवल 11-12 प्रतिशत तक सीमित है। यदि 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए तो आधी आबादी को उनके अधिकारों के अनुरूप प्रतिनिधित्व मिल सकेगा और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी चर्चा हो सकेगी। देश प्रधानमंत्री मोदी जी का ...शेष पृष्ठ 10 पर

विधानमंडल के विशेष सत्र में सड़क से सदन तक हंगामा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के एक दिवसीय विशेष सत्र से पहले बृहस्पतिवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच महिला आरक्षण के मुद्दे पर टकराव देखने को मिला। समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने विधान भवन परिसर से लेकर सड़कों व सदन तक सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया, वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों, विशेषकर महिला सदस्यों ने विपक्ष के खिलाफ जवाबी प्रदर्शन किया।

सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सपा सदस्य अपनी-अपनी सीट पर हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करने लगे। सपा ...शेष पृष्ठ 10 पर

कच्चे तेल का भाव 445 रुपये प्रति बैरल बढ़ा

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को कच्चे तेल की कीमत 445 रुपये बढ़कर रिकॉर्ड 10,571 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गई। वहीं, वैश्विक बाजारों में ब्रेंट क्रूड 126 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्पों पर विचार करने की रिपोर्ट के बाद से कच्चे तेल के दाम में गिरावट आई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का मई माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 445 रुपये यानी 4.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 10,571 रुपये प्रति बैरल हो गया। इससे लगातार चौथे सत्र में कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी बनी रही। विश्लेषकों ने कहा कि तेल की कीमतों में यह बढ़ोतरी इन खबरों के बाद आई कि राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान के खिलाफ कार्वाई के विकल्पों पर संभावित जानकारी दी जा सकती है। इससे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ने की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। वैश्विक स्तर पर, कचचातेल के जून अनुबंध वाले ब्रेंट ऑयल की वायदा कीमत ने लगातार नौवें कारोबारी सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी।

उत्तराखंड कैबिनेट में कई अहम प्रस्ताव पारित

परिवहन से लेकर शिक्षा और रोजगार तक कई क्षेत्रों में सुधार

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई उत्तराखंड मंत्रिमंडल बैठक में विकास और प्रशासनिक सुधार से जुड़े 18 अहम प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। इन फैसलों का प्रभाव आगामी कुंभ 2027 की व्यवस्थाओं के साथ-साथ परिवहन, शिक्षा, उद्योग, वन, राजस्व और रोजगार जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर पड़ेगा। बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली ने बताया कि कुंभ 2027 की तैयारियों को तेज और सुव्यवस्थित बनाने के लिए स्वीकृति प्रक्रिया को सरल किया गया है। अब 1 करोड़ रुपये तक के कार्यों को मेलाधिकारी और 5 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को

गढ़वाल आयुक्त स्तर से मंजूरी मिल सकेगी, जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी। परिवहन क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार ने उत्तराखंड मोटर यान (संशोधन) नियमावली 2026 को हरी झंडी दी है। इसके तहत प्रवर्तन चालकों के लिए पुलिस चालकों के समान वर्दी लागू की जाएगी। साथ ही राज्य में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 250 नई बसों की खरीद को मंजूरी दी गई है। जीएसटी में कमी का लाभ लेते हुए पहले स्वीकृत 100 बसों की संख्या बढ़ाकर 109 कर दी गई है। विधिक प्रणाली को अधिक सशक्त बनाने के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नियमावली 2026 में संशोधन किया गया है। अब जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा, वहीं एसिड अटैक पीड़ितों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने उपखनिज पर रॉयल्टी 7 रुपये से बढ़ाकर 8 रुपये ...शेष पृष्ठ 10 पर

भारत-इटली मजबूत करेंगे रक्षा औद्योगिक ढांचा

राजनाथ सिंह व इतालवी रक्षामंत्री समकक्ष गुइडो क्रोसेटो ने कई समझौतों पर जतायी सहमति

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और इटली ने बृहस्पतिवार को सैन्य साजोसामान के सह-उत्पादन के लिए एक रक्षा औद्योगिक ढांचा विकसित करने का संकल्प लिया। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब दोनों देश पश्चिम एशिया संकट सहित एक उभरते सुरक्षा परिदृश्य का सामना कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके इतालवी समकक्ष गुइडो क्रोसेटो के बीच नयी दिल्ली में हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय रक्षा और रणनीतिक संबंधों को प्रगाढ़ करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद, दोनों पक्षों ने दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग से संबंधित द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना (एमसीपी) 2026-

27 का अनावरण किया। सिंह ने सोशल मीडिया पर कहा, हमने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हमने आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम और इटली की रक्षा सहयोग पहल के तहत पारस्परिक रूप से लाभकारी रक्षा औद्योगिक सहयोग को और प्रगाढ़ करने के तरीकों ...शेष पृष्ठ 10 पर

रक्षा कंपनियों का स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास पर जोर

नयी दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के एक साल पूरे होने वाले हैं और सरकार ने जिस आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दिया वह और मजबूत हो रहा है तथा रक्षा क्षेत्र में भारत की निजी संस्थाओं को भी इसी दृष्टिकोण के अनुरूप आगे बढ़ने की आवश्यकता है। यह बात कई रक्षा कंपनियों ने कही।

उन्होंने संचार से संबंधित प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों सहित अधिक स्वदेशी प्रणालियां तथा प्रौद्योगिकियां विकसित करने की भी पैरवी की, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 46.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.00 डिसे.

भीतर पढ़ें

- कांग्रेस-सपा जन्मजात महिला विरोधी: सीएम (पृष्ठ-02)
- वाराणसी में बनेगा सोवा रिग्पा का प्रमुख केंद्र (पृष्ठ-02)
- एफडीआई नियमों में ढील पर अधिसूचना जल्द (पृष्ठ-14)
- डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे मजबूत (पृष्ठ-14)
- एनसीएलटी की मंजूरी में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — अब तक खुले 10.32 करोड़ जन-धन खाते, बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड ने जारी की रिपोर्ट

जन-धन खातों में 64,000 करोड़ की जमा राशि के साथ शीर्ष पर यूपी

विशेष संवाददाता

नयी दिल्ली। वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने वाली प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत खुले खातों और जमा राशि के मामले में उत्तर प्रदेश देश में सबसे आगे है। राज्य में इस साल अप्रैल तक 10.32 करोड़ जन-धन खातों में करीब 64,000 करोड़ रुपये जमा हैं, जो कुल जमा का लगभग 18 प्रतिशत है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

बैंक प्रतिनिधि (बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट) नेटवर्क का संचालन करने वाली बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, देशभर में जन-धन खातों में कुल जमा राशि अप्रैल 2026 तक बढ़कर लगभग 3.07 लाख करोड़ रुपये हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, आठ अप्रैल 2026 तक जन-धन खातों की कुल संख्या बढ़कर 58.06 करोड़ हो गई जो अप्रैल

2025 में 55.28 करोड़ और अप्रैल 2024 में 52.01 करोड़ थी। जमा राशि में भी इसी अनुपात में बढ़ोतरी देखी गई है। अप्रैल 2024 के 2.34 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर यह अप्रैल 2026 में 3.07 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। प्रधानमंत्री जन धन योजना भारत सरकार का एक प्रमुख वित्तीय समावेश कार्यक्रम है। इसके तहत शून्य राशि यानी बिना किसी रकम के बैंक खाते खोले जाते हैं। इसका उद्देश्य हर परिवार को बैंकिंग सेवा से जोड़ना है। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में खोले गए कुल 10.32 करोड़ जन-धन खातों में करीब 64,000 करोड़ रुपये जमा हैं। यह कुल जमा का लगभग 18 प्रतिशत है। उसके बाद बिहार और पश्चिम बंगाल का स्थान है, जहां क्रमशः 30,000-30,000 करोड़ रुपये जमा हैं।

अन्य बड़े राज्यों में राजस्थान (24,000 करोड़ रुपये), महाराष्ट्र (22,000 करोड़ रुपये) और मध्य प्रदेश (19,000 करोड़ रुपये) शामिल हैं। कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड और गुजरात जैसे राज्यों में भी खातों की सक्रियता में तेजी दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जमा में यह बढ़ोतरी बैंक प्रतिनिधि नेटवर्क में तेजी से विस्तार का नतीजा है। बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट सेंटर बैंक का ऐसा सेवा केंद्र होता है जहां बैंक की शाखा न होते हुए भी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके कारण बैंकिंग सेवाओं को गांवों ...शेष पृष्ठ 10 पर

शाहजहांपुर : सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत

जिला संवाददाता

शाहजहांपुर। जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने बताया कि पहली दुर्घटना में दुल्हन की विदाई के बाद लौट रही एक कार खुटार थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाहजहांपुर-पलिया मार्ग पर रौतापुर गांव के पास तेज रफ्तार एक टैंकर से टकरा गई। इस हादसे में तीन महिलाओं और कार चालक की मौत हो गई। परिवार 25 अप्रैल को हुई शादी के बाद दुल्हन की विदाई कराकर लौट रहा था। मृतकों की पहचान कल्पना (25), शैशरी (28), वीना (35) और वाहन चालक निर्देश (29) के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। बृहस्पतिवार सुबह पुवायां थाना क्षेत्र के अंतर्गत फोर-लेन बाईपास पर तेज रफ्तार एक बोलेरो कार ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें एक दंपति और दो बच्चे शामिल हैं। मोटरसाइकिल गलत दिशा में थी कि तभी सामने से आ रहे वाहन से उसकी टक्कर हो गई। अधिकारी ने बताया कि अरुण (35), दीक्षा (10) और नैतिक (3) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सीमा (32) ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

कांग्रेस-सपा जन्मजात महिला विरोधी: सीएम

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन पर बोला तीखा हमला

- सपा शासनकल में महिलाओं की दुर्दशा जगजाहिर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र से पहले पत्रकार वार्ता में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इन दलों को महिला विरोधी बताते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संशोधन रोकने के उनके आचरण की निंदा के लिए यह विशेष सत्र बुलाया गया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल जन्मजात महिला-विरोधी हैं। उनकी रग-रग में नारी का अपमान भरा हुआ है। जब भी सपा को प्रदेश में सत्ता मिली, महिलाओं पर अत्याचार और क्रूर घटनाओं ने बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। हर व्यक्ति जानता है कि सपा सरकार के समय देख सफाई, बिटिया घबराई जैसे स्लोगन बन गए थे। स्टेट गेस्ट हाउस कांड हो या अन्य महिला संबंधी अत्याचार, इनकी छवि जगजाहिर है।

आप सभी महिलाओं के श्राप से शापित हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर आधी आबादी को उनका हक दिलाने का ऐतिहासिक कदम उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप किस नारी गरिमा की बात करते हैं? बदायूं जैसी घटनाओं पर आपके नेताओं के गैर-जिम्मेदाराना बयान आज भी याद किए जाते हैं। मैं भौचक्का हूं कि आप अभी भी महिलाओं की बात करते हैं। आप सभी महिलाओं के श्राप से शापित हैं। कांग्रेस की दुर्गति आप देख ही रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 40 वर्ष से वह लगातार बंजर होती जा रही है। आपने भी उसका अनुसरण कर लिया है, इसलिए आपकी भी यही दशा तय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पतन का मुख्य कारण शाहबानो प्रकरण में एक मुस्लिम महिला के साथ किया गया अन्याय और मौलवियों के सामने घुटने टेकने की उसकी मानसिकता थी। तीन तलाक के मुद्दे पर भी आपका महिला-विरोधी चेहरा साफ दिखा, जब प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा लाए गए तीन तलाक कानून का आपने पुरजोर विरोध किया। दुनिया के अधिकांश इस्लामिक देश इस प्रथा को मान्यता नहीं देते, लेकिन आप देश को कठमुल्ला व्यवस्था की ओर ले जाना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी की विधायक पूजा पाल प्रकरण, स्टेट गेस्ट हाउस कांड, आजम खान, एसटी हसन और अबू आजमी जैसे नेताओं के महिला-विरोधी बयान स्पष्ट रूप से दशार्ते हैं कि आप जाति के नाम पर समाज को बांटते हैं, लेकिन महिलाओं, दलितों और पिछड़ों के प्रति आपकी कोई सहानुभूति नहीं है। आप माफिया के सामने नतमस्तक होते हैं, लेकिन नारी गरिमा और न्याय की रक्षा करने में हमेशा विफल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप नारी गरिमा की बात करते हैं, लेकिन आपके शासनकाल में महिला सुरक्षा की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। वर्ष 2014 में बदायूं में दो नाबालिग चचेरी बहनों के साथ हुई अमानवीय घटना, 2016 में बुलंदशहर में सामूहिक बलात्कार, 2013 में चिनहट में 5 वर्षीय बालिका के साथ घटना, सुल्तानपुर बलात्कार व हत्या प्रकरण और हापुड़ में एसिड अटैक जैसी अनेक घटनाएं आपके समय में लगातार होती रहीं। तत्कालीन मंत्री आजम खान ने बुलंदशहर सामूहिक बलात्कार को राजनीतिक साजिश बताया। इन घटनाओं पर आपके नेताओं के गैर-जिम्मेदाराना बयान आज भी याद किए जाते हैं। एनसीआरबी आंकड़ों के अनुसार महिला अपराध में उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आप लोगों के आचरण को देखकर गिरगिट भी शर्म से पानी-पानी हो जाएगा। संसद में एक रंग और विधानसभा में दूसरा रंग। दिल्ली से लखनऊ पहुंचते ही आप रंग बदल लेते हैं। अनावश्यक मुद्दे उठाकर नैरेटिव बदलने का प्रयास करते रहते हैं, लेकिन पूरा देश आपकी हरकतों को जानता है।

महिला आरक्षण बिल का विरोध आधी आबादी के अधिकार में बाधा: केशव मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री एवं नेता सदन विधान परिषद केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को विधान परिषद में नारी सशक्तिकरण विषय पर अनवरत चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम का विरोध करना देश और प्रदेश की आधी आबादी के अधिकारों के विरुद्ध खड़ा होना है। यदि यह विधेयक पारित हो गया होता तो वर्ष 2029 से महिलाओं को व्यापक राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होता, लेकिन विपक्ष ने इस ऐतिहासिक अवसर को गंवा दिया।

उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं राष्ट्र का सम्मान होता है। भारतीय परंपरा और संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिकार देना नहीं, बल्कि उनका अधिकार लौटाना है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने नारी की भूमिका को समाज की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी अभियान के अंतर्गत 3 करोड़ महिलाओं को सशक्त बनाने का लक्ष्य पूरा हो चुका है और अब 6 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार मातृशक्ति को उनका पूरा अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए संकल्पबद्ध है। वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन और अन्य योजनाओं के माध्यम से लाखों महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने भारतीय इतिहास और परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वह देश है जहां सावित्री ने यमराज से अपने पति को वापस लिया, रानी लक्ष्मीबाई ने अद्वितीय वीरता का परिचय दिया, तथा माता कौशल्या, कैकेई, सुमित्रा, यशोदा और देवकी जैसी महान माताओं ने आदर्श चरित्रों को जन्म दिया।

उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना ऊदा देवी, लोकमाता सावित्रीबाई फुले, महादेवी वर्मा, सुषमा स्वराज और पीवी सिंधु जैसी महान महिलाओं के योगदान को भी याद किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

सपा का महिला सशक्तीकरण से नहीं है लेना-देना: ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने विधानसभा में भी सपा पर जमकर हमला किया। ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सदैव ही दलितों और पिछड़ों का शोषण किया है। उनका महिला सशक्तिकरण से कोई लेना-देना नहीं है। लोकसभा में हाल में ही कांग्रेस-सपा और उनके सहयोगी दलों की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन को पास न होने देना, उनकी मानसिकता को बताता है। आज की महिला हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। भाजपा सरकार द्वारा तमाम कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक गुरुवार को विधानसभा में नारी सशक्तीकरण के मुद्दे को लेकर अपना वक्तव्य प्रस्तुत कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार की ओर से महिला सशक्तीकरण को लेकर तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिससे सीधे तौर पर महिला शक्ति के उत्थान का कार्य हो रहा है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि पुलिस विभाग में बड़ी संख्या में बेटियों की सीधी भर्ती की गई। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक अपनी कड़ी मेहनत से झंडा बुलंद किया है।

डिप्टी सीएम ने सदन को पीडीए के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए के नाम पर केवल ढोंग करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग के लिए कार्य किया है। सभी को पक्के मकान दिए हैं। उन्होंने पीडीए का अर्थ बताते हुए कहा कि यह परिक्रमा देत अल्पसंख्यक है। सपा सिर्फ जाति-धर्म के आधार पर समाज को लड़ाने और विद्वेश फैलाने का काम करती है। हम सबका साथ-विकास विकास के मूलमंत्र पर कार्य करते हैं।

महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष का चेहरा बेनकाब : पंकज चौधरी

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने देखीं विधानसभा के विशेष सत्र की कार्यवाही

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को महिला आरक्षण के मुद्दे पर बुलाए गए उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र की कार्यवाही को राज्यपाल दीर्घा में उपस्थित रहकर देखा। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी ने इस महत्वपूर्ण विषय पर भाजपा की गंभीरता और प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। विधानसभा में महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाले विषय पर चर्चा के बीच भाजपा इसे देश और प्रदेश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया।

कार्यवाही के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने विपक्ष के रुख पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आज सपा के नेता जिस प्रकार अल्पसंख्यक महिलाओं के नाम पर राजनीति कर रहे हैं, उससे उनका वास्तविक चेहरा उजागर हो गया है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जब सपा के लोग अल्पसंख्यक महिलाओं की बात कर रहे हैं तो वे स्वयं ही बेनकाब हो गए हैं, क्योंकि देश का संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। संविधान की मूल भावना समानता और न्याय पर आधारित है, न कि तुष्टिकरण पर।

पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि देश की महिलाओं के सम्मान, अधिकार और भागीदारी को सुनिश्चित करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर आधारित है और इसमें महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष को इस बात का डर है कि यदि महिला आरक्षण प्रभावी रूप से लागू हो गया तो उनकी तुष्टिकरण की राजनीति समाप्त हो जाएगी और वास्तविक विकास की राजनीति को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दल वर्षों तक महिलाओं के नाम पर केवल राजनीति करते रहे, लेकिन उन्हें वास्तविक अधिकार देने का साहस नहीं दिखा सके। वहीं भाजपा ने न केवल महिला आरक्षण कानून पारित किया, बल्कि विभिन्न योजनाओं और नीतियों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य भी किया है। चौधरी ने यह भी कहा कि महिला आरक्षण के माध्यम से लोकतंत्र और अधिक समावेशी और सशक्त बनेगा। इससे महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और नीतियों में उनकी दृष्टि और अनुभव का समावेश होगा, जो समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर कार्य करती रहेगी। उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया कि वे महिला सशक्तिकरण के इस ऐतिहासिक प्रयास का समर्थन करें और एक मजबूत, समावेशी एवं विकसित समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

डबल इंजन सरकार की योजनाओं से महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर : मंत्री रजनी तिवारी

लखनऊ। प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने गुरुवार को 18वीं विधानसभा के वर्ष 2026 के द्वितीय विशेष सत्र में विधानसभा और विधान परिषद में महिला सशक्तिकरण पर अनवरत चर्चा विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने सदन में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन के लोकसभा में पारित न हो पाने पर गहरा दुःख और क्षोभ प्रकट किया और कहा कि देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए राजनीतिक आरक्षण आवश्यक है।

मंत्री तिवारी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण, शौचालय निर्माण तथा आवास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों से महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है और वे आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनी हैं। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी पहले ही सकारात्मक परिणाम दे रही है और अब समय आ गया है कि संसद एवं विधानसभाओं में भी उन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले। महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति का मूल आधार है।

एकेटीयू अपने शिक्षकों को क्वॉन्टम तकनीकी में बनायेगा एक्सपर्ट

- विवि सत्र 2026-27 से बीटेक में क्वॉन्टम तकनीकी में शुरू करने जा रहा माइनर डिग्री प्रोग्राम

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) अपने छात्रों को नई तकनीकी में एक्सपर्ट बनाने की पहल कर रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव के साथ ही अन्य जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। इसी के तहत कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में विश्वविद्यालय अपने शिक्षकों को क्वान्टम कम्प्यूटिंग में दक्ष बनाने जा रहा है। इसके लिए विश्वविद्यालय जानी-मानी कंपनी आईबीएम के साथ मिलकर शिक्षकों को पांच दिवसीय एफडीपी का आयोजन कर रहा है। आइबीएम विश्वविद्यालय के शिक्षकों को इस नई तकनीकी में प्रशिक्षण देगी।

वर्तमान में क्वॉन्टम तकनीकी काफी तेजी से उभर रही है। इस तकनीकी की वर्तमान और भविष्य में महत्ता को देखते हुए विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 बीटेक में माइनर डिग्री शुरू किया है। छात्रों को क्वॉन्टम तकनीकी में भी दक्ष बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। ऐसे में शिक्षकों को भी इस तकनीकी में जानकार बनाने के लिए 11 से 15 मई तक पांच दिवसीय क्वॉन्टम कम्प्यूटिंग में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया है।

डीन यूजी प्रो. अनुराग त्रिपाठी ने सभी संबद्ध संस्थानों को एफडीपी में शिक्षकों के शामिल होने के लिए पत्र भी जारी किया है। हर संस्थान से कम से कम दो शिक्षकों को एफडीपी में नामित करने को कहा गया है। नॉमिनेशन दो मई तक करना है। एफडीपी आईबीएम के लखनऊ केंद्र पर आयोजित होगी। यह एफडीपी क्वॉन्टम तकनीकी के माइनर डिग्री के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगी।

महिला आरक्षण बिल 2023 को विपक्ष के सभी दलों ने मिलकर पारित कराया था : राजेन्द्र चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद में गुरुवार को नारी वंदन को लेकर आये प्रस्ताव पर बोलते हुए समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य राजेन्द्र चौधरी ने अपनी असहमति जताते हुए कहा कि इस प्रस्ताव को जिसने बनाया है उसे संविधान का ज्ञान नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में लिखा है कि इसे नारी वंदन बिल 2023 को एनडीए सरकार ने पारित कराया है जबकि सच्चाई यह है कि इसे संसद ने पारित किया है। इसमें सभी दलों की सर्वसहमति थी। महिला आरक्षण बिल 2023 को विपक्ष के सभी दलों ने मिलकर पारित कराया था। सपा की डॉ. राममनोहर लोहिया से लेकर अखिलेश यादव तक की नर-नारी समानता की नीति है। सपा महिलाओं का सबसे ज्यादा सम्मान करती है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम किया लेकिन भाजपा दुष्प्रचार करती है। भाजपा का चरित्र उजागर हो चुका है। समाजवादी आंदोलन में द्रोपदी को आदर्श नारी माना जाता है। द्रोपदी अपने अन्याय के खिलाफ उठ खड़ी हुई। भाजपा सदस्यों की टोका-टोकी पर राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि इन्हें कोई जानकारी नहीं है। ये संविधान को नहीं पढ़ते हैं।

संविधान लागू हुआ था तब बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि संविधान चाहे जितना अच्छा हो लेकिन संविधान लागू करने वाले बुरे होंगे तो संविधान बुरा साबित होगा। अगर संविधान लागू करने वाले अच्छे होंगे तो संविधान अच्छा और हितकारी होगा। उन्होंने कहा कि 2023 के महिला आरक्षण बिल पास हो चुका है। यह सभी लोग जानते है लेकिन भाजपा के लोग तानाशाह हिटलर के प्रचारमंत्री गोयबल्स की भूमिका में है। गोयबल्स एक झूठ को बार-बार कहता था उसकी जिम्मेदारी ही झूठ बोलने की थी। भाजपा के लोग उसी तरह से जनता को भ्रमित करने के लिए आज लोकतंत्र में भी झूठ बोल रहे है। जो नारी वंदन संशोधन बिल आया था वह आरक्षण का बिल नहीं परिसीमन बिल था। यह संविधान में संशोधन के लिए परिसीमन बिल था। सपा ने इसका विरोध करके संविधान बचाने का काम किया।

महिला आरक्षण बिल 2023 में ही पास हो गया लेकिन सच्चाई यह है कि भाजपा महिलाओं को आरक्षण देकर समानता की ताकत नहीं देना चाहती है। सपा की राय शुरू से आरक्षण के पक्ष में रही है। भाजपा चालाकी कर रही है। भाजपा सपा को लेकर भ्रम फैला रही है। सपा नारी वंदन अधिनियम के पक्ष में रही है। अपना वोट दिया था। आज यहां सदन में जो प्रस्ताव आया है, वह त्रुटिपूर्ण है। भाजपा सरकार में लगातार महिलाओं के साथ अपराध हो रहा है।

पीड़ित परिवार से मिलकर अखिलेश ने दी आर्थिक सहायता

- सपा अध्यक्ष ने हरदोई दौरे के दौरान पीड़ित परिवार से मिले
- हत्या कांड की सीबीआई जांच और परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की उठायी मांग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को हरदोई की बिलग्राम विधानसभा के ग्राम गढ़ी रसूलपुर जाकर राम ईस कुशवाहा की पुत्री की निर्मम हत्या पर पीड़ित परिवार से शोक संवेदना व्यक्त की। दिवंगत बेटी को श्रद्धांजलि दी और पार्टी की ओर से उन्हें पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता भी दी।

अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे आज शिल्पी कुशवाहा के माता-पिता दोनों भाइयों तथा परिवार के अन्य सदस्यों से मिलने आए है। उन्होंने कहा कि बहुत दुःखद घटना हुई है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। इस परिवार के साथ हम सब दुःखी है। इस परिवार का दुःख कम नहीं होगा। जब बेटी की याद आएगी, तो उनको बहुत दुःख होगा। हम सभी इस घटना से दुःखी हैं। भविष्य में कहीं कोई ऐसी घटना न हो, किसी परिवार को ऐसा दुःख सहन न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि सपा पीड़ित परिवार की हर संभव कानूनी मदद देने के लिए तैयार है। पार्टी के साथियों ने मिलकर पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद की है। पैसा कोई बड़ी चीज नहीं है। इस दुःख में इससे बस कुछ मदद मिलेगी। सपा की सरकार आने पर और मदद की जाएगी। परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी देंगे।

उन्होंने कहा कि इस घटना के बारे में कई बार थाने को बताया गया, बेटी खुद गई, कप्तान को जानकारी दी गई, लेकिन बेटी को न्याय नहीं मिला। दोषी लोगों को और उनके साथ रहे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। दोषी अधिकारियों को नौकरी से टर्मिनेट कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि हत्या कांड की सीबीआई जांच हो, इसके लिए हम पत्र भी लिखेंगे। यही पीड़ित परिवार भी चाहता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार महिलाओं के लिए 1090 वूमेन पावर लाइन, प्रसूताओं के लिए 102 एम्बुलेंस सेवा, जनसुनवाई पोर्टल की व्यवस्थाएं थी। भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। भाजपा राज में महिलाओं-बेटियों के साथ सर्वाधिक घटनाएं हो रही है। एनसीआरबी का डाटा बताता है कि देश में सबसे ज्यादा महिलाओं के साथ घटनाएं उत्तर प्रदेश में हो रही है, महिला अपराध में उत्तर प्रदेश नम्बर वन है।

सपा प्रतिनिधिमंडल विश्वकर्मा परिवार को जब न्याय दिलाने गाजीपुर गया तो वहां के वर्चस्ववादी और ताकतवर लोग पत्थर लेकर निकल पड़े, दंगा फैलाया। इस बारे में पूरा पुलिस-प्रशासन जानता है। प्रतापगढ़ और फतेहपुर में भी ऐसी घटनाएं हुई। इन घटनाओं में न्याय की बात अधूरी है। पार्टी के कार्यकर्ताओं पर झूठें मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

सीएम के निर्देश पर फील्ड में अफसरों ने किसानों को वितरित की राहत राशि

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने खराब मौसम, आंधी, अग्निकांड, ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। प्रशासन को फील्ड में सक्रिय रहते हुए त्वरित आकलन और सहायता वितरण के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई भी प्रभावित किसान सहायता से वंचित न रह जाए।

इस साल 2026-27 में अग्निकांड की घटनाओं से बाराबंकी, बलिया, बांदा, महराजगंज, मथुरा, पीलीभीत, रामपुर और सोनभद्र सहित 8 जनपदों में कुल 111.134 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज की गई है। इसके सापेक्ष 668 प्रभावित किसानों में से 51 किसानों को अब तक 1,81,963 रुपये की राहत राशि वितरित की जा चुकी है। वहीं ओलावृष्टि से मथुरा, जालौन, हरदोई, बुलंदशहर, औरैया, संभल, शाहजहांपुर, आगरा, अलीगढ़, कन्नौज, ललितपुर, सहारनपुर और उन्नाव सहित 13 जनपदों में 38,369.72 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। इस आपदा से प्रभावित 1,07,104 किसानों में से 23,983 किसानों को 14,92,60,448 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा अतिवृष्टि के कारण कानपुर देहात, शाहजहांपुर, रामपुर, जालौन, बुलंदशहर, गोंडा, मथुरा, पीलीभीत और सहारनपुर सहित 9 जनपदों में 1,358.678 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज की गई है।

यहां 3,920 प्रभावित किसानों में से 1,849 किसानों को 1,09,87,132 रुपये की राहत राशि वितरित की गई है। राज्य सरकार की ओर से फसल क्षति का आकलन तेजी से कराया जा रहा है और शेष प्रभावित किसानों को भी शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।

वाराणसी में बनेगा सोवा रिग्पा का प्रमुख केंद्र

- जटिल बीमारियों का हो सकेगा इलाज
- 2500 साल पुरानी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को नयी पहचान देगी सरकार
- आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी संग अमची चिकित्सा को भी मिलेगा स्थान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार आयुष पद्धतियों को बढ़ावा देने और वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने के लिए एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के आयुष कॉलेजों में 2500 वर्ष पुरानी पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली ह्यसोवा रिग्पाह्न (अमची चिकित्सा) और सिद्ध पद्धति की पढ़ाई शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इससे न सिर्फ पारंपरिक चिकित्सा को नई पहचान मिलेगी, बल्कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा भी व्यापक होगा।

सरकार का लक्ष्य है कि आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी के साथ-साथ सोवा रिग्पा पद्धति को भी मुख्यधारा में लाया जाए। यह पहल खासतौर पर उन बीमारियों के इलाज में कारगर साबित होगी, जिनमें आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ पूरक उपचार की जरूरत होती है, जैसे कैंसर, जोड़ों का दर्द, मानसिक रोग और दीर्घकालिक बीमारियां आदि। प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि सोवा रिग्पा और सिद्ध पद्धति के डिग्री कोर्स शुरू करने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इन कोर्सों के लिए जरूरी मानकों, पाठ्यक्रम और इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया जा रहा है।

योगी सरकार ने इसके लिए हरी झंडी दे दी है और जल्द ही प्रदेश के चयनित आयुष कॉलेजों में इनकी पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इन कोर्सों की शुरूआत के साथ ही डिग्री लेने वाले चिकित्सकों का पंजीकरण भी किया जाएगा, जिससे वे अधिकृत रूप से अपने उपचार केंद्र खोल सकेंगे। इससे प्रदेश में पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं का विस्तार होगा और मरीजों को वैकल्पिक उपचार के अधिक विकल्प मिलेंगे। प्रमुख सचिव ने बताया कि वाराणसी में सोवा रिग्पा का एक प्रमुख केंद्र विकसित किया जाएगा। यह केंद्र शोध, प्रशिक्षण और उपचार का हब बनेगा, जहां जटिल बीमारियों के इलाज पर विशेष फोकस रहेगा। वाराणसी को इस परियोजना के लिए इसलिए चुना गया है क्योंकि यह पहले से ही आयुर्वेद और आध्यात्मिक चिकित्सा का प्रमुख केंद्र रहा है। सोवा रिग्पा और सिद्ध पद्धति के कोर्स शुरू होने से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। प्रशिक्षित चिकित्सक अपने क्लीनिक खोल सकेंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा सकेंगे। इसके अलावा, इन पद्धतियों पर शोध को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे इनके वैज्ञानिक आधार को और मजबूत किया जा सकेगा।

सोवा रिग्पा हिमालयी क्षेत्रों में प्रचलित एक प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जिसकी उत्पत्ति तिब्बत में मानी जाती है। यह पद्धति शरीर, मन और पर्यावरण के संतुलन पर आधारित है। इसमें जड़ी-बूटियों, खनिजों और प्राकृतिक तत्वों का उपयोग कर रोगों का उपचार किया जाता है। यह प्रणाली विशेष रूप से गठिया, पाचन विकार, मानसिक तनाव, त्वचा रोग और कैंसर जैसी बीमारियों के उपचार में उपयोगी मानी जाती है। सिद्ध चिकित्सा प्रणाली मुख्य रूप से दक्षिण भारत में प्रचलित है और इसे भी आयुष ढांचे में मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। सिद्ध पद्धति शरीर के तीन दोषों वात, पित्त और कफ के संतुलन पर आधारित है। इसमें औषधियों के साथ-साथ जीवनशैली और आहार पर विशेष जोर दिया जाता है।

राजधानी के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में रचा इतिहास

- आईएससी में चार छात्रों के 99.75 प्रतिशत अंक, आईसीएसई में वैवस्वत और शिवम ने अर्जित किये 99.80 प्रतिशत अंक
- सीएमएस के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर बनाया कीर्तिमान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। आईएससी और आईसीएसई का परीक्षा परिणाम गुरुवार को जारी हुआ। इस परिणाम के जारी होने के बाद सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। सभी छात्र-छात्राओं का स्कूल प्रबंधन ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उनकी खुशी मनाने के लिए छात्रों को फूल मालायें पहनायी गयी और मिठाई खिलायी गयी। इस अवसर पर राजधानी में आईएससी में चार छात्रों ने 99.75 प्रतिशत अंक, आईसीएसई में वैवस्वत और लखनऊ पब्लिक कालेज के शिवम अवस्थी ने 99.80 प्रतिशत अंक अर्जित किये।

सीएमएस के मेधावी छात्रों ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आईएससी (कक्षा-12) एवं आईसीएसई (कक्षा-10) बोर्ड परीक्षाओं में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर न सिर्फ लखनऊ का गौरव पूरे देश में बढ़ाया है।

सीएमएस के चार छात्रों ने इस वर्ष आईएससी बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है तो वहीं दूसरी ओर आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 99.40 प्रतिशत से लेकर 99.80 प्रतिशत तक अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान अर्जित किया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सीएमएस के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर सिद्ध कर दिया है कि लखनऊ अब पूरे देश में शिक्षा का केन्द्र बन चुका है।

आईएससी (कक्षा-12) बोर्ड परिणाम में 99.75 प्रतिशत तक अंक अर्जित करने वाले सीएमएस के चार मेधावी छात्रों में ओशीन अग्रवाल, संस्कृति चंदेल, जैनब फातिमा एवं छवि मिश्रा शामिल हैं जबकि आईसीएसई (कक्षा-10) की बोर्ड परीक्षा में वैवस्वत नारायण दुबे ने 99.80 प्रतिशत, जहरा फातिमा व अनय अग्रवाल ने 99.60 प्रतिशत अंक जबकि अफशान अहमद, दिव्यांश कुशवाहा एवं फरहीन खान ने 99.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सीएमएस के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर इतिहास रचा है, जिनमें आई.एस.सी. के 42 एवं आईसीएसई के 20 छात्र शामिल हैं।

इस वर्ष सीएमएस से कुल 7030 छात्रों ने आईएससी एवं आईसीएसई बोर्ड में प्रतिभाग किया, जिसमें से 3709 (52.8 प्रतिशत) छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक जबकि 1441 छात्रों (20.5 प्रतिशत) ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। इसके अलावा, 1013 ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने एक या अधिक विषयों में पूरे 100 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी व स्कूल प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ये परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल हैं।

एलपीसी के शिवम बने आईसीएसई के सेकेण्ड इण्डिया टॉपर

लखनऊ। आईसीएसई/आईएससी वर्ष 2025-26 का परीक्षा परिणाम गुरुवार को जारी किया गया। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज के 832 विद्यार्थी आईसीएसई परीक्षा में और 762 विद्यार्थी आईएससी परीक्षा में सम्मिलित हुए। आईसीएसई परीक्षा में एलपीसी, ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम के शिवम अवस्थी 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इण्डिया सेकेण्ड टॉपर रहे।

आईसीएसई परीक्षा में एलपीसी-सहारा स्टेट्स के शावीर प्रकाश श्रीवास्तव ने 99 प्रतिशत, आदर्श चन्द्रा ने 98.60 प्रतिशत, ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम के अंश यादव व एलपीसी सहारा स्टेट्स जानकीपुरम की तनीशा मिश्र व अल्याह शाहिद होदा ने 98.40 प्रतिशत, दिवांक यादव एवं ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम की वैभवी दीक्षित एवं ईशानी सिंह ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया।

आईएससी परीक्षा में एलपीसी-ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम की समृद्धि द्विवेदी व इकरा आलम ने 99.25 प्रतिशत, जूही चौधरी 99 प्रतिशत, बतूल जेहरा खान 98.75, आर्यन दुबे 98.50, अचिन्त्य शुक्ल ने 98.25 प्रतिशत अंक, एलपीसी, सहारा स्टेट्स की कृतिका बिष्ट व अंश वर्मा ने 98.25, नमन वर्मा व प्राची गुप्ता ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एसपी सिंह, महाप्रबंधक हर्षित सिंह व शिखरपाल सिंह ने बच्चों, सभी शिक्षकों, प्रधानाचार्यों व अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

न्यायिक सेवा में जाकर समाज की सेवा करूंगी

सीएमएस एलडीए कानपुर रोड ब्रांच की हुलशिका पाण्डेय इंटर में 91.25 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिवार का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक भारती गांधी ने सम्मानित करते हुए हुलशिका को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। हुलशिका ने बताया कि हाईस्कूल में शिक्षकों व माता-पिता की प्रेरणा से सफलता मिली है। पिता पद्माकर पाण्डेय वरिष्ठ पत्रकार हैं। हुलशिका ने बताया कि क्लैट की तैयारी कर न्यायिक सेवा में रहकर समाज की सेवा करूंगी।

रुद्रांश सिंह ने 95 फीसदी अंक हासिल किया

इमैक्युलेट कन्सेप्शन कॉन्वेंट स्कूल गोमतीनगर के आईएससी 12वीं के छात्र रुद्रांश सिंह ने 95 फीसदी अंक हासिल कर अपनी मेधा और कड़ी मेहनत का परचम लहराया है। बिना किसी कोचिंग के अच्छे अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रुद्रांश सिंह अपनी इस सफलता के लिए अपने शिक्षकों व माता-पिता को देते हैं। पिता अतुल वरिष्ठ पत्रकार हैं। माता रिचा सिंह गृहणी हैं। रुद्रांश सिंह का अगला लक्ष्य इंजीनियरिंग में दाखिला लेना है। रुद्रांश सिंह ने वर्ष 2024 की आईसीएसई 10वीं परीक्षा में 92 फीसदी अंक हासिल किया था।

डाक्टर बनना चाहती हैं उंजिला

राजाजीपुरम स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल में मलिहाबाद के मिर्जागंज की छात्रा उंजिला फातिमा डाक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने 12वीं में 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल का मान बढाया। इस मौके पर सीएमएस प्रबंधन ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

रिजा सुहैल ने हासिल किए 94 प्रतिशत अंक

त्रिवेणी नगर स्थित अल हुदा मॉडल स्कूल की छात्रा रिजा सुहैल ने आईएससी 12 कक्षा की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। रिजा के पिता सैयद सुहैल अली और माता अम्बरीन सुहैल अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर बेहद खुश हैं। स्कूल के शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। रिजा सुहैल ने कहा माता-पिता और नानी और शिक्षकों के मार्गदर्शन से संभव हो पाया है।

सेंट जोसेफ विद्यालय समूह का वर्चस्व कायम

लखनऊ। आईसीएसई और आईएससी बोर्ड के परीक्षा परिणाम गुरूवार को घोषित कर दिये गये। राजधानी के सेंट जोसेफ विद्यालय समूह के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन को लगातार कायम रखते हुए 90 प्रतिशत के जादुई आंकड़े को पार किया। घोषित परीक्षा परिणामों में पिछले कीर्तिमानों को ध्वस्त करते हुये सेंट जोसेफ समूह की सीतापुर रोड शाखा की अभिश्री सिंह सोमवंशी तथा राजाजीपुरम शाखा के शिवांश मौर्या ने आईसीएसई में 98.60 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की श्रेष्ठता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही आईएससी में सीतापुर रोड शाखा के प्रखर सिंह ने 99.25 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय समूह में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही इसी शाखा के अरनव सिंह 98.75 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय समूह में दूसरे स्थान पर रहे। वही सेंट जोसेफ की राजाजीपुरम शाखा में आईएससी में अंश कुमार विश्वकर्मा ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया। वही इसी शाखा के रूद्रांश श्रीवास्तव 97.50 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की संस्थापक अध्यक्ष डा. पुष्पलता अग्रवाल व प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल ने पूरे सेंट जोसेफ विद्यालय परिवार को अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा कि सेंट जोसेफ विद्यालय अपने अनुशासन व संस्कारों के लिये प्रसिद्ध है और अनुशासित होकर किया परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं होता है। ये परीक्षा परिणाम यही सिद्ध करते है।

आरएलबी स्कूल के मेधावियों का रहा दबदबा

लखनऊ। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने गुरुवार को आईएससी और आईसीएसई का परीक्षा परिणाम भी घोषित कर दिया। जिसमें रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल सेक्टर-6 विकास नगर शाखा के मेधावियों ने इस वर्ष भी अपना दबदबा कायम रखा। आईसीएसई में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर आरूषी ने विद्यालय में टॉप किया। वहीं दिव्यांश वर्मा ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, ओम यादव, संजू पुष्कर, शिखर पाण्डेय ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय हासिल किया। जबकि आयुषी सिंह ने 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ, समर श्रीवास्तव 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान हासिल किया। आईएससी में 97.75 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम गुप्ता ने विद्यालय में टॉप किया। वहीं वैभव कश्यप ने 92

प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, रुद्र प्रताप सिंह, रुद्राक्ष श्रीवास्तव ने 91.75 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय हासिल किया। जबकि आदित्य कुमार शर्मा ने 90.5 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान हासिल किया। विद्यालय के संस्थापक जयपाल सिंह, डायरेक्टर निर्मल टंडन, प्रिंसिपल रुचिता श्रीवास्तव व टीचर्स ने मेधावियों को माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर उन्हें बधाई दी।

एसकेडी एकेडमी के छात्रों ने एआईआर 4, 7 एवं 8 हासिल कर रचा कीर्तिमान

लखनऊ। एसकेडी एकेडमी के छात्रों ने एक बार फिर आईसीएसई और आईएससी परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को कायम रखा है। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी आईसीएसई एवं आईएससी परीक्षाओं का परिणाम 100% रहा। आईएससी परीक्षा में सुहानी साख्या ने 98.25% अंकों के साथ ऑल इंडिया 7वां स्थान प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया। निष्कर्ष त्रिपाठी ने 98% अंकों के साथ ऑल इंडियां 8वां स्थान प्राप्त किया। आईसीएसई परीक्षा में सूर्यांश अवस्थी ने 99.20% अंकों के साथ ऑल इंडियां 4 चौथा स्थान प्राप्त किया। दीपांजलि दीक्षित ने 97.4% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन होनहार छात्रों को जुलाई माह में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में सम्मानित किया जाएगा। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, अपने माता-पिता, प्रधानाचार्या, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को दिया। एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह ने उत्कृष्ट परिणाम के लिए छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि ये छात्र भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर देश की सेवा करेंगे। उन्होंने आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन अध्यक्ष एसकेडी सिंह, निदेशक मनीष सिंह, उप-निदेशिका निशा सिंह, सहायक निदेशिका कुसुम बत्रा एवं प्रधानाचार्या अंजू सिंह सभी ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राजमाता अकादमी कॉलेज के सभी छात्र उत्तीर्ण

लखनऊ। अलीगंज स्थित राजमाता अकादमी इंटर कॉलेज लखनऊ का यूपी बोर्ड 2025-26 का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा जिसके लिए विद्यालय के शिक्षक अभिभावक एवं सभी छात्रों का सहयोग रहा। स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी को शुभकामनाएं दी गयी। स्कूल के कक्षा 10 के छात्र अंश राहुल, पावनी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए व 12वीं कक्षा की छात्रा शिवानी एवं साक्षी ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों को सम्मानित किया गया। कक्षा 10 के छात्र अंश गुप्ता ने सभी विषयों में डिस्टिंक्शन मार्क प्राप्त किये।

प्राची अभिभावक समेत कालेज में हुई सम्मानित

लखनऊ। प्राची विश्वकर्मा को यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में इंटरमीडिएट में 77 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर उसके स्कूल दयानंद इंटर कालेज ने सम्मानित किया। उन्होंने इससे पूर्व हाईस्कूल में 71 प्रतिशत अंक अर्जित किये थे। प्राची ने बताया कि कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता है मेहनत करने से ही सफलता मिलती है। उसने बताया कि बीबीए करके मार्केटिंग में देश और प्रदेश का नाम रोशन करना है। प्राची की मां रेखा विश्वकर्मा गृहिणी और पिता अवधेश विश्वकर्मा प्राईवेट नौकरी करते है। प्राची ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।

ओबीसी आयोग का गठन न करने पर प्रमुख सचिव पंचायती राज को अवमानना नोटिस

विधि संवाददाता।

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने आगामी पंचायत चुनाव कराने से पहले गठित होने वाले ओबीसी कमीषन का गठन न होने को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख सचिव पंचायती राज को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने उनसे पूंछा है कि कितने समय में उक्त कमीषन का गठन हो जायेगा। कोर्ट ने प्रमुख सचिव से यह जानने के लिए मामले की अगली सुनवायी 19 मई के नियत किया है। यह आदेष जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने एम एल यादव की ओर से दाखिल एक अवमानना याचिका पर पारित किया है।

याची का कहना था कि उसने पूर्व में ओबीसी कमीषन गठन की मांग करते हुए एक जनहित याचिका दाखिल किया था। इस याचिका पर सुनवायी के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट के आष्वासन दिया था कि सरकार उक्त ओबीसी आयोग के गठन की प्रकिया में है। सरकारी अधिवक्ता के इस वक्तव्य पर भरोसा करते हुए कोर्ट ने गत 4 फरवरी 2026 के उक्त जनहित याचिका के निस्तारित कर दिया था।

याची का कहना था कि ओबीसी आयोग के गठन के बाद उसकी रिपोर्ट आयेगी जिसके आधार पंचायतों में आरक्षण तय किया जायेगा और उसके बाद ही पंचायत चुनावों की तारीख तय हो सकेगी। याची का आरोप था कि राज्य सरकार ने अभी तक ओबीसी आयोग का गठन नहीं किया गया है। जिससे पंचायत चुनावों में देरी होना निष्चित है। कहा गया कि सरकार जान बूझकर ओबीसी आयोग के गठन में देरी कर रह है जिससे पंचायत चुनाव टलना मजबूरी बन जायेगी।

याची की ओर से दिये गये तर्कों के सुनने के बाद पीठ ने माना कि कोर्ट में गत 4 फरवरी 2026 के दिये गये आष्वासन का पूरा न करना प्रथम दृष्टया अवमानना की श्रेणी में आता है। इसके बाद कोर्ट ने प्रमुख सचिव के नोटिस जारी कर जवाब तलब कर लिया।

फर्जी रजिस्ट्री का आरोपी एलडीए बाबू धीरज श्रीवास्तव बर्खास्त

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में फजी रजिस्ट्री करने के मामले में निलंबित कनिष्ठ लिपिक धीरज कुमार श्रीवास्तव को बर्खास्त कर दिया गया है। आरोपी कर्मी ने फजीर्वाड़ा करके अपनी आधिकारिक यूजर आईडी से एक भूखंड को फर्जी तरीके से आवंटित कर प्राधिकरण के पोर्टल पर चढ़ा दिया था। इसके साथ ही मूल पत्रावली को भी गायब कर दी थी। इस मामले में करीब तीन साल से जांच चल रही थी। वहीं इस मामले को लेकर गोमती नगर थाने में मुकदमा भी दर्ज करवाया गया था। आर्थिक अपराध शाखा ने हाल ही में एलडीए के भूखंडों की फर्जी रजिस्ट्री करने के आरोपी धीरज श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद बुधवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बाबू को बर्खास्त किए जाने का आदेश जारी कर दिया है।

गोमती नगर योजना के विनम्र खंड स्थित संपत्ति संख्या 3/222-ए को प्राधिकरण के पोर्टल पर संदिग्ध तरीके से दर्ज किया गया। इस मामले को लेकर शिकायत हुई थी। शिकायत के बाद प्रारंभिक जांच में ही अनियमितता सामने आने पर यूजर आईडी की जांच कराई गई थी। कंप्यूटर अनुभाग की ओर से किए गए दस्तावेज में सामने आया कि ये एंट्री यूजर आईडी कोड-3014 से की गई थी, जो धीरज श्रीवास्तव के नाम पर जारी थी। यहीं से पूरे फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ। बर्खास्त कर्मी ने प्रियदर्शिनी योजना के भवन संख्या 1/67 में भी गड़बड़ी की थी। फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर फर्जी निबंधन करवा दिया था। इसके साथ ही अपने परिजनों को भूखंडों का फर्जी तरीके से आवंटन भी करवाया था। एलडीए ने तीन साल पहले 3 दिसंबर को इस मामले को लेकर गोमती नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसे 17 दिसंबर को निलंबित किया गया। गोमती नगर थाने से केस को आर्थिक अपराध शाखा स्थानांतरित किया गया था।

आरोपी एलडीए के भूखंडों को कूटरजित तरीके से फर्जी रजिस्ट्री कर देता था। आरोपी श्रीपुरम त्रिवेणी नगर का रहने वाला है। 22 जनवरी को आरोपी के खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। मार्च 2023 को आरोप पत्र जारी किया गया था। नवंबर 2025 में जांच पूरी हुई थी। जिसके बाद आगे की कार्यवाही के लिए शासन को पत्र भेज दिया गया था। प्राधिकरण के सूत्रों के अनुसार बाबू को पांच बार निलंबित किया जा चुका है।

आईआईटी में दाखिला चाहते हैं योजित भट्ट

लखनऊ। रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल सेक्टर-6 विकास नगर शाखा के योजित भट्ट ने 92.06 प्रतिशत अंकों के साथ आईसीएसई में परीक्षा पास की है। उन्होंने बताया कि मेरा लक्ष्य अपने चुने हुए क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करना और लगातार कड़ी मेहनत के जरिए अपने परिवार और शिक्षकों को गौरवान्वित करना है। मैं कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा और अपनी भविष्य की पढ़ाई और करियर में सफलता पाने का लक्ष्य रखूंगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने माता-पिता और शिक्षकों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। मेरा लक्ष्य जेईई की तैयारी करना और आई आईटी में दाखिला पाना है। मैं विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अपने ज्ञान का उपयोग करके ऐसे व्यावहारिक समाधान तैयार करना चाहता हूं, जिनसे समाज को लाभ पहुंचे। योजित के पिता गिरिश चंद्र भट्ट प्राइवेट जॉब करते हैं जबकि माता दीपिका भट्ट गृहिणी है।

केजीएमयू में रोबोट की मदद से होगा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद ने गुरुवार को बताया कि करीब 45 करोड़ रुपये की इन परियोजनाओं में रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण से लेकर आधुनिक एमआरआई और डिजिटल एक्सरे समेत दूसरी सुविधाएं हैं। वहीं, केजीएमयू अब यूपी का पहला सरकारी अस्पताल बन गया है, जहां रोबोट की मदद से जॉइंट रिप्लेसमेंट होगा। केजीएमयू के ऑथोर्पेडिक सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में आठ करोड़ रुपये की लागत से रोबोट स्थापित किया। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि सोमवार से नियमित रोबोट तकनीक से घुटना प्रत्यारोपण होंगे। आने वाले समय में हम एआई रोबोटिक्स एवं प्रिसीजन मेडिसिन को विभिन्न विभागों में एकीकृत करेंगे। हड्डी रोग विभाग के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार ने कहा कि रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण से ऑपरेशन की सटीकता बढ़ेगी। बेहतर इम्प्लांट पोजिशनिंग होगी। रक्तस्राव कम होगा।

कागजों पर चल रही एमआरआई मशीन की खरीद

- बलरामपुर अस्पताल में प्रतिदिन 30 से 35 मरीजों को लिखी जाती है जांच
- केजीएमयू व लोहिया संस्थान में वेटिंग के चलते निजी केन्द्रों से मरीज कराते जांच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरकार की तरफ लगातार दावे किये जाते रहे हैं कि लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दिलाना प्राथमिकता है लेकिन बलरामपुर अस्पताल की तस्वीर कुछ उलट दिखती है। यहां पिछले छह साल से एमआरआई मशीन लगाने की कवायद चल रही है लेकिन अभी मशीन की खरीद कागजों तक सीमित है। मरीज जांच के लिए परेशान हो रहे हैं। औसतन प्रतिदिन ओपीडी, इमरजेंसी और वार्ड मिलाकर डाक्टर 30 से 35 मरीजों को जांच खिलते हैं लेकिन यह जांच कराना काफी कठिन कार्य है। मरीज को एमआरआई जांच केजीएमयू या लोहिया संस्थान में जांच कराने के लिए लिखा जाता है।

बृहस्पतिवार को अस्पताल की न्यू बिल्डिंग में भर्ती एक मरीज के तीमारदार सुरेश चंद्र कहते हैं कि केजीएमयू में एमआरआई की जांच कराने पहुंचे तो कई मरीज वेटिंग में थे। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर तैनात कर्मचारी ने बताया कि यहां बलरामपुर अस्पताल का पर्चे नहीं चलेगा, जाओ पहले यहां का पर्चे बनवाओं में संबंधित विभाग के डाक्टर से लिखवाकर लाओ, फिर जांच होगी। सुरेश चंद्र

कहते हैं कि इतनी दौड़-धूप करने से बेहतर निजी केन्द्र से जांच कराना है। भले ही जांच के लिए थोड़े ज्यादा पैसे देने पड़े। केजीएमयू में एमआरआई जांच की फीस 3500 रुपये है। कुछ ऐसी ही कहानी अन्य मरीज के तीमारदार भी बताते हैं।

बलरामपुर अस्पताल में एमआरआई जांच शुरू करने की कवायद पिछले कई वर्षों से की जा रही है। वर्ष 2016 में संसाधनों को अत्याधुनिक करने के लिए शासन से एमआरआई मशीन समेत 9 करोड़ रुपये के अन्य उपकरणों की मांग की गयी। तत्कालीन सीएमएस डा. राजीव लोचन ने प्रस्ताव में एमआरआई मशीन की मांग की थी। करीब के साल बाद एमआरआई मशीन के लिए शासन ने बजट जारी कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने दावे किये थे कि जल्द ही मशीन खरीद कर इंस्टॉल करवा दी जाएगी। मशीन चलाने के लिए अस्पताल के तीन एक्सरे टेक्नीशियन को लोहिया संस्थान में तीन महीने का प्रशिक्षण लेकर आये। एमआरआई भवन बनकर तैयार हो गया लेकिन मशीन की खरीद की रफ्तार कागजों पर इतनी धीमी रही कि अस्पताल प्रशासन एमआरआई भवन को गोदाम के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। स्वास्थ्य कर्मी बताते हैं कि हाल के वर्षों में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक जब अस्पताल आए तो मीडिया कर्मियों ने उनसे एक ही सवाल बार-बार किया कि आखिर एमआरआई कब शुरू होगी, जवाब जल्द शुरू होगी।

इस संबंध में अस्पताल के निदेशक डा. कविता आर्या से पूछा गया कि स्पष्ट उत्तर नहीं दे पायीं। उन्होंने बताया कि यूपी ड्रग कारपोरेशन के माध्यम से मशीन खरीदी जानी है, इसकी प्रक्रिया चल रही है।

क्या है एमआरआई जांच

एमआरआई एक आधुनिक डायग्नोस्टिक तकनीक है, जिसमें शक्तिशाली मैग्नेट और रेडियो वेव्स की मदद से शरीर के अंदरूनी अंगों की हाई-रेजोल्यूशन इमेज ली जाती है। यह स्कैनिंग प्रक्रिया पूरी तरह से नॉन-इनवेसिव होती है यानी इसमें किसी भी तरह की चीर-फाड़ नहीं की जाती है। एमआरआई (मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग) स्कैन का उपयोग शरीर के अंदर छुपी बीमारियों को पकड़ने और उन्हें सही तरीके से डायग्नोज करने के लिए किया जाता है। यह स्कैन विशेष रूप से तब किया जाता है, जब सामान्य एक्सरे या अल्ट्रासाउंड से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाती है तो डाक्टर एमआरआई स्कैन की सलाह देते हैं।

जनगणना 2027 का तीन सप्ताह चलेगी स्वगणना प्रक्रिया

लखनऊ। विकास भवन स्थित सभागार में जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के 7 से 21 मई 2026 तक संचालित होने वाली स्वगणना प्रक्रिया की कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन से संबंधित सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी बिंदुओं पर विभिन्न विभागों द्वारा नामित नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान कर निर्धारित अवधि में स्वगणना सुनिश्चित कराएं। इसके लिए प्रत्येक कार्यालय में स्वगणना संबंधी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए, जिससे कार्मिकों को प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो और किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वगणना कराए जाने प्रभावी प्रयास किए जाएं। जिलाधिकारी द्वारा ऑनलाइन स्वगणना की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक परिवार से एक सदस्य पोर्टल पर जाकर स्वगणना पूर्ण करे तथा प्राप्त आईडी को सुरक्षित रखे।

हिंदू समाज में समाप्त हो भेदभाव : नरेंद्र ठाकुर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू समाज में जाति, भाषा, प्रांत आदि के आधार पर भेदभाव समाप्त होना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगा है। इसके लिए 32 से अधिक संगठन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। ये बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर ने गुरुवार को नारद जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में कहीं।

उन्होंने कहा कि आरएसएस की 100 वर्ष की यात्रा सामान्य यात्रा नहीं है। हमारे कार्यकर्ताओं ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। संघ विश्व में भारत माता की जय जयकार के लिए कार्य करता है। भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाना संघ का उद्देश्य है। प्रथम सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार को याद करते हुए उन्होंने कहा कि संघ व्यक्ति निष्ठ नहीं, तत्व निष्ठ बनने में विश्वास करता है। इसीलिए हमने किसी व्यक्ति को नहीं बल्कि परम पवित्र भगवा ध्वज को गुरु माना। उन्होंने कहा कि संघ की 85000 से अधिक दैनिक शाखाएं और 32000 से अधिक साप्ताहिक मिलन चल रहे हैं। वनवासी क्षेत्रों से लेकर नगरों तक अनगिनत सामाजिक कार्य स्वयंसेवक चला रहे हैं। नरेंद्र ठाकुर ने संघ के भविष्य की कार्य योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि पंच परिवर्तन का कार्य समाज में चल रहा है। सामाजिक समरसता के माध्यम से हम हिंदू समाज के बीच हर प्रकार का भेदभाव मिटाना चाहते हैं। शताब्दी वर्ष में हिंदू सम्मेलनों में समाज के सभी वर्ग एक साथ आए और सहयोग किया। कुटुम्ब प्रबोधन के जरिए संघ चाहता है कि पारिवारिक व्यवस्था ठीक रहे तो समाज भी ठीक रहेगा। पर्यावरण संरक्षण भी समाज का प्रमुख कर्तव्य होना चाहिए। इसी प्रकार सभी को नागरिक कर्तव्यों का बोध होना चाहिए। हर व्यक्ति देश, समाज के प्रति अपने कर्तव्य को समझे।

यूजीसी दिशा निर्देशों को लेकर किए गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। कार्यक्रम में संयुक्त प्रचार प्रमुख कृपा शंकर, पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष, सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख एवं राष्ट्रधर्म के निदेशक मनोजकांत, प्रांत प्रचारक कौशल, प्रांत संघचालक सरदार स्वर्ण सिंह, विश्व संवाद केंद्र के प्रमुख डॉ. उमेश, विश्व संवाद केंद्र न्यास के उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा, प्रांत के विशेष संपर्क प्रमुख प्रशांत भाटिया, मीडिया संवाद एवं सम्पर्क प्रमुख बृजनन्दन राजू सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकार एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

महत्वपूर्ण नंबर

वूमेन पावर लाइन	1090
पुलिस	100
	2629999
पुलिस स्टेशन गंज	2622556

फायर स्टेशन

हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस

मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

एडीजी आलोक सिंह को मिली प्रोन्नति: एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह को डीजी के पद पर प्रोन्नत किया गया है। डीजी ईओडब्ल्यू नीरा रावत का गुरुवार को सेवाकाल समाप्त होने पर 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी आलोक सिंह को वरिष्ठता के क्रम में पदोन्नति मिली। वह पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर समेत अन्य महत्वपूर्ण पदों पर तैनात रहे हैं। उन्हें जल्द नई जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। पुलिस विभाग में कई अधिकारियों को जल्द इधर से उधर किया जा सकता है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे फ्लैट नं.- 301 गोल्फ लिंक अपार्टमेंट, 98 पार्क रोड, लखनऊ की रजिस्ट्री एवं सेलडीड के पेपर वास्तव में कहीं खो गये हैं। दीपमाला सिंह पत्नी अजीत सिंह सोलांकी नि.- 301 गोल्फ लिंक अपार्टमेंट, 98 पार्क रोड, लखनऊ। FIR No. 20260000388480

सूचना

सूचित हो कि शपथी का सही नाम मोहम्मद शकील (MOHAMMAD SHAKEEL) है, तथा उसके आधार कार्ड व पैन कार्ड पर भी उसका सही नाम अंकित है। शपथी के पासपोर्ट में त्रुटिवश (MOHAMMAD SHAKIL) दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। शपथी के पासपोर्ट में उसका सही नाम मोहम्मद शकील (MOHAMMAD SHAKEEL) दर्ज किया जाये। उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **मोहम्मद शकील पुत्र शरीफ निवासी-हरदोई रोड, प्रगति आश्रम के पीछे चौक, लखनऊ, उ.प्र.**

प्रेम जाल में फंसाकर सहकर्मी ने किया दुष्कर्म

लखनऊ। आशियाना क्षेत्र में दवा कंपनी में काम करने वाली महिला एमआर को प्रेम जाल में फंसाकर सहकर्मी ने दुष्कर्म किया। विरोध पर शादी का वादा कर यौन शोषण करता रहा। गर्भवती होने पर शादी से इंकार कर दिया। सीएम पोर्टल पर शिकायत की तो आरोपी ने समझौता कर आर्य समाज मंदिर में शादी रचाई। फिर धोखे से गर्भपात करा दिया। यही नहीं दहेज और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर प्रताड़ित किया। विरोध पर पिटाई कर घर से बाहर कर दिया। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के आदेश पर आशियाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।बंगला बाजार निवासी 37 वर्षीय पीड़िता एक दवा कंपनी में मेडिकल रिप्रजेन्टेटिव है।

बिना सुरक्षा मानकों के चल रही थी बेसमेंट में खुदाई

विभूतिखंड में निर्माणाधीन अस्पताल के बेसमेंट में मिट्टी धंसी, दो मजदूर दबे, एक की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विभूतिखंड क्षेत्र में गुरुवार सुबह को एनटीपीसी कार्यालय के सामने निमार्णाधीन अस्पताल आरोग्यम मेडिकेयर के बेसमेंट में खोदाई के दौरान मिट्टी खिसक गई। हादसे में मिट्टी में दबने से 35 वर्षीय मजदूर लक्ष्मी शंकर अवस्थी की मौत हो गई, जबकि साथी तुलसीराम गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि ठेकेदार बिना मिट्टी के टीले (दीवार) में बैरीकेडिंग से रुकावट किए खोदाई करा रहा था। घटना की जानकारी पर आला अफसर पहुंचे। दमकल, पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर मजदूरों को निकाला। एसीएम सचिन वर्मा ने मृतक आश्रित परिवार को आपदा राहत कोष से चार लाख रुपये की आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। वहीं, पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें ठेकेदार द्वारा बरती गई लापरवाही व अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही हैं।

एफएसओ गोमतीनगर सुशील कुमार यादव ने बताया कि ठेकेदार द्वारा बिना सुरक्षा मानकों के बेसमेंट में मजदूरों से खोदाई कराई जा रही थी। अगर सुरक्षा मानक पूरे होते तो हादसा इतना बड़ा न होता। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक हादसे में मृत मजदूर लक्ष्मी शंकर बाराबंकी के कीरतपुर के अमौली निवासी था। वहीं, घायल सफदरगंज के भीकम पट्टी गांव के रहने वाले हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि जिस भूखंड संख्या (टीसी-13 वी 17 बी साढ़े सात सौ वर्ग मीटर) पर आरोग्यम मेडिकेयर अस्पताल का निर्माण चल रहा है। वह यादवेंद्र नाथ चौबे और उनकी पत्नी पल्लवी के नाम से है। गुरुवार सुबह मजदूर लक्ष्मी शंकर, तुलसीराम और दो अन्य मजदूर बेसमेंट में पिलर के लिए खुदाई कर रहे थे। इस बीच एकाएक मिट्टी धंस गई। दो मजदूर भागे जबकि लक्ष्मी शंकर और तुलसीराम दब गए। आनन फानन में साथी मजदूरों ने दोनों को मिट्टी से निकालने की कोशिश की पर सफलता नहीं मिली। सूचना पर गोमतीनगर फायर स्टेशन से टीम पहुंची। सभी ने मिलकर रेस्क्यू शुरू किया। टीमों ने मिलकर मजदूरों को खोज लिया। आनन फानन दोनों को लेकर लोहिया अस्पताल पहुंची। लोहिया में डॉक्टरों ने लक्ष्मी शंकर को मृत घोषित कर दिया, जबकि तुलसीराम की हालत नाजुक देख भर्ती कर लिया। साथी मजदूरों और मृतक के परिवारीजनों ने निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी पर पुलिस अफसर और एसीएम सचिन वर्मा पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर अन्य मजदूरों से बात की। इंस्पेक्टर ने बताया कि अभी मृतक अथवा घायल के घरवालों ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। एफएसओ गोमतीनगर सुशील कुमार यादव ने बताया कि ठेकेदार द्वारा बिना सुरक्षा मानकों के बेसमेंट में मजदूरों से खुदाई कराई जा रही थी। अगर सुरक्षा मानक पूरे होते तो हादसा इतना बड़ा न होता।

इंस्पेक्टर विभूतिखंड के मुताबिक हादसे में मृत मजदूर लक्ष्मी शंकर बाराबंकी के कीरतपुर के अमौली निवासी था। वहीं, घायल सफदरगंज के भीकम पट्टी गांव के रहने वाले हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि जिस भूखंड संख्या (टीसी-13 वी 17 बी साढ़े सात सौ वर्ग मीटर) पर आरोग्यम मेडिकेयर अस्पताल का निर्माण चल रहा है। वह यादवेंद्र नाथ चौबे और उनकी पत्नी पल्लवी के नाम से है। गुरुवार सुबह मजदूर लक्ष्मी शंकर, तुलसीराम और दो अन्य मजदूर बेसमेंट में पिलर के लिए खोदाई कर रहे थे। इस बीच एकाएक मिट्टी धंस गई। दो मजदूर भागे जबकि लक्ष्मी शंकर और तुलसीराम दब गए। आनन फानन साथी मजदूरों ने दोनों को मिट्टी से निकालने की कोशिश की पर सफलता नहीं मिली। सूचना पर गोमतीनगर फायर स्टेशन से एफएसओ सुशील कुमार यादव, विभूतिखंड पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम पहुंची। सभी ने मिलकर रेस्क्यू शुरू किया। दो टीमों ने मिट्टी हटाने का काम शुरू किया जबकि एक टेलीटेक्टर (उपकरण) से मजदूरों को ट्रेस करने लगी।

टीमों ने मिलकर मजदूरों को खोज लिया। आनन फानन दोनों को लेकर लोहिया अस्पताल पहुंची। लोहिया में डॉक्टरों ने लक्ष्मी शंकर को मृत घोषित कर दिया, जबकि तुलसीराम की हालत नाजुक देख भर्ती कर लिया। पुलिस ने घटना की जानकारी हादसे में मृत लक्ष्मी शंकर और घायल तुलसीराम के परिवारीजनों को दी। घरवाले पहुंच गए। साथी मजदूरों और मृतक के परिवारीजनों ने निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी पर पुलिस अफसर और एसीएम सचिन वर्मा पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर अन्य मजदूरों से बात की। एसीएम ने मृतक के परिवारजन क आपदा राहत कोष से चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की बात कही। इसके साथ ही लेखपाल से हादसे की रिपोर्ट तलब की गई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि अभी मृतक अथवा घायल के घरवालों ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही लापरवाही के बिंदु पर जांच की जा रही है जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

खुदाई के यह हैं मानक: खुदाई के दौरान मिट्टी की दीवार अथवा टीले को धंसने से रोकने के लिए बैरीकेडिंग कर रुकावट करनी चाहिए। ताकि मिट्टी न धंसे। खुदाई वाली जगह के चारों ओर कम से कम एक से डेढ़ मीटर ऊंची फेंसिंग या बैरिकेड लगाएं। रात की सुरक्षा के लिए रेड लाइट या रिफ्लेक्टिव पेंट का उपयोग करें। खोदी गई मिट्टी, मशीनरी या अन्य निर्माण सामग्री को खाई के किनारे से कम से कम दो फीट (0.61 मीटर) दूर रखनी चाहिए। डेढ़ मीटर से अधिक गहरी खाई में उतरने के लिए सीढ़ियां या रैंप का उपयोग होना चाहिए।

एलडीए से पास है आरोग्यम मेडिकेयर के निर्माण का नक्शा

लखनऊ। गोमती नगर के विभूति खण्ड में निमार्णाधीन भवन व्यावसायिक भूखण्ड संख्या-टीसी-13-वी-17-बी है। यहां यादवेन्द्र नाथ चौबे एवं पल्लवी चौबे की ओर से क्षेत्रफल लगभग 750 वर्गमीटर के इस भूखंड पर आरोग्यम मेडिकेयर का निर्माण कराया जा रहा है। एलडीए के मानचित्र सेल के अनुसार भवन निर्माण के लिए 15 दिसम्बर, 2025 को प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराया गया है, जोकि 14 दिसम्बर, 2030 तक वैध है। वहीं, गुरुवार को घटना की सूचना मिलने पर उपाध्यक्ष के निर्देश पर अपर सचिव सीपी त्रिपाठी व प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी प्रर्वतन की टीम के साथ जांच के लिए तत्काल मौके पर पहुंचे। इस दौरान जांच में पाया गया कि भूखण्ड पर बेसमेंट, ग्राउंड, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल के निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृत है। स्थल पर प्रारंभिक स्तर पर बेसमेंट के पिलर की कास्टिंग का कार्य कराया जा रहा था, जिसमें स्वीकृत मानचित्र से किसी भी तरह का विचलन नहीं पाया गया। निर्माणकर्ता की ओर से बेसमेंट की खुदाई से सम्बंधित खनन का परमिट भी प्रस्तुत किया गया। जोनल अधिकारी ने बताया कि निर्माणकर्ता को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये गये हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत मसिनाखास विकास खण्ड मिठवल जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत मसिनाखास विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 07.05.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय मसिनाखास के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 07.05.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मसिनाखास के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मसिनाखास कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत मसिनाखास के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

आयशा खातून	**श्री अनुपम पांडेय**
प्रधान	**सचिव**
ग्राम पंचायत मसिनाखास	**ग्राम पंचायत मसिनाखास**
सिद्धार्थनगर।	**सिद्धार्थनगर।**

कार्यालय ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां विकास खण्ड मिठवल जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 07.05.2026 को 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय करही मस्जिदियां के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 07.05.2026 को 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

इलियाश अहमद	**श्री अनुपम पांडेय**
प्रधान	**सचिव**
ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां	**ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां**
सिद्धार्थनगर।	**सिद्धार्थनगर।**

सैलरी पैकेज नवीनीकरण के लिए तीन साल का एमओयू हस्ताक्षरित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उ.प्र. पुलिस एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के मध्य सैलरी पैकेज नवीनीकरण के लिए तीन साल का एमओयू हस्ताक्षरित किया गया, जिससे पुलिस कर्मियों के कल्याण को सशक्त समर्थन मिलेगा। इसमें मृत पुलिसकर्मियों के आश्रित परिजनों को पुलिस सैलरी पैकेज के अन्तर्गत करीब 41 करोड़ 60 लाख रुपए के चेक प्रदान किये गये। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण की उपस्थिति में गुरुवार को बैंक ऑफ बड़ौदा एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के मध्य पुलिस सैलरी पैकेज के नवीनीकरण के लिए तीन वर्षों की अवधि के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह समझौता ज्ञापन (एमओयू) 21 मार्च 2023 को हस्ताक्षरित किया गया था, जिसकी अवधि 20 मार्च 2026 को पूर्ण होने के बाद पुलिसकर्मियों के कल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए इसका नवीनीकरण किया गया है। यह (एमओयू) 21 मार्च 2026 से प्रभावी होगा।

सैलरी पैकेज के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्मिकों को व्यापक बैंकिंग सुविधाओं के साथ-साथ बीमा संबंधी महत्वपूर्ण लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। इस पैकेज के तहत पुलिसकर्मियों को लगभग 2-30 करोड़ रुपये तक का बीमा कवर उपलब्ध कराया जाता है, जो आंशिक एवं स्थायी दिव्यांगता तथा आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में कर्मियों एवं उनके आश्रितों को महत्वपूर्ण आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। पुलिस महानिदेशक उ.प्र. ने विश्वास व्यक्त किया कि यह नवीनीकृत समझौता ज्ञापन (एमओयू) उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्मिकों एवं उनके परिवारों की वित्तीय सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करेगा तथा भविष्य में भी इस प्रकार की जनहितकारी एवं कल्याणकारी पहलों को प्रोत्साहित करेगा। उक्त समझौता ज्ञापन (एमओयू) के नवीनीकरण के अंतर्गत सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों एवं उनके आश्रितों (फैमिली पेंशनरों) को भी दुर्घटना संबंधी विशेष सुविधाएं प्रदान किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 ने विभिन्न जनपदों में अलग-अलग तिथियों में मृत पुलिस कर्मियों के शोक संतप्त आश्रित परिजनों एवं सड़क/ट्रेन दुर्घटनाओं में दिव्यांग हुए पुलिस कर्मियों को बैंक ऑफ बड़ौदा] पुलिस सैलरी पैकेज (पीएसपी) के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि का चेक प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा से किये गये समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत आकस्मिक दुर्घटना में मृत/दिव्यांग पुलिस कर्मियों को पुलिस सेलरी पैकेज (पीएसपी) के अंतर्गत पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा 22 मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों एवं 05 दिव्यांग पुलिस कर्मियों को कुल 27 लोगों को 41 करोड़ 60 लाख रुपए के चेक प्रदान किये गये। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक रेलवे, अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे, पुलिस उपमहानिरीक्षक, भवन/कल्याण सहित बैंक आफ बडौदा के महाप्रबन्धक, उप महाप्रबन्धक एवं शाखा प्रबन्धक उपस्थित रहें।

मेट्रो स्टेशन से अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ। नाका हिण्डोला पुलिस ने चारबाग मेट्रो स्टेशन से अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को चारबाग मेट्रो स्टेशन के अंदर स्कैनर मशीन द्वारा चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति के पास अवैध असलहा होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना नाका हिण्डोला पुलिस टीम मौके पर गयी और अभियुक्त वेदांग अग्निहोत्रि पुत्र सुनील कुमार अग्निहोत्रि निवासी 140/2 महेश गली जनपद हरदोई, हालपता ए-504 चतुर्थ तल अशार्मांधव रेजीडेंसी सतरिक रोड चिनहट थाना बीबीडी को चारबाग मेट्रो स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

मां व बेटी संग दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

लखनऊ। पीजीआई पुलिस ने पीड़िता व उसकी नाबालिग पुत्री का उत्पीड़न करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि अभियुक्त पीड़िता की नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकतें एवं छेड़छाड़ करता था। विरोध करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर प्रताड़ित करता था। पीड़िता के जेवर व अन्य सामान अपने कब्जे में रखकर उसे घर से निकाल दिया था।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा० पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:-

क्रम सं.-1, निविदा सं.: वमंविइ-लजं०-02-2026, कार्य का विवरण: एसटीपी-एसपीसी, बीवीएन-बीयूडब्ल्यू के बीच शेष विविध कार्यो को पूरा करने के लिये विद्युत कार्य, एसएसई/एसटीपी खंड में दोहरीकरण परियोजना, एलजेएन-डिवीजन के ऊपर बीवीएन, एलजेएन-डिवीजन के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफार्मों पर 30 और 70 प्रतिशत प्रकाश का पृथक्करण, बीयूडब्ल्यू स्टेशन पर विद्युत डिपो कार्यालय का प्रावधान, सिदौली और आटरिया में यात्रियों की आवश्यकता के अनुसार यात्री सुविधाओं में सुधार और एमबीपी पर स्टेबलिंग लाइनों का प्रावधान, स्टेशन भवन का अग्रभाग कार्य और एलएमपी स्टेशन पर परिसंचार क्षेत्र में अन्य संबंधित विविध कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 1,74,61,309.86, बयाना राशि: ₹ 3,49,200/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह। **क्रम सं.-2,** निविदा सं.: वमंविइ-लजं०-01-2026, कार्य का विवरण: एमबीपी में स्टेबलिंग लाइन की व्यवस्था, एएसएच में मनोरंजन केन्द्र का सुधार, एलजेएन-एसटीपी में इटौंजा हॉल्ट को तीन लाइन ऑसिंग स्टेशन में परिवर्तित करना, बी.बाग ऑफिसर्स कॉलोनी का सुधार, एलजेएन डिवीजन पर जल आपूर्ति प्रणाली का सुधार से संबंधित विद्युत कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 1,36,62,018.93, बयाना राशि: ₹ 2,73,300/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह।

• उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय: 25-05-2026 को 15:00 बजे।

नोट: इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट ***http://www.ireps.gov.in*** को देखें। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत-26 **लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

दोस्तों संग घूमने गये युवक की सड़क हादसे में मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ठाकुरगंज स्थित बालागंज मोहल्ले में बुधवार देर रात दोस्तों संग घूमने गए युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। देर रात घर न पहुंचने पर मां ने फोन किया तो दोस्तों ने हादसे की बात बतायी। परिजन अस्पताल पहुंचे तो दोस्त वहां से भाग निकले। परिजन ने अनहोनी की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। वहीं, पुलिस घटना को हादसा बता रही है।

इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि अभिनव चौधरी (19) सआदतगंज के मोज्जमनगर का रहने वाला था। पिता मनोज ने बताया कि बुधवार रात खाना खाने के बाद दोस्तों संग घूमने की बात कहकर घर से निकला था। रात 12 बजे तक घर न आने पर मां सरोज ने बेटे के मोबाइल पर कॉल की। फोन उसके दोस्त ने उठाया, बताया कि अभिनव का एक्सीडेंट हो गया है और उसकी हालत गंभीर है। उसे ऐरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही घरवाले अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक अभिनव की मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही ठाकुरगंज पुलिस पहुंची। परिवारवालों ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद साथ मौजूद दोस्त उसे अस्पताल छोड़कर फरार हो गए। पिता मनोज ने अनहोनी की आशंका जताई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच की जा रही है। घरवालों ने बताया कि कुछ दिनों पहले अभिनव ने इंटर अच्छे नंबरों से पास किया था। वह पढ़ने में बहुत होनहार था।

नर्सिंग की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान: इन्दिरानगर थाना क्षेत्र में नर्सिंग की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। इंदिरानगर बी-ब्लॉक में मानसिक तनाव से परेशान बीएसी नर्सिंग के छात्र ने बुधवार रात में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। खुदकुशी से पहले छात्र ने पिता को वीडियो कॉल कर बात की थी। पिता का कहना है कि युवती के दबाव में बेटा तनाव में था। इसी वजह से उसने जान दी है। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिजन ने अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी है। मूल रूप से बस्ती के बाईपोखर निवासी मेडिकल स्टोर संचालक राकेश का बेटा रवि प्रकाश (23) इंदिरानगर बी-ब्लॉक में किराए के मकान में रहता था। रवि संग भाई अमित भी रहता था। रवि प्रकाश निजी इंस्टीट्यूट में बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष का छात्र था। अमित पॉलिटेक्निक चौराहे के पास एक कंपनी में नौकरी करता है। बुधवार रात 8:29 बजे रवि प्रकाश ने पिता राकेश को व

बुद्ध पूर्णिमा आज, शहर में होगी भगवान बुद्ध की विशेष वंदना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बुद्ध पूर्णिमा को वैशाख पूर्णिमा या बुद्ध जयंती के नाम से जाना जाता है। बुद्ध पूर्णिमा दुनिया भर में बौद्ध समुदाय द्वारा मनाए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है।

हिंदू पंचांग के अनुसार, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को बुद्ध पूर्णिमा कहा जाता है। इस दिन गंगा स्नान और दान धर्म के कार्य का विशेष महत्व है। वैशाख पूर्णिमा एक अत्यंत पवित्र तिथि है, जिसे बुद्ध पूर्णिमा के रूप में भी जाना जाता है। बुद्ध पूर्णिमा 1 मई को मनाई जाएगी। इसी तिथि पर महात्मा बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण हुआ था, इसलिए यह तिथि हिंदू और बौद्ध दोनों धर्मों में विशेष महत्व रखती है। आइए जानते हैं सुख-शांति और पुण्य प्राप्ति के लिए आपको वैशाख पूर्णिमा के दिन क्या-क्या काम करने चाहिए।

बुद्ध पूर्णिमा की पूजन विधि : प्रातःकाल में स्नान के बाद सूर्यदेव को अर्घ्य देकर बहते जल में तिल प्रवाहित करें। पीपल के वृक्ष को भी जल अर्पित करना चाहिए। इस दिन चूंकि कुछ क्षेत्रों में शनि जयंती भी मनाई जाती है, इसलिए शनिदेव की तेल, तिल और दीप आदि जलाकर पूजा करनी चाहिए। शनि चालीसा का पाठ भी कर सकते हैं या फिर शनि मंत्रों का जाप कर सकते हैं, अपने सामर्थ्य के अनुसार दान-दक्षिणा भी अवश्य देनी चाहिए। बुद्ध पूर्णिमा के दिन बिहार के बोधगया में बोधिवृक्ष की पूजा की जाती है, वास्तव में यह एक पीपल का पेड़ है। इस दिन इसकी जड़ों में दूध और इत्र डाला जाता है और दीपक जलाए जाते हैं, वहीं कई लोग अपने-अपने क्षेत्र में पीपल की पूजा करते हैं। बुद्ध पूर्णिमा के दिन घर में भगवान सत्यनारायण की कथा के बाद पांच या सात ब्राह्मणों को मीठे तिल दान करने चाहिए। ऐसा करने से पापों का नाश होता है।

बुद्ध पूर्णिमा का महत्व : वैशाख पूर्णिमा भगवान बुद्ध के जीवन की तीन अहम चीजों से जुड़ी है। गौतम बुद्ध का जन्म, भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति और बुद्ध का निर्वाण के कारण भी विशेष तिथि मानी जाती है। मान्यता है की इसी वृक्ष के नीचे गौतम बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। ऐसे में बुद्ध पूर्णिमा के दिन पूरी दुनिया के बौद्ध मठों में भगवान बुद्ध के उपदेश सुने जाते हैं। उनके सभी अनुयायी उनकी शिक्षाओं को याद करते हैं और उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। भगवान बुद्ध ने हमेशा लोगों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कहते हैं कि अगर बुद्ध पूर्णिमा के दिन जल से भरा कलश और पकवान दान किए जाएं तो गौ दान करने के समान पुण्य प्राप्त होता है।

शांति और शुद्धि के लिए जरूर करें ये काम: पूर्णिमा के दिन किसी पवित्र नदी जैसे गंगा, यमुना आदि में स्नान करने का विशेष महत्व है। इससे शरीर और मन दोनों की शुद्धि होती है। अगर आपके लिए नदी में जाना संभव न हो, तो घर पर ही नहाने के पानी में थोड़ा-सा गंगाजल मिलाकर भी स्नान कर सकते हैं, जो फयदायी होता है। स्नान के बाद साफ-सुथरे सफेद खासकर सफेद रंग के कपड़े पहनें। अपनी श्रद्धा के अनुसार, आप इस तिथि पर भगवान बुद्ध और भगवान विष्णु की पूजा कर सकते हैं। मन की शांति के लिए बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध के वचनों का पाठ और 'शांतिपाठ' जरूर करें।

गौदान के समान है इन चीजों का दान: वैशाख या बुद्ध पूर्णिमा पर दान-पुण्य करने के साथ-साथ गरीबों व जरूरतमंदों को भोजन कराने का विशेष महत्व माना गया है। वैशाख पूर्णिमा के दिन ठंडी चीजों का दान करना महापुण्यकारी माना गया है। ऐसे में आप पानी से भरा मिट्टी का घड़ा दान कर सकते हैं। वैशाख पूर्णिमा पर यह दान करने से व्यक्ति को साक्षात 'गौदान' (गाय के दान) के समान पुण्य मिलता है। अपने पितरों को प्रसन्न करने के लिए आप पूर्णिमा के दिन किसी जरूरतमंद को पंखा, छाता, चप्पल, अन्न और रसीले फलों का दान जरूर करें।

पूर्णिमा की रात करें ये काम: पूर्णिमा की रात चंद्रमा को जल अर्पित करने से साधक को मानसिक शांति, शीतलता और सकारात्मक परिणाम मिलते हैं। चंद्रमा को अर्घ्य देते समय आप ऊं एं क्लीं सोमाय नमः मंत्र का जप कर सकते हैं। इसके साथ ही पूर्णिमा की रात को मुख्य द्वार पर दीपक भी जरूर जलाएं। इससे साधक को मां लक्ष्मी की कृपा मिलती है, जिससे धन संबंधी समस्याओं दूर होती हैं।

भूलकर भी न करें ये काम: पूर्णिमा के दिन क्रोध या वाद-विवाद करने से बचें। इस दिन पर बाल या नाखून न काटना भी अच्छा नहीं माना जाता। पूर्णिमा तिथि पर मांसाहार व शराब के सेवन से परहेस करना चाहिए। अगर आप पूर्णिमा का व्रत रखते हैं, तो दिन के समय सोने से बचना चाहिए।

1100 मोमबत्तियों से रौशन होगी बुद्ध प्रतिमा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में आज भगवान बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। विभिन्न बुद्ध विहारों में अनुयायी वंदना करेंगे।

बुद्ध पूर्णिमा पर सुबह से ही विभिन्न कार्यक्रम शुरू होंगे। जिसमें गौतम बुद्ध मार्ग के बोधिसत्व विहार, बालागंज बौद्ध विहार शांति उपवन, तथागत गौतम बुद्ध विहार कृष्णा नगर, बुद्ध विहार भीम नगर आलमबाग, रिसालदार पार्क, सेक्टर डी एलडीए कालोनी के पंचशील बुद्ध विहार में सुबह आठ बजे से आयोजन होंगे। वहीं पिपरसंड के शाक्य मुनि गौतम बुद्ध विहार, तेलीबाग के महामाया बुद्ध विहार, डॉ अम्बेडकर बुद्ध विहार छोटी जुग्गौली, इंदिरा नगर के यशोधरा बुद्ध विहार व आचार्य मोतीराम शास्त्री बुद्ध विहार, सुल्तानपुर रोड के करूणा बुद्ध विहार, मोहम्मद नगर मलिहाबाद के राहुल बुद्ध विहार, शहीद पथ के मैत्रेय बुद्ध विहार, राजाजीपुरम सेक्टर एफ के डॉ अम्बेडकर बुद्ध विहार व बुद्ध स्थली परिवर्तन चौक में सुबह 11 बजे से कार्यक्रम होंगे।

वहीं सनातन महासभा द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा पर सनातन समागम व आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन हरिद्वार की तर्ज पर झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर शाम 6:30 बजे होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने संयुक्त रूप से बताया कि बैशाख पूर्णिमा व भगवान बुद्ध जयंती पर सनातन समागम में सांस्कृतिक संध्या के साथ हाइस्कूल/इंटर के मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान होगा और नशा व अपराध मुक्त उ.प्र. विषयक स्लोगन, पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता होगी साथ ही दीपदान संकल्प लिया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान बुद्ध की झांकी और अन्य कथक नृत्य प्रस्तुत किये जायेंगे और 05 विभूतियों को सनातन शिरोमणि सम्मान भी दिए जाएंगे।

बुद्ध जयंती पर सुबह होगी पंचशील पूजा: बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर 1 मई को शहर के विभिन्न बुद्धविहारों में अनुष्ठान होंगे। परिवर्तन चौक पर समन्वय सेवा समिति की ओर से शाम पांच बजे भगवान बुद्ध प्रतिमा पर 1100 मोमबत्तियों रौशन की जाएंगी। भगवान बुद्ध की जयंती, ज्ञान प्राप्ति और निर्वाण तीनों वैशाख की पूर्णिमा को हुआ था। बोद्ध धर्मकुर सभा की ओर से 156 गौतम बुद्ध मार्ग पर स्थित बोधिसत्व विहार में भगवान बुद्ध की जयंती पर सुबह 9 बजे पंचशील पूजा होगी। रिसालदार पार्क के पास स्थित विहार में भारतीय बौद्ध समिति की ओर से त्रिविधि पावनी पूर्णिमा पर सुबह 8 बुद्ध पूजा, सामूहिक बुद्ध वंदना और शीलग्रहण होगा। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान की ओर से शोभा यात्रा शाम चार बजे हजरतगंज अम्बेडकर प्रतिमा से रिसालदार बौद्ध विहार तक निकाली जाएगी। रात नौ बजे उपासकों को भोजनदान करवाया जाएगा। इसके अलावा शहर में एलडीए कानपुर रोड स्थित महेन्द्र बुद्ध विहार में विविध अनुष्ठान होंगे।

रथ हीलत जाये रथ डोलत जाये...

लखनऊ। गुरुवार को गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। संस्था की संस्थापक रंजना मिश्रा ने बताया कि आज गुरुवार को कार्यशाला का शुभारंभ कर रही है, जिसमें वरिष्ठ लोकगायिका इन्दिरा श्रीवास्तव के निर्देशन में शुरू हो रहा है जो कि बिलुप्त हो रहे पुराने अवधी गीतों को सिखाया जिसमें रथ हीलत जाए रथ डोलत जाए, दूसरा गीत एही मासे चिठिया लिखाय ..., मैं जालिम चोर बजनी...गीत सिखाई। जिससे आने वाली पीढ़ी अपनी लोक परंपरा से परिचित हो सके, साथ ही आकाशवाणी की एक डेढ़ कलाकार रंजना मिश्रा भी 5म ई से पांच दिन अवधी लोकगीत वास्तुखण्ड गोमतीनगर में सिखाएंगी। कार्यशाला की शुरूआत देवी गीत से करें गी। उसके पश्च.चात सोहर, नकटा, सरिया, लोक भजन इत्यादि...सिखाई जाएगी। उन्होने बताया कि वो लगभग 10गीत सिखाएगी जो के सभी अवसर पर आधारित होंगे।

उपाध्यक्ष अमित ने बताया कि कार्यशाला में अल्पना श्रीवास्तव, रमा सिंह, सुनीता निगम, नीलम तिवारी, लता तिवारी, सुषमा , रंजना सिंह, नवनीता जफा, अनुराधा गुप्ता, सुनीता चौरसिया ,माधुरी सिंह, अमिता द्विवेदी, प्रतिमा त्रिपाठी, निकिता मिश्रा सहित 30 महिलाये करेंगे, जिनमें बड़ा उत्साह देखा गया जो हमारी संस्कृति व परम्परा के लिए अत्यन्त आवश्यक है , और जो लोग सीखना चाहते है वो संस्था से संपर्क कर सकते है।

शहर के गुरुद्वारों में गुरु अमर दास जी के प्रकाश पर्व पर सजा विशेष दीवान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। निआसरों के आसरे, निमानियों के मान, नितानियों के तान, निआसरों के आसरे सिखों के तीसरे गुरु साहिब श्री गुरु अमरदास जी महाराज का प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) आज श्री गुरूसिंह सभा, ऐतिहासिक श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला सहित लखनऊ के सभी गुरुद्वारों में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर शाम का विशेष दीवान 6.30 बजे श्री रहिरास साहिब के पाठ से आरम्भ हुआ जो रात्रि 10.00 बजे तक चला। जिसमें हजूरी रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में शबद कीर्तनः-भले अमरदास गुण तेरे, तेरी उपमा तोहे बन आवै। गायन एवं समूह संगत को नाम सिमरन करवाया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने श्री गुरु अमरदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरू जी का जन्म अमृतसर में हुआ था। आपके पिता जी का नाम श्री तेजभान जी व माता जी का नाम सुलखणी जी था। आप का जीवन बड़ा महान था, कहते है कि जब तक मनुष्य को मन की शान्ति तब तक मनुष्य इधर-उधर भटकता रहता है। इनका जीवन भी कुछऐसा ही था गुरु बनने से पहले आप जी ने कई बार तीर्थों की यात्रा की, पर मन को शान्ति न मिल सकी। एक बार अपने ही घर में ही गुरु अंगद देव जी की सपुत्री बीबी अमरो जी से गुरु जी की बाणी सुनी और गद्गद हो गये, पूछने पर पता चला कि यह श्री गुरु नानक देव जी की बाणी है, उनकी गद्दी पर श्री गुरु अंगद देव जी बैठे हुए हैं। आप खडूर साहिब में आकर गुरु जी के दर्शन कर निहाल हुए, तभी से श्री गुरु अंगद देव जी की सेवा में जुट गये उस समय आपकी उम्र 62 वर्ष की थी इतनी उम्र मे आधी रात को उठकर ब्यास दरिया से पानी का कलश लाकर रोज गुरु जी को स्नान कराते थे और दिन रात उनकी सेवा मे जुटे रहते थे 72 वर्ष की आयु मे सेवा करते देखकर श्री गुरु अंगद देव जी ने आपको गुरु गद्दी सौंप दी और ये निआसरों के आसरे, निमानियों के मान, नितानियों के तान श्री गुरु अमरदास जी बन गये। विशेष रुप से पधारे रागी जत्था भाई दिलेर सिंह जी गुरुद्वारा राजा जी पुरम वालों ने सुरि नर मुनि जन अम्रित खोजदे, सु अम्रित गुर ते पाइआ...शबद गायन कर समूह संगत को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दीवान की समाप्ति के उपरान्त श्री गुरू सिंह सभा, ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी, नाका हिंडोला, लखनऊ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने समूह संगत को साहिब श्री गुरु अमरदास जी महाराज के प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) की बधाई दी। उसके पश्वात दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा गुरु का लंगर संगत में वितरित किया गया।

गुरुद्वारा मानसरोवर: गुरुद्वारा मानसरोवर में गुरु अमरदास जी महाराज के प्रकाश पर्व पर अध्यक्ष सरदार सम्पूरन सिंह बग्गा ने बताया के दीवान की आरंभता अमृत वेले से नितनेम, सुखमनी साहिब जी के पाठ के साथ हुई पाठ संगत ने मिलकर किए हजूरी रागी भाई गुरमुख सिंह जी ने आशा दीवार के कीर्तन किए। हैड ग्रंथि ज्ञानी बलदेव सिंह ने संगत को गुरु अमरदास सहिब महाराज जी के इतिहास के बारे में बताया। हजूरी रागी भाई गुरमुख सिंह जी ने शब्द कीर्तन करते हुए दीवान की समाप्ति की उपरांत अध्यक्ष सरदार सम्पूरन सिंह बग्गा एवं महासचिव चरणजीत सिंह एवं सचिव गगनदीप सिंह बग्गा ने संगतो को गुरु अमरदास साहिब महाराज के प्रकाश पर्व की बधाई दी।

यहियागंज गुरुद्वारे में शबद कीर्तन सुन संगत हुई निहाल

लखनऊ। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में आज शाम 7:00 बजे से 11:00 बजे तक श्री गुरु अमरदास जी का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में विशेष रूप से कानपुर से आए भाई भूपेंद्र सिंह जी गुरदासपुरी, भाई सुरेंद्र सिंह जी खालसा, भाई कुलदीप सिंह जी राजा, भाई हरविंदर सिंह जी ने सामूहिक रूप से शबद कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया। गुरु अमरदास जी सिखों के तीसरे गुरु थे, जो 73 वर्ष की आयु में गुरु बने और 22 वर्षों तक मानवता की सेवा की। उन्होंने लंगर प्रथा को मजबूत किया, जाति-भेद मिटाया, और गोइंदवाल में 'सांझी बावली' बनवाई। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों (पर्दा प्रथा का विरोध) और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। गुरु अमरदास जी का जन्म 5 मई 1479, अमृतसर के बासरके गाँव में हुआ था। उन्होंने सामाजिक सुधार पर्दा प्रथा और सती प्रथा का कड़ा विरोध किया और विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया। सिख धर्म के प्रचार के लिए 22 प्रचार केंद्र (मंजी प्रथा) स्थापित किए। उन्होंने आनंद साहिब (आनंदु भइआ मेरी माए) की रचना की, जो सिख जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। 1 सितंबर 1574 को अमृतसर में वह ज्योति ज्योत समा गए।

तीन ताल पर बनारस घराने की जुगलबंदी देख दर्शक मंत्रमुग्ध

- राय उमानाथबली प्रेक्षागृह में विश्वविद्यालय के एलुमनी तुषार सहाय एवं शुभम भारती द्वारा तबला युगलबंदी की प्रस्तुति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय एवं भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शताब्दी वर्ष के श्रंखलाबद्ध कार्यक्रमों के अन्तर्गत गुरुवार अपराह्न 3 बजे राय उमानाथबली प्रेक्षागृह में विश्वविद्यालय के एलुमनी तुषार सहाय एवं शुभम भारती द्वारा तबला युगलबंदी की प्रस्तुति की गयी जिसमें हारमोनियम बादक श्री आरिफ खान ने संगत की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. मांडवी सिंह, कुलपति एवं विशिष्ट अतिथि डा. सृष्टि धवन कुलसचिव भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय रही।

भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन के सदस्य रमा अरुण त्रिवेदी, डा. मीरा दीक्षित ,डा.हेम चंद्र पालीवाल, आलोक कुमार पांडेय एवं डॉ पूनम श्रीवास्तव सहित भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन के समस्त सम्मानित आजीवन सदस्य एवं संगीत प्रेमी उपस्थित हुए आज के कार्यक्रम का विशेष आकर्षण एसोसिएशन द्वारा विगत वर्ष के क्रियाकलापों की लघु स्मारिका का विमोचन एवम समस्त आजीवन सदस्य गणों को परिचय पत्र से अलंकृत करना रहा। आज की अद्भुत जुगलबंदी ताल (16 मात्रा) तीनताल बनारस घराने की प्रस्तुति को सभी ने सराहा। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव गिरीश चंद्र बहुगुणा ने किया तथा समापन अध्यक्षा डा.सीमा भारद्वाज ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त सम्मानित विभागाध्यक्ष डा.सृष्टि माथुर डा.मनोज मिश्रा डा.ज्ञानेन्द्र बाजपेई एवं डा.रुचि खरे के साथ कार्यकारिणी के

इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से मना नरसिंह चतुर्दशी महा महोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। श्री श्री राधा रमण बिहारी (इस्कॉन) मंदिर, लखनऊ में आज गुरूवार को शहर भर से आए भक्तों द्वारा नरसिंह चतुर्दशी महामहोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी द्वारा भगवान नरसिंह शिला का प्रथम अभिषेक एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई, तत्पश्चात मंदिर के भक्तों द्वारा मधुर हरिनाम संकीर्तन, नरसिंह कवच पाठ एवं नरसिंह आरती की गई। अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने नरसिंह भगवान की कथा में यह बताया कि नरसिंह भगवान विष्णु के प्रमुख अवतारों में से एक हैं, नरसिंह भगवान अपने भक्त प्रहलाद की बात को सच करने के लिए भगवान अर्ध मनुष्य व अर्ध सिंह का शरीर धारण करके खंबे से प्रकट होते हैं और ब्रम्हा जी के द्वारा दैत्यों के राजा हिरण्याकश्यपु को दिए गए सभी वरदानों की शर्तों को पूरा करते हुए उसका वध करते हैं एवं भक्त प्रहलाद की भक्ति से भगवान उसके क्रूर पिता सहित उसकी 21 पीढ़ियों का उद्धार कर देते हैं। अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने बताया कि प्रहलाद महाराज से हमें बचपन से ही भक्ति करने की शिक्षा लेनी चाहिए और यदि कोई भक्त ईश्वर की प्रेम पूर्ण भक्ति करता है तो उसका फल उसकी 21 पीढ़ियों को मिलता है, अंत में उन्होंने भगवान नरसिंह तथा भक्त प्रहलाद की कथा से प्रेरणा लेकर भगवान की नवधा भक्ति करने का आग्रह किया जिससे मनुष्य जीवन सफल हो सके। अंत में श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी, मंदिर अध्यक्ष ने सभी भक्तों से निवेदन किया कि अधिक से अधिक हरिनाम व श्रीमद भगवत गीता का स्वाध्याय करें। भक्तों द्वारा सम्पूर्ण मन्दिर परिसर को हरे कृष्ण महामंत्र की गूंज से गुंजायमान कर दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे सभी उपस्थित भक्तों ने स्वादिष्ट एकादशी प्रसाद ग्रहण किया।

बुद्ध के संदेशों से सजी आध्यात्मिक संध्या

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर गुरुवार को सम्भावना नाट्य मंच द्वारा गोमती नगर स्थित संगीत भवन परिसर में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण से जुड़े संदेशों को केंद्र में रखते हुए शांति, करुणा और आत्मजागरण का भाव प्रसारित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ डा. मनीषा के परिचयात्मक उद्बोधन से हुआ जिसमें उन्होंने बुद्ध के जीवन-दर्शन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात गुरु सत्यनारायण गोयनका के मार्गदर्शन में दस मिनट का विपश्यना ध्यान सत्र हुआ जिसमें लोगों ने मौन साधना के माध्यम से आत्मिक शांति का अनुभव किया।

इस दौरान भजन सबका मंगल, सबका मंगल होये रे की सामूहिक प्रस्तुति ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस प्रस्तुति में प्रवीण गौर, सुनीता वीर, सौम्या गोयल, विनीता मिश्रा, दीपिका मॉरिसन, मिहिका गांगुली, अविका गांगुली, आद्रिका मिश्रा, अव्युक्ता श्रीवास्तव, कर्णिका सिंह, आस्था एवं आश्वी सिंह ने स्वर प्रदान किए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाट्य प्रस्तुति भगवान होते हैं विशेष आकर्षण का केंद्र रही जिसमें भूमि ने बुद्ध की भूमिका निभाई, जबकि आस्था, महक, अविका, अव्युक्ता, आद्रिका एवं कर्णिका ने शिष्यों की भूमिका को सजीव किया। इसके अतिरिक्त बुद्ध कहते हैं सफल होने के लिए शीर्षक से एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई जिसमें शुभ्रा, सुमन, मिहिका, प्रज्ञा, विनीता एवं दीपिका मॉरिसन ने प्रभावी अभिनय किया। सफेद परिधान और नारंगी दुपट्टे के ड्रेस कोड के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने पवित्रता और ज्ञान के प्रतीकात्मक भाव को आत्मसात किया और समाज में शांति, सह-अस्तित्व और सकारात्मकता का संदेश प्रसारित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गुरु गायत्री डेविड, निवेदिता भट्टाचार्य सहित अन्य मौजूद रहे।

साहित्य समागम में तीन साहित्यकारों की कृतियों का लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। साहित्यिक संस्था 'अमृतायन' के तत्वावधान में आज यू.पी. प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित साहित्य समागम में तीन साहित्यकारों की कृतियों के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ. राम सागर यादव, राम बहादुर मिश्र, डॉ. शिव भजन कमलेश और पं. आदित्य द्विवेदी ने नवगीतकार डॉ. अशोक अज्ञानी की कृति लौट आओ फिर परिन्दों (गीत - नवगीत संग्रह), वरिष्ठ साहित्यकार रामशंकर वर्मा की कृति कटे अँधेरी रात (दोहा संग्रह) तथा गीतकार पुष्पेन्द्र 'प्रेमी' की कृति तुम भी पत्थर हो जाओगे (गीत संग्रह) का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा ने कटे अँधेरी रात दोहा कृति पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज साहित्य के समक्ष नयी चुनौतियाँ है, जिन्हें स्वीकार करना होगा। पुष्पेन्द्र प्रेमी के गीत संग्रह तुम भी पत्थर हो जाओगे को आधार बनाते हुए श्रेष्ठ साहित्यकार राम शंकर वर्मा ने कहा कि हिन्दी की गीत विधा अपने पूर्ण उत्कर्ष पर है, जिसे इस कृति में देखा जा सकता है। कवि डॉ. अशोक अज्ञानी के गीत नवगीत संग्रह लौट आओ फिर परिन्दों पर बोलते हुए शिव भजन कमलेश ने कहा कि 'अज्ञानी' जी के नवगीत राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। डॉ. राम सागर यादव ने अमृतायन संस्था के सकारात्मक कार्यों को रेखांकित किया। रामबहादुर मिश्र ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में वर्तमान साहित्यिक परिदृश्य की सराहना की। साहित्यिक समारोह के अगले क्रम में लोक गायिका डॉ. रंजना अग्रहरि ने अपनी खनकती हुई आवाज में तीनो कृतियों की चयनित तीन रचनाओं को सस्वर सुनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर केवल प्रसाद सत्यम, कुमार तरल, डॉ. अरविन्द झा, दिनेश तिवारी अचलेश सिंह, संदीप यादव सहित अन्य साहित्यकार और साहित्यसुधी श्रोता उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन कवि सूर्यप्रकाश सूरज तथा संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा ने किया।

संक्षेप

सड़क हादसे में दूध विक्रेता की मौत

जौनपुर । चंदवक थाना क्षेत्र के चंदवक गाजीपुर मार्ग पर बुधवार रात लगभग 4 बजे एक सड़क हादसा हुआ। इसमें अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गाजीपुर जिले के खानपुर थाना अंतर्गत नायकडीह गांव निवासी गौरी शंकर यादव (पुत्र राजकुमार यादव) के रूप में हुई है। वह अपने घर से चंदवक की ओर जा रहे थे, तभी काकरापार ग्राम सभा के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गौरी शंकर सड़क पर गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोट आई। मोबाइल फोन से सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें सीएचसी बीरीबारी ले गए, जहां डॉक्टरों ने गौरी शंकर को मृत घोषित कर दिया। गौरी शंकर अपने बूढ़े पिता के इकलौते सहारे थे। वह दूध का कारोबार करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

माटीकला प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

सोनभद्र। उप्र माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला संबन्धित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 हेतु 15 दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु 20 लाभार्थियों के चयन हेतु जनपद को लक्ष्य प्राप्त हुआ है। 15 दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र अनुवां प्रयागराज में आवासीय व निःशुल्क प्रदान किये जायेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य हो वह अपना आवेदन पत्र उ०प्र० माटीकला बोर्ड के बेवसाइड ू.नचउंजपांसंइवंतक.पद पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन 30 जून, 2026 तक कर सकते हैं प्रशिक्षण अवधि के उपरान्त रु. 250 प्रतिदिन के दर से प्रशिक्षुवृत्ति भी प्रदान की जायेगी, आवेदन करते समय फोटो, जाति प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड बैंक एवं पासबुक की छायाप्रति अपलोड करना जरूरी हैं, ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की मूलप्रति अपलोड किये गये दस्तावेज के साथ संलग्न कर जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, उप्र माटीकला बोर्ड पिपरी रोड नियर मिशन हॉस्पिटल के पास रावर्ट्सगंज पर जमा करना आवश्यक होगा।

चंद्रमा ऋषि आश्रम पर चलाया सफाई अभियान

आजमगढ़। पल्हनी ब्लाक के चंद्रमा ऋषि आश्रम पर गुरुवार को सफाई कर्मियो ने सफाई अभियान चलाया। करीब आधा दर्जन सफाई कर्मियो नें सफाई की परिसर में पड़े सूखे पत्तो का हटया। झड़ियो को काट कर साफ किया। इसके साथ जगह-जगह फैली गंदगी को सफाई कमीयो ने हटाया। अभियान में सफाई कर्मी गुलाब चौरसिया सहित अन्य लोग शामिल रहे।

एसपी ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

आजमगढ़। पुलिस लाइन स्थित एसपी कार्यालय में एसपी डॉ. अनिल कुमार ने गुरुवार को सुबह से दोपहर तक दूर दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने प्रस्तुत हुए प्रार्थना पत्र पर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन भी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय में मनाया गया गुजरात स्थापना दिवस

जौनपुर। पूर्वांचल विवि मेंगुजरात स्थापना दिवस के पूर्व दिवस पर विविध कार्यक्रमों को उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. वंदना सिंह के नेतृत्व में पदयात्रा से हुआ। इसके साथ ही गोद लिए गए टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरण, विद्यालयों एवं गोद लिए गए गांवों में स्वच्छता अभियान, गुजरात के परंपरागत खेल जैसी सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात ने विकास के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी सहेज कर रखा है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति और परंपराओं को समझना राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना भवन में विवि द्वारा गोद लिए गए टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की गई। गोद लिए गए गांव जासोपुर के इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय में डॉ.अनुराग मिश्र के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं आदमपुर स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय स्कूल में डॉ. अन्नू त्यागी वं डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ सफाई अभियान चलाया। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। विवि परिसर में गुजरात के पारंपरिक खेल खो-खो, सतोलिया का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में डॉ. सुशील कुमार, प्रभारी तथा डॉ. रजनीश सिंह, सह प्रभारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मेधावी किये गये सम्मानित

जौनपुर। हरिहर सिंह इण्टरनेशनल स्कूल उमरपुर में हाईस्कूल की परीक्षा में शिवानी पटेल ने 87% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंजलि मिश्रा ने 86.2% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया एवं विशाल सिंह ने 81.8% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।हरिहर सिंह इण्टरनेशनल स्कूल उमरपुर में इण्टर 2026 की परीक्षा में रवि कुमार मौर्या ने 73% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।जनपद में विद्यालय ने अपनी गरिमापूर्ण स्थिति बनाये रखते हुए उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करते हुए जनपद में विशिष्ट स्थान बनाया है साथ ही विद्यालय एवं गुरुजनों की गरिमा को भी सम्मानित किया है।

कई जर्जर भवन हो सकते हैं धराशायी, प्रशासन सुस्त

जौनपुर। शहर के एक दर्जन से अधिक जर्जर इमारते कई साल से जानलेवा बनकर लटकी हे लेकिन उन्हे प्रषासन नजर अन्दाज कर हादसे का प्रतीक्षा करता प्रतीत हों रहा है। ओलन्दगंज रूहटटा में ही कई भवन जर्जर है जो कभी भी धराषाई होकर कई जिन्दगी लील सकते है पर प्रषासन उस ओर देखने के लिए जहमद गवारा नहीं करता। इसी प्रकार मखदुमशाह अढन मोहल्ले में एक जर्जर इमारत लोगों के लिए जानलेवा खतरा बनती जा रही है। कल्लू इमामबाड़ा के ठीक बगल स्थित इस पुरानी इमारत के हिस्से लगातार टूटकर सड़क पर गिर रहे हैं, जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों और स्थानीय निवासियों के सिर पर हर समय खतरा मंडरा रहा है। गनीमत रही कि अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं, यह इमारत काफी समय से जर्जर अवस्था में है और इसके कई हिस्से कमजोर होकर गिरने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। मोहल्ले के संभ्रांत नागरिक श्रीप्रकाश सिंह ने इस गंभीर समस्या को देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया है। मामले की जांच के लिए संबंधित विभाग के इंजीनियर ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से इमारत को जर्जर व खतरनाक घोषित किया है। इसके बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से इसे ध्वस्त कराने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे लोगों में आक्रोश और भय दोनों बढ़ते जा रहे हैं। स्थिति इसलिए भी अधिक संवेदनशील हो गई है क्योंकि मोहर्रम का महीना नजदीक है। कल्लू इमामबाड़ा में इस दौरान प्रतिदिन हजारों की संख्या में शिया मुस्लिम समुदाय के लोग मजलिस और मातम के लिए जुटते हैं। इसके अलावा हर रविवार को भी यहां मजलिस का आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में जर्जर इमारत का मौजूद रहना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस इमारत को ध्वस्त नहीं कराया, तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी। लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर इमारत को गिराने की मांग की है, ताकि संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

भ्रष्टाचार के विरोध में वकीलों का धरना

जौनपुर। कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को सैकड़ों अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। यह प्रदर्शन अधिकारियों के स्थानांतरण पर कार्रवाई न होने और माल अभिलेखागार में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में किया गया। कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय के पास प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने ष्जिला प्रशासन होश में आओष् और अधिवक्ता एकता जिंदाबादष् जैसे नारे लगाए। उन्होंने अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि अधिकारियों के स्थानांतरण पर कार्रवाई न होने और माल अभिलेखागार में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ यह प्रदर्शन आवश्यक था।महामंत्री मनोज मिश्रा ने जानकारी दी कि अधिवक्ताओं ने पहले भी एक प्रार्थना पत्र के माध्यम से अधिकारियों के स्थानांतरण का मुद्दा उठाया था। उस समय जिलाधिकारी ने एस.आईआर. समाप्त होने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे अधिवक्ताओं में असंतोष है।अधिवक्ताओं ने माल अभिलेखागार में व्याप्त भ्रष्टाचार के तत्काल निराकरण की मांग की। इन मुद्दों पर कार्रवाई न होने के कारण समिति ने सभी न्यायालयों से आज के लिए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। सभी अधिवक्ता पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य से दूर रहेंगे।

किशोरी की जबरन शादी की साजिश नाकाम

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी की जबरन शादी कराने की साजिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव का ही एक व्यक्ति (अगुवा) पैसों के लालच में किशोरी की शादी उसकी मर्जी के खिलाफ कराने में जुटा था। डायल 112 की तत्परता से पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया और आरोपित को हिरासत में ले लिया।पीड़िता की बुआ की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अगुवा के घर से किशोरी को अपने कब्जे में लिया। किशोरी ने थाने पर दी तहरीर में स्पष्ट कहा कि वह उक्त युवक से विवाह नहीं करना चाहती, बावजूद इसके उस पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। किशोरी ने बताया कि अगुवा ने इस जबरन शादी के लिए करीब 1 लाख 50 हजार रुपये ले लिए थे और उसी के चलते उसे शादी के लिए मजबूर किया जा रहा था। उसने यह भी बताया उसकी मां का पहले ही निधन हो चुका है, जबकि पिता ने दूसरी शादी कर ली है। उसकी कमजोर पारिवारिक स्थिति का फायदा उठाकर आरोपित उस पर दबाव बना रहा था। मामले की सूचना मिलते ही सक्रिय हुई डायल 112 टीम ने कार्रवाई करते हुए एक बड़ी घटना को टाल दिया। पुलिस ने आरोपित को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है और पूरे प्रकरण की गहन जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष सुरेरी दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिल गई है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

दीवार गिरने से युवक मलवे में दबा, हालत गंभीर

जौनपुर। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित उर्दू बाजार मोहल्ले में बुधवार देर रात एक निमार्णाधीन मकान की दीवार गिरने से बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में 40 वर्षीय मोहम्मद समीर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। उर्दू बाजार निवासी मोहम्मद समीर किसी काम से घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान मौसम अचानक खराब हो गया और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। समीर जब उर्दू बाजार की एक गली से गुजर रहे थे, तभी पास में बन रहे एक निमार्णाधीन मकान की कच्ची दीवार तेज हवा का दबाव न झेल पाने के कारण उन पर गिर गई।दीवार गिरने से मोहम्मद समीर मलबे के नीचे दब गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला। समीर के सिर, हाथ और पसलियों में गंभीर चोटें आई थीं। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया।दीवार गिरने से मोहम्मद समीर मलबे के नीचे दब गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला। समीर के सिर, हाथ और पसलियों में गंभीर चोटें आई थीं। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया।जिला अस्पताल की इमरजेंसी में डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। हालांकि, सिर में गहरी चोट और अंदरूनी रक्तस्राव की आशंका के कारण उन्हें उसी रात बीएचयू ट्रामा सेंटर, वाराणसी रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि मोहम्मद समीर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

असहाय पुलिस, कराहती कानून व्यवस्था चौकी में घुसकर सिपाही व दरोगा की पिटाई

मीरजापुर। ज़िले की कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देती हुई एक तस्वीर सामने आई है जहां पुलिस चौकी में घुसकर दरोगा और सिपाही को पीटा जा रहा है उनकी वर्दी नोचीं जा रही है। सम्पूर्ण मामले का वीडियो वायरल होने के बाद हड़कम मचा हुआ है तो वहीं लोग जिले की कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। पुलिस चौकी में घुस कर सिपाही और दरोगा की पिटाई का यह पूरा मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद तमाम तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं तो बड़ा सवाल यह है कि 'जब वर्दी धारी ही असुरक्षित हैं तो आमजनों का क्या होगा। पूरा मामला ई रिक्शा से टक्कर के विवाद को लेकर चालक की हुई पिटाई से जुड़ा होना बताया जा रहा है। जिसके बाद मनबढ़ लोगों ने पुलिस चौकी पर जमकर बवाल काटा है। हद तो यह कि चौकी इंचार्ज अस्पताल और सिपाही को पुलिस चौकी के अंदर ही पीटा जाता रहा है। इसमें सिपाही के सिर पर चोट आई है तो दरोगा की वर्दी फाड़ी गई, बैज नोचा गया है। सूचना पर पहुंची भारी पुलिस फोर्स तो मौके से भाग निकले उपद्रवी दबंग हालांकि पुलिस ने 5 को हिरासत में लिया है। पूरा मामला बुधवार रात का बताया जा रहा है। इस संदर्भ में क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला ने जानकारी देते हुए बताया है कि 29 अप्रैल को थाना कोतवाली शहर क्षेत्रान्तर्गत पुलिस चौकी सदर अस्पताल के पास घटित घटना के सम्बन्ध में चौकी प्रभारी सदर अस्पताल उप निरीक्षक मनोज कुमार राय की लिखित तहरीर पर भरत तिवारी पुत्र स्वर्गीय कृपाशंकर तिवारी, मनोज त्रिपाठी पुत्र स्वर्गीय जयनाथ त्रिपाठी, विकास त्रिपाठी पुत्र नित्यानन्द त्रिपाठी निवासीगण ग्राम मेवली थाना कोतवाली देहात व विक्की उर्फ हरेन्द्र प्रताप पुत्र गोपाल सिंह निवासी रामबाग थाना कोतवाली शहर को नामजद तथा कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट पंजीकृत किया गया है। नामजद भरत तिवारी, मनोज त्रिपाठी व विकास त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया गया है। चर्चा है कि आटो चालक से धक्का लगने के बाद विवाद हुआ, जिसके बाद विशेष समुदाय के लोगों ने ऑटो चालक का पक्ष लेते हुए एक अधिवक्ता की पिटाई शुरू कर दी थी।

मुठभेड़ में 2 शातिर गौ तस्कर घायल

मीरजापुर। जिले के अहरौरा में पुलिस-गो तस्करों के बीच मुठभेड़ के बाद 2 शातिर तस्कर घायल हुए हैं। इस दौरान जंगल के रास्ते बिहार ले जाए जा रहे 45 गोवंश को पुलिस ने मुक्त कराया है। घायल तस्करों की पहचान रामबच्चन यादव और रामप्रकाश यादव के रुप में हुई है, दोनों चंदौली के निवासी हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस पर फायरिंग कर तस्कर भाग रहे थे, जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी है। मौके से 2 देशी कट्टा, 2 जिंदा और 2 खोखा कारतूस बरामद हुआ है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थानाध्यक्ष अजय मिश्रा की टीम ने कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक रामबच्चन यादव पर मिजार्पुर-चंदौली में हत्या के प्रयास समेत 9 केस, गैंगस्टर भी है, रामप्रकाश यादव पर भी गोवध निवारण व गैंगस्टर एक्ट के 5 मुकदमे दर्ज हैं। अहरौरा थाना क्षेत्र के बैजू बाबा तपस्थली के पास हिनौता छातों के जंगल में मुठभेड़ होना बताया जा रहा है, दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दोनों की, हालत सामान्य बताई गई है। दोनों तस्करो पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की जा रही है।

बाइक सवार सड़क किनारे पत्थर से टकराया, एक की मौत, साथी घायल

मड़िहान/मीरजापुर। थाना क्षेत्र के कोटवा-सिरसी मार्ग पर एसएन फ्लैग्स फाउंडेशन के समीप गुरुवार की सुबह सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार देहात कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी मानिकचंद पुत्र रमेश चौहान व सूरज चौहान पुत्र दयाशंकर चौहान दोनों एक बाइक पर सवार होकर जा रहे थे बताया जा रहा है कि बाइक सवार दोनो युवक रिश्तेदारी से वापस अपने घर लौट रहे थे। लेकिन किसे पता था कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा। अचानक हुए हादसे में बाइक अनियंत्रित होकर पत्थर से टकरा गई, और दोनों सड़क किनारे जा गिरे। टक्कर इतनी भयावह थी कि एक युवक ने मौके पर ही मानिकचंद चौहान ने दम तोड़ दिया, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मड़िहान पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं, मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पूरे विपक्ष ने किया नारी शक्ति का अपमान : कुसुम शर्मा

- भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विकास खंड नगवां में निकाली गयी जन आक्रोश पदयात्रा

जिला संवाददाता (vol)

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा विकास खंड नगवां में जन आक्रोश पद यात्रा भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह के नेतृत्व में निकाली गई, कार्यक्रम की मुख्यातिथि भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा रहीं। इस अवसर पर महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि महिला आरक्षण बिल को संसद में पारित न होने देना नारी शक्ति का अपमान है। देश की आधी आबादी के साथ विपक्ष के द्वारा विश्वासघात किया गया है, उन्होंने कहा कि इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा न ही देश की जनता इसे बर्दाश्त करेंगी, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। पूरे देश की नजर नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर थी जब विपक्ष और उसके नेताओं का रवैया महिला के सम्मान के विपरीत था उन्होने कहा कि विपक्ष का व्यवहार ऐसा था मानो महिला के अधिकारों पर चोट को भी वह अपनी जीत मान रहे हो, उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा प्रदेश भर में आंदोलन करेगी सभी मण्डलों में पदयात्रा निकालेगी. पदयात्रा में भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे हम विपक्ष की कथित महिला विरोधी नीतियों को उजागर करेंगे, महिलाओं को बताएंगे कि सपा और कांग्रेस की मानसिकता महिला विरोधी है। भाजपा महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में भागीदारी बढ़ाने को लेकर बिल लेकर आई थी। जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह ने कहा कि संसद में महिला आरक्षण बिल विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता की वजह से पास नहीं हो पाया, महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें विधानसभा व लोकसभा में अधिक प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह बिल लाया था लेकिन विपक्ष ने इस पर जिस तरह का रवैया अपनाया, वह उनकी ह्रदूषित मानसिकताह्व को दशार्ता है। आरोप लगाया कि कांग्रेस और सपा ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया है, वर्ष 2023 में महिला सशक्तिकरण से जुड़ा बिल पास होने के बाद अब सरकार महिलाओं को और अधिक अधिकार और भागीदारी देने की दिशा में आगे बढ़ रही है। लेकिन, विपक्ष इसका विरोध कर महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ खड़ा दिखाई दे रहा है. जिसकी वजह से बिल संसद में पास नहीं हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेत्री प्रमिला त्रिपाठी ,संगीता ,तारा,उर्मिला कविता ब्लाक प्रमुख नगवां आलोक सिंह ब्लाक, मनोज जायसवाल, लक्ष्मण सिंह समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

घर से निकले बुजुर्ग का खभवा बंधी में मिला शव

मीरजापुर। थाना क्षेत्र के परसिया मुड़पेली गांव निवासी एक व्यक्ति का शव गुरूवार की सुबह खभवा बंधी में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रशांत दुबे की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई किया।परसिया मुड़पेली गांव निवासी राम किशोर (55) बीते बुधवार शाम पांच बजे के करीब घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, मगर कोई सुराग नहीं मिल सका। दूसरे दिन सुबह गौरवा स्थित सिंचाई विभाग के खभवा बंधी के किनारे ग्रामीणों ने एक जोड़ी जूता देखा जिसकी सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने तलाश की तो बंधी में राम किशोर का शव मिला। वृद्ध की मौत से पत्नी छबीलीया तथा परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

विधायक ने ऊर्जा मंत्री को बिजली कटौती से अवगत कराया

जौनपुर। जनपद जौनपुर के प्रभारी मंत्री उप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री (ऊर्जा और नगर विकास विभाग) ए.के. शर्मा से एक औपचारिक मुलाकात के दौरान विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रहीबिजली कटौती जैसी गंभीर मूलभूत समस्याओं से अव गत कराते हुये क्षेत्र के समस्त फीडरो में रोस्टर के मुता बिक सुचारु बिजली आपूर्ति हेतु सभी उपकेंद्रों पर 24 घंटे बिजली मुहैया कराने की मांग की। इस दौरान विधायक ने बाबूगंज में जल्द से जल्द सब स्टेशन निर्माण प्रारंभ करने, 33/11 केवीए विद्युत उपकेंद्र बदलापुर ग्रामीण, सहोदरपुर, सिंगरामऊ, मछलीगांव (लेदुका) पर एक अतिरिक्त 5 एमवीए पावर परिवर्तक लगाने, क्षेत्र के छूटे मजरो में विद्युतीकरण अधूरे कार्यों को पूर्ण किए जाने, जर्जर तारों के बदलने व अतिभारित ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि किए जाने की मांग किया। ऊर्जा मंत्री ने उक्त समस्याओं के जल्द निस्तारण हेतु आश्वस्त किया।

पुलिस मुठभेड़ में हत्यारोपी को पैर में लगी गोली, घायल

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के बासूपार गांव के पास बुधवार की रात में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दाए पैर में गोली गलने से हत्यारोपी घायल हो गया। जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घेराबंदी कर घायल हत्यारोपी को पकड़ लिया। उसके पास से तमंचा, कारतूस बरामद हुआ। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र अजमतगढ़ कस्बा के इंदिरा नगर मोहल्ला में मंगलवार की रात बारात में कूलर की हवा को लेकर हुए विवाद में चाकू मार कर एक बाराती की हत्या कर दी गई थी, जबकि हमले में तीन अन्य बाराती घायल हो गए थे। पुलिस ने इस हत्या के मामले में नौ नामजद और छह अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। कोतवाल विनय कुमार सिंह ने बताया कि फरार चल रहे आरोपियों की तलाश की जा रही थी। बुधवार की रात में करीब 12 बजे मुखबिर से सूचना मिली की घटना में शामिल तीन आरोपी जीयनपुर कस्बा के मुबारकपुर मोड़ से बासूपार की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर दी। पुलिस से घिरने पर एक आरोपी ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दाएं पैर में गोली गलने से नीरज निषाद निवासी मोहल्ला इन्दिरा नगर कस्बा अजमतगढ़ थाना जीयनपुर घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। निरज के पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ। उसके दो साथी आशीष निषाद और सोनू निषाद निवासी मोहल्ला इन्दिरा नगर कस्बा अजमतगढ़ थाना जीयनपुर फरार हो गए। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम लगी है।

व्यापार संगठन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

- सोनभद्र को बनाएं चार राज्यों का लॉजिस्टिक हब : व्यापारी
- 600-800 एकड़ लैंड बैंक, इको टूरिज्म व फूड प्रोसेसिंग की रखी मांग, रोडवेज स्टैंड का मुद्दा भी उठाया

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन सोनभद्र के प्रतिनिधिमंडल ने वृहस्पतिवार को जिलाधिकारी से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं और जिले के विकास से जुड़े सुझाव रखे। संगठन के जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि सोनभद्र बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमाओं से जुड़ा है। लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट की दृष्टि से यहां वेयरहाउसिंग व मल्टी स्टेट हब स्थापित किए जा सकते हैं। इसके लिए 600 से 800 एकड़ जमीन का लैंड बैंक तैयार किया जाए। यदि अधिग्रहण संभव न हो तो लैंड पूलिंग मॉडल अपनाया जाए। इससे सोनभद्र चार राज्यों के व्यापारिक प्रवेश द्वार के रूप में विकसित होकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा।

उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं। मुक्का फाल, धनरौल बांध, विजयगढ़ किला, कंडाकोट पहाड़ी, फॉसिल्स पार्क जैसे स्थलों को इको फ्रेंडली कॉटेज, बर्ड वाचिंग, मेडिटेशन स्पॉट, नेचर ट्रेल के रूप में विकसित किया जा सकता है। स्थानीय आदिवासी युवकों को गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया जाए। नगर अध्यक्ष प्रशांत जैन ने कहा कि ट्रैकिंग, रॉक क्लाइंबिंग, बोटिंग, कैंपिंग के जरिए एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सकता है। जिला कोषाध्यक्ष शरद जायसवाल ने कहा कि गेहूं, दालें, चावल यहां के प्रमुख उत्पाद हैं। ऑर्गेनिक खेती, हर्बल प्रोडक्ट, कोल्ड स्टोरेज व फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर कृषि क्षेत्र का विकास संभव है। जिला उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल व प्रदीप जायसवाल ने कहा कि क्लस्टर मॉडल से फूड प्रोसेसिंग, ऑर्गेनिक खेती, हर्बल प्रोडक्ट मिलकर मजबूत इकोनॉमी मॉडल बना सकते हैं। सोनभद्र की धरती ऑर्गेनिक खेती के लिए उपयुक्त है। टीपू अली एवं नागेंद्र मोदनवाल ने कहा कि करोड़ों की लागत से रोडवेज बस स्टैंड बनने के बावजूद फ्लाइओवर के नीचे से बसें संचालित हो रही हैं। यह मुद्दा एक वर्ष से उद्योग बंधु की बैठक में उठाया जा रहा है। बैठक में कौशल शर्मा, प्रशांत जैन, शरद जायसवाल, राजेश जायसवाल, राजू जायसवाल, सिद्धार्थ सांवरिया, प्रदीप जायसवाल, टीपू अली, कृष्णा सोनी, नागेंद्र मोदनवाल, यशपाल सिंह, विनय जायसवाल, दिनेश सिंह, पंकज कनोडिया, अभिषेक साहू, अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नारी शक्ति वंदन पारित न होने पर भाजपा महिला मोर्चा का आक्रोश, फूंका राहुल-अखिलेश का पुतला

सोनभद्र। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद में पारित न होने से भाजपा कार्यकताओं में आक्रोश है। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा सिंह की अध्यक्षता में महिला कार्यकताओं ने नगर में जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा महिला कार्यकताओं ने ह्यमातृ शक्ति जिंदाबादह्न, ह्यभारत माता की जयह्न, ह्यवंदे मातरम, ह्यभारतीय जनता पार्टी जिंदाबादह्न के नारे लगाते हुए सिविल लाइन रोड कचहरी तिराहे पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव सहित अन्य नेताओं का पुतला दहन किया। कार्यक्रम की संयोजक महिला जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह ने कहा कि यह आक्रोश केवल रॉबर्ट्सगंज नगर में नहीं बल्कि पूरे देश में व्याप्त है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में ह्यजन आक्रोश महिला सम्मेलनह्न आयोजित किए गए ह

संक्षेप

द्वारकाधीश मंदिर में नृसिंह लीला का मंचन

मथुरा। द्वारकाधीश मंदिर में वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के अवसर पर भव्य नृसिंह लीला का आयोजन किया गया। यह लीला शाम 5:40 बजे प्रारंभ हुई और इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम 6:15 बजे भगवान नृसिंह के प्राकट्य के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। मंदिर के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि यह समस्त कार्यक्रम मंदिर के गोस्वामी डॉ. वागीश कुमार जी महाराज के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उन्होंने नृसिंह लीला को अधर्म पर धर्म और सच्ची भक्ति की विजय का प्रतीक बताया। पौराणिक कथा के अनुसार, हिरण्यकश्यप को ब्रह्मा जी से ऐसा वरदान प्राप्त था कि उसे न दिन में मारा जा सकता है, न रात में, न किसी अस्त्र-शस्त्र से और न ही मनुष्य या पशु द्वारा। उसने अपने पुत्र प्रह्लाद को भगवान की भक्ति से रोकने के लिए अनेक यातनाएं दीं। ?जब हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को चुनौती देते हुए पूछा कि तेरा भगवान कहाँ है ?, तब भक्त की रक्षा हेतु भगवान नरसिंह खंभा फाड़कर प्रकट हुए। भगवान ने अपनी गोद में लिटाकर, देहरी पर बैठकर, अपने नाखूनों से हिरण्यकश्यप का वध किया।

20 जुआरी गिरफ्तार

मथुरा। राया थाना पुलिस ने बुधवार की सांय नीमगांव क्षेत्र के गांव पीहरी में लंबे समय से चल रहे जुआघर पर छापामार कार्यवाही कर 20 जुआरियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने जिनके कब्जे से लाखों रुपये की नगदी सहित बाइक कारें बरामद की है। क्षेत्राधिकारी महावन स्वेता वर्मा ने बताया गांव पीहरी में चंद्रपाल अपने मकान में जुआघर संचालित करा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने कस्वा प्रभारी उज्वल शर्मा राजेश यादव आदि पुलिसकर्मियों की चार टीमें गठित कर छापामार कार्यवाही की। इस दौरान गौर, ओमप्रकाश, राकेश, श्रीफल, रोविन, जीतू, आमीन अंग्रेज सिंह, बबलू, गोपाल, संजय, सोमेश, हुबबलाल, सोनू, नीरज, सुनील, मुकेश, अकबर, उमेश, वैभव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यहां से चार लाख 80 हजार रुपए ताश की गड्डियां 16 मोबाइल फोन बरामद किए है। कार्यवाही के दौरान मकान मालिक चंद्रपाल सहित तीन अभियुक्त मौके का फायदा उठाकर फरार हो गये। पुलिस ने सभी के खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट के माध्यम से जेल भेज दिया।

छाता में आंधी का कहर

मथुरा। छाता ?क्षेत्र में आज शाम आई भीषण तेज आंधी बारिश ने जमकर तांडव मचाया। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि छाता के गोवर्धन चैराहे के ऊपर लगा एक विशालकाय ग्रे रंग का जर्जर साइन बोर्ड उखड़कर सड़क पर आ गिरा। इस हादसे के दौरान वहां से गुजर रहे ईको सवार राहगीर बाल-बाल बच गए, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्रशासन ने मौके पर क्रेन बुलवाकर यातायात को सुचारू कराया। ?प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक आए मौसम के बदलाव और धूल भरी तेज हवाओं के कारण दृश्यता काफी कम हो गई थी। इसी दौरान छाता से गोवर्धन चैराहे मुख्य मार्ग पर लगा भारी-भरकम लोहे का साइन बोर्ड चरमराकर नीचे गिर पड़ा। जिस समय बोर्ड गिरा, वहां से कुछ राहगीर अपनी बाइक और कार से गुजर रहे थे। बोर्ड गिरने की आवाज सुनकर उन्होंने तुरंत फुर्ती दिखाई और खुद को सुरक्षित दूरी पर कर लिया। ?साइन बोर्ड गिरने से गोवर्धन वाले रास्ते पर कुछ समय के लिए आवाजाही बाधित रही।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर मनी भगवान नृसिंह की जयंती

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर आज गुरुवार को भगवान नृसिंह जी की जयन्ती परंपरागत ढंग एवं अपार श्रद्धा व आस्था के साथ मनायी गई। इस संबंध में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बैसाख शुक्ल चतुर्दशी तद्नुसार गुरूवार को नृसिंह जयन्ती के अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में स्थित ठाकुर श्रीकेशवदेवजीजी महाराज के प्रातः से ही श्रद्धालुओं को भगवान ह्यनृसिंहह्ल के दिव्य स्वरूप में दर्शन हुऐ।इस अवसर पर श्रीकेशवदेव मंदिर के निज प्रांगण को भव्य पुष्प-बंगला, विद्युत सज्जा आदि से सुसज्जित किया गया। नृसिंह जयन्ती के अवसर पर गुरूवार की प्रातः ठा. श्री केशवदेवजी महाराज के श्रीविग्रह का मंदिर के पुजाचार्यों द्वारा भगवान नृसिंह के रूप में दिव्य श्रृंगार किया गया। सांयकालीन बेला में भगवान नृसिंह के स्वरूप में भगवान श्रीकेशवदेव जी का विशेष पूजन के उपरान्त वृहद मात्रा में श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। ब्रज में मनाये जाने वाले पर्व, उत्सवों की श्रंखला में भगवान नृसिंह की जयंती पर्व अपार श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जाता है। अपने भक्तों की रक्षा के लिए भगवान ने समय-समय पर अवतार लेकर दुष्टों का संहार किया है। जिससे नृसिंह रूप में भगवान का अवतार पौराणिक गाथा संजोये हुऐ है। धार्मिक मान्यता के अनुसार दुष्ट प्रवृत्ति के राजा हिरण्यकश्यप का वध करने के लिए भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार लिया था। इसी के उपलक्ष्य में वैशाख शुक्ल चतुर्दशी को नृसिंह जयंती मनायी जाती है। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारी, अधिकारी एवं मंदिर के पूजाचार्यगण आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

महिला जन आक्रोश रैली में भाजपा ने भरी हुंकार

मथुरा। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर गुरुवार सायं होली गेट मंडल में महिला जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के निदेर्शानुसार आयोजित यह रैली भाजपा कार्यालय, जुबली पार्क से प्रारंभ होकर होली गेट तक पहुंची, जहां भाजपाइयों ने महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर जोरदार हुंकार भरी। रैली को संबोधित करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि भाजपा सदैव मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। कार्यक्रम संयोजक ज्योति चतुर्वेदी ने कहा महिला जन आक्रोश रैली का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक करना है। जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि जन आक्रोश रैली भाजपा शहर कार्यालय, विकास बाजार से प्रारंभ होकर होली गेट तक निकाली गई। रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपाके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विरोध में नारेबाजी करते हुए पुतला दहन भी किया गया।

पुलिस कर सकती है देहव्यापार वाले भवनों को सील, पुलिस ऐसे कारोबार को सख्ती से रोकेगी

मथुरा। मथुरा पुलिस अब नगर निगम और मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण से बातचीत कर उन स्थानों को सीज करने की तैयारी में है जहां देह व्यापार जैसे धंधों को लेकर मामले पकड़े गए हैं। सीओ सिटी ने बताया कि अब तक ऐसे मामलों में कड़ी कार्यवाही नहीं हो पाती थी, जिससे इस कारोबार पर पाबंदी नहीं लग पा रही थी। अधिकांश तौर पर पाया गया है कि जिन भवनों में यह कारोबार चलता पाया गया है उनका प्रयोग उनके मालिकों द्वारा नहीं बल्कि रेंट पर किया जा रहा है। अब तक शहरी क्षेत्र में 9 स्थानों पर उनके कार्यकाल में छापे मार कार्यवाही हुई जिसमें 27 महिला और 11 पुरूष पकड़े गए। इनमें एक नाबालिग किशोरी भी शामिल है। हाल में शहर के मछली फाटक क्षेत्र स्थित गिर्राज गैस्ट हाउस में छापामार कार्यवाही की गई, जिसमें सामने आया है कि इसके संचालन से जो लोग जुड़े हैं वह शहर के ही रहने वाले हैं और धन कमाने की नियत से उनके द्वारा इस तरह के कारोबार को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसे गैस्ट हाउस, होटल, धर्मशाला स्वामियों के खिलाफ पुलिस, विप्रा, नगर निगम संयुक्त रूप से सीज करने की कार्यवाही की जायेगी, जिससे कि इस तरह के कारोबारियों को वे अपने स्थान उपलब्ध न करायें। पुलिस का उद्देश्य इस कारोबार को सख्ती से रोकना है। इसे लेकर विप्रा और निगम को पत्र लिखे गए हैं और आवश्यक कार्यवाही के लिए दस्तावेज तैयार कराये जा रहे हैं।

आबकारी टीम ने 283 पेटी अवैध शराब पकड़ी

मथुरा। थाना जैंत क्षेत्र में आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए गैर प्रान्तीय अवैध विदेशी शराब से भरे एक ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक से 283 पेटी शराब (2526.12 ली.) बरामद की गई। आबकारी निरीक्षक निहान्त यादव के नेतृत्व में टीम छटीकरा क्षेत्र में अवैध शराब की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मथुरा-दिल्ली नेशनल हाईवे-19 पर कृष्णा वैली के सामने संदिग्ध टाटा ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक में हरियाणा में बिक्री हेतु अनुमन्य भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई बरामद शराब में मैक डॉवेल्स ब्रांड की 51 पेटी बोतल, 58 पेटी हाफ व 18 पेटी क्वार्टर, तथा रॉयल स्टैग ब्रांड की 116 पेटी हाफ व 40 पेटी क्वार्टर शामिल हैं। ट्रक से संबंधित टैक्स इनवॉइस और ई-वे बिल भी मिले, जो फरीदाबाद (हरियाणा) स्थित एक कंपनी के नाम पर पाए गए , ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया।

विद्यालय में किया गया मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित

टूंडला। गुरुवार को गिरधारी लाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुल्हावली फिरोजाबाद के प्रांगण में यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया ।समारोह के मुख्यअतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि एफ एस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉक्टर दिलीप यादव जी ने छात्र छात्राओं को प्रेरणादायक विचारों के साथ आशीर्वाद प्रदान किया।अतिथियों का स्वागत व सम्मान स्मृति चिन्ह देकर प्रधानाचार्य बृजेश यादव यादव एवं समस्त स्टाफ द्वारा मल्यार्पण कर किया ।कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश एवं प्रबंधन प्रदीप यादव ने किया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं सोनम यादव 86%, निकिता 82%, अंकित 79%, अंकुश 75%, सोनी 78%, नंदिनी 77%, प्रियंका 77%, सभी को मुख्य अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर अपना आशीर्वाद एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय मनोज चौधरी जगबीर सिंह अखिलेश कुमार राव टीकाराम विशुन हरी जितेंद्र सिंह रुमाल सिंह हसरत शाह आदि उपस्थित रहे।

पुलिस ने 106 खोए हुए मोबाइल बरामद कर सौंपे

फिरोजाबाद। सर्विलांस टीम एवं जनपद पुलिस टीम द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल खोने के सम्बन्ध में दर्ज करायी गयी शिकायतों के आधार पर आवेदकों के भिन्न-भिन्न कम्पनियों के 106 मोबाइल जिनकी अनुमानित कीमत करीब 19 लाख रुपये को बरामद कर आवेदकों के सुपुर्द किया गया।भारत सरकार द्वारा देश भर में गुम हुए मोबाइलों की शिकायत दर्ज करने हेतु सीईआईआर पोर्टल चलाया जा रहा है ।जिस पर आवेदक अपने गुम हुए मोबाइल की शिकायत स्वयं दर्ज कर सकते है ।मुख्यालय स्तर से गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी हेतु अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लाँग्हे के निर्देशन में गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में सर्विलांस टीम द्वारा थानों की पुलिस टीम के साथ समन्वय स्थापित कर आवेदकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर अपने मोबाइल गुम होने के सम्बन्ध में जनपद के समस्त थानों पर दर्ज करायी गयी शिकायतों का संज्ञान लेकर कुल 106 मोबाइल भिन्न-भिन्न कम्पनियों के बरामद कर आवेदकों को सुपुर्द किया गया। बरामद किए गये मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 19 लाख रुपये है। जनपद में अब तक कुल 1276 मोबाइल भिन्न-भिन्न जनपद राज्यों की पुलिस के साथ समनवय स्थापित कर बरामद कर आवेदकों के सुपुर्द किये जा चुके हैं। अपने गुम हुए मोबाइल पाकर आवेदकों द्वारा फिरोजाबाद पुलिस का आभार प्रकट किया गया। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस मय टीम जनपद फिरोजाबाद, समस्त थाना प्रभारी/प्रभारी निरीक्षक मय टीम जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

चोरी के इरादे से घुसे चोर को परिजनों ने दबोचकर किया पुलिस के हवाले

शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र के गांव रामनगर में एक चोर घर का दीवार फांदकर घर में घुस गया। चोर की आवाज सुनकर घर में जगार होने पर चोर को पकड़ लिया। परिजनों ने चोर की पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित ने आरोपी चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। शिवम पुत्र सुबेदार सिंह निवासी रामनगर अपने घर में परिवार के साथ सो रहा था। 29 अप्रैल की रात एक चोर घर की दीवार को फांदकर चोरी के इरादे से घुस आया। चोर हाथों में सरिया पकड़े हुए था। चोर ने घर में घुसते ही सरिया से अलमारी का ताला तोड़कर दिया। ताला टूटने के आवाज सुनकर घर में मेरी पीड़ित की मां यशोदा, पत्नी जाग गई। घर में चोर देखकर वह हैरत में पड़ गई। शोर को देखकर उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। महिलाओं का शोर सुनकर घर में जगार हो गई। परिजनों ने चोर की घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। परिजनों ने चोर की जमकर पिटाई कर दी। पकड़े गए चोर ने अपना नाम राजेश निवासी ककरारा थाना घिरोर जिला मैनपुरी बताया। पीड़ित पक्ष ने चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस चोर से पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने चलाया दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान

टूंडला। थाना पचोखरा पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक अमित तोमर के नेतृत्व में गुरुवार को थाने के सामने दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने गुजरने वाले वाहनों को रोककर उनके कागजातों की गहन जांच की। इस दौरान बिना हेलमेट चल रहे चालकों,ट्रिपल राइडिंग करने वालों तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा कई वाहनों के चालान काटे गए और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया गया। प्रभारी निरीक्षक अमित तोमर ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं और सभी जरूरी दस्तावेज अपने साथ रखें।

श्रीराधा गोविंद देव पंचांग का किया गया विमोचन

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। दीपक ज्योतिष भागवत संस्थान द्वारा आयोजित मासिक गोष्ठी में गोपाल गली स्थित संस्थान के कैंप कार्यालय पर ज्योतिषाचार्य पं.कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी द्वारा संपादित श्रीराधा गोविंद देव पंचांग का वैदिक विधि विधान के साथ विमोचन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान में भारत में ही नहीं विदेशों में भी श्री राधा गोविंद देव पंचांग को लेकर लोगों में भारी उत्सुकता दिखाई देने लगी है और भारतीय ज्योतिष शास्त्र के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने कहा मथुरा जनपद के सभी प्रमुख मठ, मन्दिर, आश्रम, देवालयों व ब्रज के पूज्य संतों, धमार्चार्यों, भागवत प्रवक्ताओं, विद्वानों,व धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र के गणमान्य लोगों को श्री राधा गोविंद देव पंचांग का समर्पण किया जाएगा।

गोष्ठी में संस्कृत भारती के अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने कहा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 से प्रारंभ होने वाले भारतीय काल गणना के अनुसार सभी तिथि, नक्षत्र, योग, पर्व,तीज त्यौहार, व्रत और सभी धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों के शुभ मुहूर्तों की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रत्येक परिवार में पंचांग का होना अति आवश्यक है। ज्योतिषाचार्य पंडित दीपक चतुर्वेदी एवं ज्योतिषाचार्य पंकज चतुर्वेदी ने बताया कि श्री राधा गोविंद देव पंचांग विगत 36 वर्षों से सभी के सहयोग से निरंतर प्रकाशित किया जा रहा है। भारतीय काल गणना के अनुसार सूर्य और चन्द्रमा की स्थिति के आधार पर वार तिथि नक्षत्र योग और करण पांच अंगों के माध्यम से शुभमुहूर्त व्रत त्यौहार व ग्रहों की सटीक जानकारी पंचांग से प्राप्त होती है। साहित्याचार्य शरद चतुर्वेदी, पं सौरभ शास्त्री ने कहा कि अक्षांश 27,28 एवं रेखांश 77,41 इस पंचांग के आधार स्तम्भ हैं। गोष्ठी में रामदास चतुर्वेदी शास्त्री ने संचालन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति सभ्यता और संस्कारों को सुरक्षित रखने के लिए पंचाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। गोष्ठी में ऋषभ देव चतुर्वेदी का उत्साहवर्धन करते हुए विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर पंडित निरंजन शास्त्री, मनोज पाठक, मनीष पाठक, तरुण नागर,शरद शास्त्री, ऋषभ देव, गोविंद देव, ने श्रीराधा गोविंद देव पंचांग की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से पंचांग के प्रकाशन में सहयोग प्रदान करने वालों का आभार व्यक्त किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्री तोड़ने की सीएमओ से की शिकायत

टूंडला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टूण्डला की बाउंड्री वॉल तोड़कर अवैध रूप से निजी दुकान खोलने के सम्बन्ध में भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय परमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से शिकायत की है। उन्होंने शिकायत में अवगत कराया है कि विगत कुछ दिनों से सीएचसी अस्पताल परिसर की सुरक्षा दीवार बाउंड्री वॉल को एक स्थान से तोड़कर वहां निजी व्यावसायिक दुकान का रास्ता निकाला गया है।अस्पताल की बाउंड्री वॉल सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। दीवार टूटने से अस्पताल परिसर में असामाजिक तत्वों का प्रवेश सुगम हो गया है, जिससे मरीजों और अस्पताल की संपत्ति को खतरा पैदा हो गया है ।सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाकर निजी लाभ के लिए किया जा रहा यह कार्य पूरी तरह से नियमों के विरुद्ध है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह कार्य स्थानीय स्तर पर मिलीभगत या बिना किसी डर के किया जा रहा है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मौके का तत्काल निरीक्षण कराकर अवैध रूप से खोली गई दुकान और टूटी हुई दीवार की जांच कराने व दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही अस्पताल की बाउंड्री वॉल को पुनः बनवाकर सरकारी संपत्ति को सुरक्षित करने की भी मांग की है।

पालिकाध्यक्ष के नेतृत्व में महिला जन आक्रोश पैदल मार्च निकला, जमकर की नारेबाजी

जिला संवाददाता (vol)

शिकोहाबाद। नगर में महिला आरक्षण बिल में संशोधन बिल के पास न होने के चलते महिला जन आक्रोश पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें पालिकाध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों महिला शामिल हुई। पैदल मार्च नगर पालिका से शुरू होकर थाने पर पहुंचा जहां महिलाओं ने विरोधी दलों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पालिकाध्यक्ष रानी गुप्ता ने कहा कि महिला को 33 प्रतिशत आरक्षण बिल लोकसभा में पास हुआ था। उसमें संशोधन के लिए बेल पेश किया लेकिन कांग्रेस से लेकर सपा ने महिला संशोधन बिल का विरोध करके अपनी महिला विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। बिल पास होने से महिलाओं को राजनैतिक क्षेत्र से लेकर अन्य क्षेत्र में 33 प्रतिशत आरक्षण मिल जाता। लेकिन सपा, कांग्रेस महिला बिल के पास न होने से महिलाओं के ऊपर हस रहे हैं। जिसे नारीशक्ति किसी दिशा में स्वीकार नहीं करेगी। नीता धनगर ने कहा कि सपा कांग्रेस महिला विरोधी हैं। उन्होंने सत्ता में रहते हुए कभी महिला बिल पास नहीं किया जब भाजपा ने महिलाओं को शक्ति देने के लिए बिल पेश किया तो सपा, कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों ने विरोध कर महिलाओं के प्रति उनके रवैया को दर्शा दिया है।

इस दौरान नगर नीता धनगर डॉ दुर्गेश यादव मीना शर्मा, माधुरी भारद्वाज श्रुति फराह खान अंजना चौहान आशा भट्ट विनीत गुप्ता श्रद्धा वशिष्ठ रश्मि सिंह आदि महिलाओं के साथ अन्य महिला शामिल थी।

डीएम ने बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप के साथ की बैठक, तैयारियों की समीक्षा

मथुरा। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में वर्ष 2026 में बाढ़ से निपटने हेतु बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों एवं कार्ययोजना की समीक्षा की। डीएम ने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, तटबंधों की स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों, नावों वआवश्यक उपकरणों की उपलब्धता, राहत शिविरों की व्यवस्था तथा खाद्यान्न, पेयजल एवं दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जनपद/क्षेत्र में बाढ़ की संभावनाओं का विस्तृत आकलन किया गया तथा पूर्व वर्षों के अनुभवों के आधार पर तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी आवश्यक संसाधन जैसे नाव, राहत सामग्री, दवाइयाँ एवं आपातकालीन उपकरण समय से उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां पर पूर्व से ही आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया हेतु कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखने तथा आमजन को समय पर सूचना उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी संचार प्रणाली विकसित करने पर भी जोर दिया गया। डीएम ने निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय मजबूत किया जाए, जिससे राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सकीय टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सतर्कता बरतने एवं अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन,उखाड़कर फीडर पर फेंके मीटर

टूंडला। क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में महिलाओं का लगातार प्रदर्शन जारी है, इसी क्रम में गुरुवार को नगला रति विद्युत फीडर पर महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में गढ़ी भक्ति नगला रति, नगला राम किशन व टूंडला क्षेत्र की सैकड़ों की संख्या में एकत्रित महिलाएं फीडर उपकेंद्र पहुंचीं। एकत्रित महिलाओं ने विद्युत फीडर पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने लगाए गए स्मार्ट मीटरों को उखाड़कर फीडर परिसर में फेंक दिया। महिलाओं का आरोप था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अत्यधिक बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं। बिल जमा होने के बावजूद बिजली काट दी जाती है ।बिजली चालू कराने के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त जानकारी और सहमति के मीटर लगाए जा रहे हैं, जिसे वे स्वीकार नहीं करेंगी। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग की। मौके पर मौजूद जे.ई व सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

नगर निगम ने तय किये ई-रिक्शा के लिए 6 रूट,अब अलग-अलग रंगों के स्टीकर से होगी पहचान

फिरोजाबाद। नगर निगम ने शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए ई-रिक्शा के संचालन को लेकर कड़े नियम लागू कर दिए हैं। जिला सड़क सुरक्षा समिति के निर्देश पर यातायात पुलिस और नगर निगम ने मिलकर शहर को 6 अलग अलग रूटों में बांटा है। अब इन रूटों पर चलने वाले ई-रिक्शा के लिए अलग अलग रंगों के स्टीकर अनिवार्य कर दिए गए हैं। सहायक नगर आयुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ई-रिक्शा चालकों को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पंजीकरण कराना होगा। यह पंजीकरण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। चालकों को 100 रुपये शुल्क जमा करके अपने वाहन पर निर्धारित रंग का स्टीकर लगवाना होगा।

लाल स्टीकर: जैन मंदिर चौराहा से स्टेशन रोड (वाया गांधी पार्क चौराहा)। **हरा स्टीकर:** जैन मंदिर से गांधी पार्क (वाया सेंट्रल चौराहा, डाकखाना, दूली चौराहा होते हुए नालबंद)। **नीला स्टीकर:** क्लब चौराहा से कोटला चुंगी, नगला बरी, जाटवपुरी से आसफाबाद तक। **आसमानी स्टीकर:** क्लब चौराहा से ककरऊ कोठी तक। **बैंगनी स्टीकर:** कोटला चुंगी से बम्बा चौराहा और टापा खुर्द रोड पुल चौराहा तक।

ऑरेंज स्टीकर: जैन मंदिर से सुहाग नगर, नगला भाऊ, मीरा चौराहा व ट्रामा सेंटर तक। इस पूरी प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए कर अधीक्षक सुदेश यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है। इस टीम में अरविन्द कुमार, मनोज कुमार और सगीर अहमद को शामिल किया गया है। यह टीम जैन मंदिर चौराहा, क्लब चौराहा, कोटला चुंगी और बम्बा चौराहा पर कैंप लगाकर यातायात पुलिस और ई.टी.एफ. के सहयोग से ई-रिक्शा का पंजीकरण करेगी और उन पर स्टीकर लगाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। प्रशासन का कहना है इस नई व्यवस्था से शहर में अवैध ई-रिक्शा के संचालन पर रोक लगेगी और जनता को जाम से राहत मिलेगी।

डीएम ने नगर निकायों के प्रस्तावों पर की चर्चा

मथुरा। डीएमचंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत अनटाइड ग्रांट एवं टाइड ग्रांट/अवस्थापना विकास निधि धनराशि से कराए जाने वाले विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु गठित समिति की बैठक हुई संपन्न। बैठक में विभिन्न नगर निकायों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं, जिससे आमजन को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि कार्यों के चयन में स्थानीय आवश्यकताओं एवं जनहित को प्राथमिकता दी जाए। डीएमी चंद्र प्रकाश सिंह ने निर्देश दिए कि माननीय जनप्रतिनिधियों से कार्यों का शिलान्यास / लोकार्पण करवाया जाए। बैठक के दौरान पेयजल, सड़क निर्माण, नाली निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, गौशाला निर्माण, कूड़ा प्रबंधन, अंत्येष्टि स्थल तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के संबंध में चर्चा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने निर्देश दिए कि पूर्व में स्वीकृत कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करे, उक्त कार्य को पूर्ण कराया जाए तथा जहां धन का अभाव हो वहा पर तत्काल डिमांड/ मांग पत्र प्रेषित किया जाए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में पशुओं एवं पंछियों/पक्षियों के पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को भी पीने के पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए, सभी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराए। जहां आवश्यकता है, वहां पर टैंकर उपलब्ध करवाए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने निर्देश दिए कि सभी अधिशासी अधिकारी विशेष सफाई अभियान चलाए, दीवारों पर स्वच्छ भारत मिशन की पेंटिंग बनवाए, नाला व नालियों की सफाई कराए, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराए तथा कूड़े का प्रबंधन सुनिश्चित करे।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने निर्देश दिए कि गौशालाओं हेतु अधिकाधिक भूसा दान कराए तथा गौशालाओं तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि अंत्येष्टि स्थल निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए तथा शेड की व्यवस्था सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने निर्देश दिए कि सभी सफाई कर्मचारियों को मिनिमम वेज/ न्यूनतम मजदूरी

ओपेक में बिखराव

वैश्विक तेल कीमतों में स्थिरता के लिहाज से यह शुभ संकेत है कि अब ओपेक में बिखराव हो रहा है। ओपेक ने एक लंबे समय तक तेल कीमतों पर नियंत्रण किया है, लेकिन अब उसके हाथ से सब कुछ निकल रहा है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने तेल निर्यात करने वाले देशों के 12 सदस्यीय समूह ओपेक से अलग होने का फैसला किया है। यह तेल उत्पादक देशों का ऐसा समूह है जिसने दशकों से तेल बाजार को प्रभावित किया है। ओपेक में तीसरे सबसे बड़े तेल उत्पादक यूएई ने 22 सदस्यीय ओपेक प्लस गठजोड़ से भी अलग होने का निर्णय लिया है। उसके इस निर्णय के लिए आर्थिक और राजनीतिक दोनों तरह की वजहों का हवाला दिया जा रहा है। आर्थिक मोर्चे पर इससे यूएई को समय के साथ अपनी क्षमता और उत्पादन बढ़ाने का और अधिक अवसर मिलेगा। स्पष्ट रूप से ध्यान कीमत पर नहीं बल्कि मात्रा पर अधिक है। अनुमानों के अनुसार, यूएई के पास प्रतिदिन लगभग 50 लाख बैरल उत्पादन की क्षमता है, लेकिन वर्तमान ओपेक कोटा के तहत उसे केवल लगभग 34 लाख बैरल प्रतिदिन पंप करने की अनुमति दी गई, जिसे वह अनुचित मानता है। इस प्रकार, वह वैश्विक आपूर्ति को जल्दी बढ़ा सकता है, जिससे कीमतें कम करने में मदद मिलेगी। राजनीतिक मोर्चे पर, यूएई कथित रूप से इस बात से असंतुष्ट है कि क्षेत्र के देश ईरान मामले से कैसे निपटे। हालिया युद्ध के दौरान उसे काफी अधिक हमलों का सामना करना पड़ा। अधिक तेल मात्रा से होने वाली अधिक राजस्व आय पिछले दो महीनों में हुए नुकसान की भरपाई करने में मदद करेगी। यूएई के बाहर निकलने से ओपेक के भविष्य और वैश्विक तेल कीमतों को प्रभावित करने की उसकी क्षमता पर सवाल उठे हैं।

किसी भी स्थिति में, हाल के वर्षों में वैश्विक कच्चे तेल बाजार में उसका प्रभाव घटा है। इसके लिए आंशिक रूप से अमेरिका में बढ़ा हुआ तेल उत्पादन भी योगदान करता है। कई मौकों पर ओपेक सदस्यों ने अधिक तेल पंप किया ताकि कीमतें अपेक्षाकृत कम स्तर पर बनी रहें और अमेरिकी शेल तेल उत्पादन में निवेश को अव्यवहार्य बनाया जा सके। फिर भी, अमेरिका में तेल उत्पादन लगातार बढ़ता रहा है। अब यूएई के बाहर निकलने के साथ, संभव है कि कुछ अन्य ओपेक सदस्य भी निवेश और उत्पादन से संबंधित निर्णय लेने में अधिक स्वतंत्रता पाने के लिए बाहर निकलना चाहें। इससे मध्यम अवधि में वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। किसी भी स्थिति में, अतीत में ऐसे उदाहरण रहे हैं जहां ओपेक सदस्य अपने दिए गये कोटे का पालन नहीं कर पाये, जिससे कीमतों को नियंत्रित करने की क्षमता प्रभावित हुई। हालांकि यूएई के बाहर निकलने का प्रभाव तभी दिखाई देगा जब होर्मुज स्ट्रेट में दोहरी नाकाबंदी को हटाया जायेगा। वर्तमान स्थिति में, इस बात पर कोई स्पष्टता नहीं है कि अमेरिका और ईरान के बीच गतिरोध कितने समय तक जारी रहेगा, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। रिपोर्ट से पता चलता है कि ईरान द्वारा दिए गये प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को स्वीकार्य नहीं हैं। स्ट्रेट पर अमेरिकी नाकाबंदी के साथ, ट्रंप ईरान पर आर्थिक दबाव डालने की कोशिश कर रहे हैं, जो फिलहाल कारगर नहीं दिख रहा है। इस क्षेत्र से जब तेल आपूर्ति का दोबारा शुरू होना अल्पावधि में अनिश्चित बना हुआ है, ओपेक की कमजोरी मध्यम अवधि में स्थायी रूप से तेल की कीमतें कम करने में मदद कर सकती है। भारत अपनी कच्चे तेल की खपत के 85 फीसदी से अधिक के लिए आयात पर निर्भर करता है। इसलिए उसे कम कीमतों से लाभ होगा। यूएई भारत के शीर्ष आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। दोनों देश अधिक मात्रा में तेल व्यापार के लिए दीर्घकालिक अनुबंध कर सकते हैं, जिससे अधिक स्थिरता और पूर्वानुमान सुनिश्चित होगा। इसलिए ओपेक का बिखरना भारत के लिए शुभ है। भारत को यूएई से लंबी अवधि का तेल खरीद समझौता कर कीमतों में स्थिरता बनाये रखना चाहिए।

श्रमिकों के साथ अपनायें मानवीय दृष्टिकोण



अरविन्द जयतिलक

अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस

आज विश्व श्रमिक दिवस है। यह दिवस श्रम के अधिकारों के बारे में जागरुकता प्रसारित करने और उपलब्धियों को संदर्भित करने के लिए मनाया जाता है। श्रमिक दिवस का उद्देश्य संपूर्ण विश्व में सामाजिक-आर्थिक अधिकारों को प्राप्त करना है जिससे विश्व समाज मानवीय बन सके। लेकिन यह चिंताजनक है कि तमाम वैश्विक प्रयासों के बावजूद भी श्रमिक वर्ग बदहाली के दलदल से बाहर नहीं आ सका है। वह आर्थिक बदहाली का दंश झेलने के साथ ही अपने अधिकारों से भी वंचित है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के मुताबिक आज की तारीख में विकासशील देशों में 70 करोड़ से अधिक श्रमिक गरीबी का दंश झेलने को मजबूर हैं। यह वर्ग प्रतिदिन 3.50 डॉलर प्रति व्यक्ति की आय से खुद को उपर नहीं उठा पा रहा है। विकास और प्रगति की दर बेहद धीमी और निराशाजनक है। सच कहें तो विकासशील देश बढ़ते श्रम बल के साथ श्रमिकों को बेहतर जीवन देने में नाकाम हैं।

> अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के जरिए पहले ही रेखांकित हो चुका है कि दुनिया भर में आर्थिक समृद्धि बढ़ी है लेकिन उस अनुपात में श्रमिकों की दशा में सुधार नहीं हुआ है। भारत के संदर्भ में बात करें तो यहां श्रमबल की जनसंख्या तकरीबन 460 मिलियन है। इसमें 430 मिलियन कामगार असंगठित क्षेत्र की विषम परिस्थितियों से जूझ रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के जरिए पहले ही रेखांकित हो चुका है कि दुनिया भर में आर्थिक समृद्धि बढ़ी है लेकिन उस अनुपात में श्रमिकों की दशा में सुधार नहीं हुआ है। भारत के संदर्भ में बात करें तो यहां श्रमबल जनसंख्या तकरीबन 460 मिलियन है। इसमें 430 मिलियन कामगार असंगठित क्षेत्र की विषम परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का तकरीबन 65 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र के कामगारों से प्राप्त होता है। इनमें भी असंगठित क्षेत्र का लगभग 48 प्रतिशत के आसपास महिला कामगारों का है। विचार करें तो महिलाओं पर उत्पादन कार्य और प्रजनन का दोहरा बोझ है। इन महिला श्रमिकों का जीवन बदतर और बदहाल है। जबकि आजादी के बाद से ही देश की सरकारें कल्याणकारी योजनाओं और सुधारवादी कानूनों के जरिए कृषि श्रमिकों, बाल श्रमिकों, महिला श्रमिकों एवं संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के जीवन स्तर को सुधारने में जुटी हैं। कृषि-श्रमिकों की बात करें तो यह वर्ग भारतीय समाज का सबसे दुर्बल अंग बन चुका है। यह वर्ग आर्थिक दृष्टि से अति निर्धन तथा सामाजिक दृष्टि से अत्यंत शोषित है। इस वर्ग की आय बहुत कम है। यह वर्ग गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजारने को अभिशप्त हैं। अधिकांश कृषि-श्रमिक भूमिहीन तथा पिछड़ी, अनुसूचित जाति एवं जनजातियों से हैं। इनके बिखरे हुए एवं असंगठित होने के कारण किसी भी राज्य में इनके सशक्त संगठन नहीं है जो इनके अधिकारों की रक्षा कर सके। नतीजा उनकी समस्याएं दिनों दिन सघन हो रही हैं। देश में कृषि मजदूरों की संख्या में हर वर्ष इजाफा हो रहा है। यह स्थिति तब है जब कृषि-श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार अनेक कार्यक्रम शुरू किये हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह भी है कि कृषि करने वाले किसान ही कृषि-श्रमिक बन रहे हैं। दरअसल प्रकृति पर आधारित कृषि, देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ एवं सूखा का प्रकोप, प्राकृतिक आपदा से फसल की क्षति और ऋणों के बोझ ने किसानों को दयनीय बना दिया है। हां यह सही है कि सरकार ने कृषि-श्रमिकों आर्थिक एवं सामाजिक दशाओं में सुधार के लिए न्यूनतम मजदूरी अधिनियम गढ़ा है। लेकिन इस अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन न होने से श्रमिकों की दशा में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। बेहतर होगा कि सरकार इस अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करे तथा साथ ही श्रमिकों के कार्यों के घंटों का नियमन करे। यह भी सुनिश्चित करें कि अगर कृषि-श्रमिकों से अतिरिक्त कार्य लिया जाता है तो उन्हें उसका उचित भुगतान हो। साथ ही भूमिहीन कृषि-श्रमिकों की दशा सुधारने के लिए उन्हें भूमि दी जाये। जोतों की अधिकतम सीमा के निर्धारण द्वारा प्राप्त अतिरिक्त भूमि का उनके बीच वितरण किया जाए। भू आंदोलन के अंतर्गत प्राप्त भूमि का वितरण करके उनके जीवन स्तर में सुधार लाया जाए। गौर करें तो महिला श्रमिकों की हालत पुरुष श्रमिकों से ज्यादा त्रासदी और चुनौतीपूर्ण है। एक आंकड़े के मुताबिक विश्व के कुल काम के घंटों में से महिलाएं दो तिहाई काम करती हैं। लेकिन इसके बदले में उन्हें सिर्फ 10 प्रतिशत ही आय प्राप्त होता है। भारतीय संदर्भ में महिला श्रमिकों की बात करें तो पिछले दो दशक के दौरान श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

भारत में अधिकतर महिलाएं विशेष रूप से गामीण महिलाएं कृषि कार्य से जुड़ी हैं। पर चिंता की बात यह है कि उन्हें उनके परिश्रम का उचित मूल्य और सम्मान नहीं मिल रहा है। जबकि एक श्रमिक के रुप में महिला श्रमिकों की पुरुष श्रमिकों से अलग समस्याएं होती हैं। लेकिन इसका श्रम कानूनों में कोई उल्लेख नहीं हैं। यह स्थिति ठीक नहीं है। उचित होगा कि देश की सरकारें इस दिशा में सुधारवादी कदम उठाएं। यहां जानना आवश्यक है कि संगठित क्षेत्र में हजारों श्रमिक संगठन हैं। ये संगठन अपनी समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाते हैं और सरकार से अपनी मांग पूरा कराने में भी कामयाब होते हैं। लेकिन असंगठित क्षेत्र को यह लाभ नहीं मिल पाता है। उल्लेखनीय है कि छोटे व सीमांत किसान, भूमिहीन खेतिहर मजदूर, हिस्सा साझा करने वाले, मछुवारे, पशुपालक, बीड़ी रोलिंग करने वाले, भठ्ठे पर काम करने वाले, पत्थर खदानों में लेबलिंग एवं पैकिंग करने वाले, निर्माण एवं आधारभूत संरचनाओं में कार्यरत श्रमिक, चमड़े के कारीगर इत्यादि असंगठित क्षेत्र के श्रमिक हैं। अच्छी बात है कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने असंगठित क्षेत्र में आने वाले श्रमिकों के कल्याण के लिए श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम को अधिनियमित किया है। लेकिन जब तक सरकार सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों को कड़ाई से क्रियान्वयन नहीं कराएगी तब तक उसका समुचित लाभ श्रमिक वर्ग को नहीं मिलेगा। यह सच्चाई है कि सख्त कानून के बावजूद भी कल-कारखाने, कंपनियां और उद्योग समूह अपने कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने से गुरेज नहीं करते हैं। कोरोना महामारी के समय तो हालात और भी अधिक बदतर हो गए थे। ऐसे में आवश्यक कि सरकार श्रमिकों की सुरक्षा के लिए ऐसी कंपनियों और उद्योगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे। चिंता की बात यह भी है कि बाल श्रमिक से जुड़े नए-नए कानूनी प्रावधानों के गढ़ने के बावजूद भी बालश्रम मिटाने की चुनौती बरकरार है। विश्व स्तर पर दुनिया भर में 15.20 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं।

भारत की बात करें तो 2011 की जनगणना के अनुसार तकरीबन एक करोड़ बाल श्रमिक हैं। इनमें 56 लाख लड़के और 45 लाख लड़कियां हैं। गत वर्ष पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने बाल श्रमिकों की दुर्दशा को लेकर सख्त नाराजगी जताते हुए सरकार को ताकीद किया था कि बाल मजदूरी से जुड़ी शिकायतों पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई हो और बचाए गए बच्चों को मुआवजा देने और उनके पुनर्वास का काम 45 दिनों में सुनिश्चित हो। लेकिन इस सख्त आदेश के बावजूद भी बाल श्रमिकों की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं आया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 व 24 में स्पष्ट प्रावधान है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कारखानें और जोखिम भरे कार्यों में नहीं लगाया जा सकता। लेकिन दुखद पहलू यह भी कि बाल श्रम से जुड़े बच्चों का इस्तेमाल वेश्यावृत्ति, पोर्नोग्राफी जैसे घृणित कार्यों में हो रहा है। एक जिम्मेदार राष्ट्र व संवेदनशील समाज के लिए यह स्थिति माथे पर कलंक जैसा है। वैश्विक आंकडों से उद्घाटित हो चुका है कि आज भारत 14 साल से कम उम्र के सबसे ज्यादा बाल श्रमिकों वाला देश बन चुका है।

सोशल मीडिया

अविनाशी काशी में बेहतर कनेक्टिविटी, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधुनिक इन्फ्रा से जुड़ी ये परियोजनाएं काशी एवं उत्तर प्रदेश के विकास को ऊंचाई पर ले जायेंगी। जेपी नड्डा.

भाजपा ने परिसीमन के नाम पर षड़यंत्र का जाल बिछाकर पहले महिला आरक्षण को आने से रोका, महिला आरक्षण को अब सशक्तीकरण का नाम देकर टाल रहे हैं। अखिलेश यादव

मणिपुर में बीएसएफ जवान के घर सोते दो नन्हें बच्चों की हत्या की खबर दिल को चीर देने वाली है। राज्य में हिंसा के तीन साल बाद भी शांति के संकेत नजर नहीं आते। राहुल गांधी

कृत्रिम रक्त के विकास का बढ़ता इंतजार

अनुसंधान

दुनियाभर के सैकड़ों वैज्ञानिक आज से नहीं 19वीं शताब्दी के आखिरी सालों से ही एक ऐसे कृत्रिम खून का सपना देख रहे हैं, जो किसी मरीज को बिना ब्लड ग्रुप मैच करने की चिंता और इंफेक्शन के डर के चढ़ाया जा सके। हीमोग्लोबिन के इर्दगिर्द बनाये गये कई विकल्प अब तक तैयार भी हुए हैं और कई बार ऐसा भी लगा है कि खोज पूरी हो गई। लेकिन अंततः ये सारे विकल्प नाकाम साबित हुए, क्योंकि इनके इस्तेमाल से हार्ट अटैक और मौत का काफी ज्यादा जोखिम बढ़ गया। हालांकि इन दिनों वैज्ञानिक कृत्रिम खून के एक बिल्कुल ठोस विकल्प स्टेम सेल के जरिये यह खून बनाने की कोशिश में लगे हुए हैं। लेकिन अभी भी इसे क्लीनिकल ट्रायल को पूरा करना है और उसके पहले ही कई तरह की आशंकाएं खड़ी हो गई हैं। बावजूद इसके स्कॉटलैंड स्थित एडिनबरा यूनिवर्सिटी के अनुसंधान में लगे वैज्ञानिक उम्मीद से हैं कि जल्द ही वयस्कों के बोन मेरो में बढ़ने वाले स्टेम सेल से यह कृत्रिम रक्त बना लिया जायेगा, जो ओ नेगेटिव कैटेगिरी का होगा और दुनिया के करीब 98 फीसदी जरूरतमंदों के काम आयेगा।

दरअसल कृत्रिम रक्त एक ऐसा उत्पाद है जिसे लाल रक्त कोशिकाओं को प्रतिस्थापित करने के लिए डिजाइन किया जाना है, जिनका काम पूरे शरीर में ऑक्सीजन और कार्बन डाइ ऑक्साइड का परिवहन करना होता है। इसीलिए वैज्ञानिक हीमोग्लोबिन आधारित ऑक्सीजन वाहक या पेरफ्लोरो कार्बन की खोज में हैं। हालांकि शेफील्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि वह एक कृत्रिम 'प्लास्टिक रक्त' विकसित कर रहे हैं, जो आपात स्थिति में पलभर में इस्तेमाल किया जा सकता है। वैसे वैज्ञानिकों की खोज का यह सफर 19वीं शताब्दी के आखिरी दशकों में (साल 1883 में) रिंगर घोल के निर्माण के साथ ही न सिर्फ शुरू हो गया था बल्कि लगने लगा था कि कृत्रिम खून का विकास अब कुछ ही कदम दूर है। क्योंकि रिंगर के घोल ने वैज्ञानिकों को रक्त की शरीर में भूमिका को अच्छी तरह से उजागर कर दिया था, वैज्ञानिक समझ गये थे कि वास्तव में रक्त शरीर में पावर ऑफ हाइड्रोजन को संतुलित करता है और यह काम वह अपने आइसोटोनिक दबाव से करता है। रिंगर घोल पानी में घुले कई लवणों का मिश्रण होता है। यह किसी जानवर के शरीर के तरल पदार्थ के सापेक्ष एक आईसोटोनिक घोल बनाने के उद्देश्य से तैयार किया जाता है। इसमें सोडियम क्लोराइड, पौटेशियम क्लोराइड, कैल्शियम क्लोराइड और सोडियम बाई कार्बोनेट होता है। इस घोल का इस्तेमाल पीएच को संतुलित करने के लिए किया जाता है।

पीएच दरअसल पावर ऑफ हाइड्रोजन यानी की हाइड्रोजन की शक्ति होती है। रिंग का घोल दरअसल किसी को लगे आघात, सर्जरी या जलने के मामले में हुए रक्त नुकसान की भरपायी के लिए होता है। यह घोल गंभीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति में हुए रक्त के नुकसान की भरपायी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। क्योंकि इसमें रक्त के समान दबाव या वजन होता है। कुछ साल पहले अमेरिका में डॉक्टरों ने एक 20 वर्षीय महिला बेस लिन, जो कि एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाने के कारण ट्रॉमैटिक ब्रेन इंजरी (टीबीआई) से गुजरी थी और चूंकि उसे बचाने के लिए तुरंत सर्जरी की जरूरत थी, इसलिए डॉक्टरों ने उसकी मां से अमेरिका के फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) से गैर मान्यता प्राप्त एक दवाई इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी थी, जो उनके मुताबिक सर्जरी के समय बेस लिन के दिमाग को ऑक्सीजन उपलब्ध करा सकती थी। लिन की मां द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद डॉक्टरों ने सर्जरी के लिए इस दवा यानी कृत्रिम रक्त 'ऑक्सीसाइट' का इस्तेमाल किया। यह वही कृत्रिम रक्त था, जिसके तत्वों को वर्जिनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक ने जानवरों पर किए गए परीक्षण के दौरान, दिमाग की क्षति से संबंधित करीबन आधे प्रभावों को नाकाम करने में सफलता पायी थी। तब तक कृत्रिम रक्त के परिवार में ऑक्सीसाइट सबसे नया उत्पाद था। ऑक्सीसाइट से फेज 2 में इलाज किए गए आठ मरीजों में से मात्र एक की मृत्यु हुई थी और जीवित रोगियों में ठीक होने की क्षमता बेहतर रही। बेस लिन के मामले में भी इसका इस्तेमाल सफल रहा था, क्योंकि भयानक रूप से दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भी दो हफ्तों बाद उसके अंदर पुनः चेतना आ गई थी और उसने अपने लकवाग्रस्त दाहिने हिस्से को भी बेहतर पाया था।

अपराजिता.

विराट ब्रह्म की अनुभूति

आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

अंतर्दृष्टि

रोटी के पड़ जायेंगे लाले...

व्यंग्यलोक

अगले चुनाव में जीतने की आज के जमाने में कतई उम्मीद न करें और उसी हिसाब से जितना भी हड़प अथवा हजम कर सकें कर लें, वर्ना आगामी चुनाव के समय आर्थिक परेशानी आ सकती है। हारने पर रोटी के भी लाले पड़ सकते हैं। इसलिए एक बार सरकार में रहकर पाँच पीढ़ियों के ऐशो आराम की व्यवस्था को ध्यान में रखिए। कई बार अंतुले कौतुक-करतब राजनीति में लम्बे समय तक जिन्दा रखते हैं। कोई भी बड़े नेता के नाम पर कोई बड़ा धंधे का धंधा, गबन-घोटाला करके, सत्ता से अलग हो जाओ, तब भी सत्ता में रहने के जैसे ही ऐशो आराम भोग सकते हो। ऐसा करने से राजनीति से अलग और सत्ताहीन होने का दुःख नहीं व्यापता है थोड़ी सावधानी यही रहे कि जरा केन्द्र को भी विश्वास में ले लें, वरना वह आपको चैन की बंशी नहीं बजाने देगा और कोई जाँच आयोग-वायोग का नाटक रचकर फिजूल परेशान किया जाएगा। राज्य में कोई न कोई ऐसा कार्यक्रम प्रारम्भ करवा दें जिसमें गरीबी की पीड़ा निहित हो तो इससे भी समय आसानी से कट जाता है। जैसे दस्यु उन्मूलन अभियान, पिछड़े को पहले, बेघर को घर, जंगल में मंगल, अन्त्योदय तथा सबको रोटी, ये ऐसे नारे और आश्वासन हैं कि जनता का सहज आपके प्रति विश्वास जग आएगा तथा उसकी लार टपकने लगेगी। करना आपको कुछ नहीं है बस सचिवालय से आदेश निकालकर विभागों के निदेशालयों के मार्फत, जिला मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक उनके निर्देश भेज देने हैं। सरपंच, जिला प्रमुख और जिलाधीश आपकी सरकार की दुकान साधे रहेंगे। कई बार स्थिति उस समय बड़ी विषम हो उठती है जब आपके मंत्रिमण्डल में कोई अन्य साथी आपकी बराबर की टक्कर का हो। उससे सचेत तो रहें ही, इसके साथ ही साथ आप केन्द्र से बातचीत करके, उपमुख्यमंत्री का पद सृजित करवाकर उसे वहाँ 'एडजस्ट कर दें। इससे उसका 'ईगो काफी हद तक मर जाएगा और वह खुलकर विरोध करने में संकोच करेगा। लम्बे समय तक सत्ताजीवी रहने के लिए यह भी जरूरी है कि आप जन सम्पर्क अथवा जन आयोजनों में ज्यादा भाग न लेवें। इससे आपके मुँह से अंट-संट निकलने तथा भूल-चूक होने का पूरा खतरा रहता है। इसलिए इस तरह की बातों से बचें और यदि नौबत जाने की आ ही गई है तो मित्तभाषी बनकर महान और बृद्धिजीवी होने का भ्रम उत्पन्न करें। राज्य में कई बार मजदूरों अथवा कर्मचारियों के आन्दोलन भड़क उठते हैं। ये अवसर भी अत्यन्त घातक होते हैं। आप प्रयास कीजिए उन्हें तत्काल राहत की पंजीरी देने की। यदि फिर भी वे लोग काबू में नहीं आ रहे हैं तो एक समिति बना दें तथा उसमें वह व्यक्ति जरूर शामिल कर देवें, जो आपका प्रतिद्वंद्वी हो, इससे जिन्दाबाद, मुर्दाबाद का जयघोष उसके ही नाम बुलेगा।

पूरन सरमा

विचार

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

-जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता से बड़ा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता है।

-चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रैंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

-ज्ञानेश्वरी.

आपकी बात

पहलगाम के एक वर्ष

आतंकवादियों ने 22 अप्रैल 2025 को देश की संप्रभुता को चुनौती दी थी। उन्होंने भारत की प्रभुता, अर्थव्यवस्था पर प्रहार किया था। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया। बेगुनाहों का कत्लेआम किया। ऐसे में यह समय की मांग है कि इन आतंकी शैतानों को मिट्टी में मिलाया जाये। कश्मीर में आतंकी बार-बार दुस्साहस कर रहे हैं। इसलिए इनका खात्मा जरूरी हो गया है। दरअसल ये आतंकी जो भारत में रक्तपात करते हैं, सही मायने में पाकिस्तानी सेना और आईएसआई के दुमछल्ले हैं। पाक सेना की रोटी पर पलते हैं और उसके इशारों पर काम करते हैं। इनकी इतनी हिम्मत नहीं है कि सेना के आदेश के बिना इतनी बड़ी आतंकी हरकत को अंजाम दे पायें। अगर इस हमले के समय की परिस्थितियों को देखें तो बात स्पष्ट है कि पहलगाम में जिस टीआरएफ ने खूनखराबा किया और देश-विदेश के 27 बेगुनाह नागरिकों को मौत के घाट उतारा, उसके पीछे पाकिस्तानी सेना की साजिश थी। इसका संकेत जनरल आसिफ मुनीर ने घटना से पहले ओवरसीज पाकिस्तानी कॉन्फ्रेंस में दिया था। मुनीर ने हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था और कश्मीर को पाकिस्तान का बताया था। आतंकियों ने वही किया जो मुनीर ने कहा था। उन्होंने चुन-चुन कर हिन्दुओं को मारा और कश्मीर को तब सुर्खियों में लाने की कोशिश की जब देश में अमरीकी उपराष्ट्रपति मौजूद थे। कश्मीर में धारा 370 को खत्म किये जाने के बाद सुरक्षा के माहौल में जो व्यापक सुधार हुआ था।

कश्मीर में पर्यटन और कारोबार फिर से लौटा था। यह सब पाकिस्तानी सेना के खिलाफ जा रहा था। सेना दरअसल पाकिस्तान में कश्मीर का चूरन बेंचकर ही बीते छह-सात दशकों से राज कर रही है। ऐसे में जनरल मुनीर ने कश्मीर में टीआरएफ के जरिए खून-खराबा कराकर जहां कश्मीर का अंतर्राष्ट्रीय करण करने की कोशिश की थी, वहीं ब्लूचिस्तान में सेना की विफलता से ध्यान भटकाने की मंशा भी इसमें शामिल रही। बहरहाल यहां मुद्दा यह नहीं है कि पाकिस्तान ने पहलगाम नरसंहार को किस मंशा से अंजाम दिया था। असली मुद्दा यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत आगे क्या करेगा? यही वह सवाल है जो देशवासियों को पहलगाम नरसंहार के बाद झकझोर रहा है। पाकिस्तान को जवाब देने के लिए फिलहाल भारत के पास बहुत विकल्प हैं। इसलिए पाकिस्तान के खिलाफ एक लंबी कूटनीतिक और आर्थिक जंग छेड़ कर न सिर्फ पहलगाम का बदला लिया जा सकता है बल्कि पाकिस्तान को कम से कम दो-तीन टुकड़ों में बांटा भी जा सकता है। फिलहाल कश्मीर में पाकिस्तान आतंकवाद कराता रहेगा। जब भी कश्मीर समस्या हल होते दिखेगी तो पाकिस्तान आग लगाकर सुलगा देगा। इसलिए अब सिर्फ आतंकियों को मारने से या सैन्य आपरेशन से ही बात नहीं बनेगी। ट्रंप युग में पाकिस्तान अमरीका का दुलारा हो गया है। ऐसे में भारत को दुनिया की परवाह किये बिना पाकिस्तान विद्रोह भड़काना चाहिए। सिंध, ब्लोचिस्तान और खैबर में पाकिस्तान विरोधी गुटों की मदद कर पाकिस्तान को कमजोर करना चाहिए और उसे आतंरिक मामलों उलझाकर कमजोर करना चाहिए। यही पाकिस्तान के खिलाफ भारत का उचित बदला होगा।

ब्रजेश कुमार सिंह, लखनऊ.

औद्योगिक पिछड़ापन

प्रदेश में औद्योगिक पिछड़ेपन की समस्या अभी भी सघन रूप में विद्यमान है। विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी थी।

कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

बस की टक्कर से बाइक सवार अध्यापक की मौत

गोसाईंगंज-अयोध्या। थाना महराजगंज में अनियंत्रित निजी बस की टक्कर से बाइक सवार अध्यापक की मौत हो गयी। मामले में अध्यापक की पत्नी की तहरीर पर बस व चालक के खिलाफ केस दर्जकर कार्यवाही की जा रही है। एसएचओ राजेश सिंह के मुताबिक वजीरगंज जप्ती अयोध्या निवासी 35 वर्षीय जनमेजय शाह मया ब्लाक के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकपुर में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे और प्रतिदिन घर से आते जाते थे। गुरुवार की सुबह वह बाइक से विद्यालय जा रहे थे। वे जैसे ही महराजगंज थाने के पास पहुंचे कि तभी अम्बेडकरनगर की तरफ से आ रही एक अनियंत्रित निजी बस ने जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार धमाके की आवाज सुनकर पहुंचे सिपाही व स्थानीय लोगो ने उन्हें मया सीएचसी भिजवाया, प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकिसालय दर्शननगर रेफर कर दिया गया, जंहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौप दिया। मृतक के परिवार में उनकी विधवा माँ, पत्नी व डेढ़ वर्षीय पुत्री है, जिनके करुण क्रंदन से लोग दहल गए।

बाढ़ से निपटने की कार्य योजना मुहैया करायें विभाग

जिला संवाददाता

बहराइच। जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सम्बन्धित विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित ह्यह्यबाढ़ स्टेयरिंग ग्रुपह्लह्ल की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बाढ़ से सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना जल्द से जल्द उपलब्ध करा दें जिससे बाढ़ के सम्बन्ध में प्रभावी कार्ययोजना को अन्तिम रूप प्रदान किया जा सके।

जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने सभी सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि समय रहते बाढ़ चैकियों के लिए चिन्हित स्थानों का भ्रमण कर आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कराएं। क्षेत्र के चिन्हित गोताखोरों एवं नाविकों के मोबाइल नम्बर तथा क्षेत्र में नावों की उपलब्धता इत्यादि की सूची तैयार कर ली जाय। सम्भावित सूखे एवं ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर ड्रेनेज, नलकूप व जिला पंचायत राज विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से सभी जल स्रोतों को एक सप्ताह में भरवाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन तथा मवेशियों को संभावित सूखे के दौरान पानी की दिक्कत न हो। डीएम श्री त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्पों को क्रियाशील रखा जाय। सिंचाई विभाग को निर्देश दिया है कि रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन सुनिश्चित कराते हुए यह भी सुनिश्चित करें कि पानी नहरों की टेल तक अवश्य पहुँचे। नलकूप विभाग को निर्देश दिया गया है कि शुष्क मौसम एवं संभावित सूखे को दृष्टिगत रखते हुए सभी राजकीय नलकूपों को चालू हालत में रखें। यांत्रिक एवं विद्युत दोष से बन्द नलकूपों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित कराया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि छोटी-मोटी फाल्ट से नलकूप बन्द न होने पाएं। समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि गर्मी के मौसम में लू-प्रकोप के दृष्टिगत सभी कार्यस्थलों पर श्रमिकों इत्यादि के लिए स्वच्छ पेयजल का उपयुक्त प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाय।

विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया है कि खराब ट्रांसफार्मर्स को तत्काल ठीक करा दें तथा जिन स्थानों पर ओवर लोडिंग के कारण कोई समस्या हो वहाँ पर उचित बन्दोबस्त कर दिये जाएं। विशेषकर बाढ़ क्षेत्रों में संभावित बाढ़ के लिए अभी से कार्ययोजना तैयार कर लें। बाढ़ खण्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लो.नि.वि. के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर बाढ़ क्षेत्र के सड़कों इत्यादि के अनुरक्षण समय से कराना सुनिश्चित करें ताकि बचाव व राहत कार्यों के संचालन में कोई कठिनाई न हो। डीएम ने सीवीओ को निर्देश दिया कि बाढ़ एवं सूखे के मद्देनजर पशुओं के चारे व उपचार आदि की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। कृषि, आपूर्ति एवं पुलिस विभाग को भी खाद, बीज, उर्वरक, खाद्यान्न तथा सुरक्षा व्यवस्था हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया है कि बाढ़ एवं सूखे की स्थिति में सभी आवश्यक दवाओं के प्रबन्ध तथा पीएचसी व सीएचसी पर आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाय। आमजनमानस द्वारा अपनायी जाने वाली सावधानियों इत्यादि के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि लोगों को इस बात की जानकारी रहे कि किसी आपदा की स्थिति में उन्हें क्या करना है और क्या नहीं करना है।

बैठक का संचालन मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने किया। इस अवसर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. संजय कुमार, बीएसए आशीष कुमार, बाढ़, सिंचाई व नलकूप खण्ड के अधि.अभि., सम्बन्धित तहसीलों के एसडीएम व तहसीलदार, पशुपालन, स्वास्थ्य, पंचायती राज विभाग के अधिकारी, नगर निकायों के अधि.अधि. तथा जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

नवागत एसडीएम का जन व्यापारी उद्योग व्यापार मंडल ने किया स्वागत

बाराबंकी। जन व्यापारी उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रोहिताश्व दीक्षित के नेतृत्व मे व्यापारियो ने नवागत उप जिलाधिकारी गुजिता अग्रवाल को मोमेटो व बूके देकर स्वागत किया। तथा अपनी विभिन्न समस्याओ से अवगत कराया। उप जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनने और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाये जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक माo अकील, जिलाध्यक्ष अंकुर जैन, महासचिव मुजीबुद्दीन अंसारी, सरदार सतपाल सिंह, हसन अब्बास, बाहुबली जैन, संतोष गुप्ता, नितीश जैन, प्रदीप मिश्रा, संतोष राजाराम, तेज जैन, राजनाथ वर्मा, शशीकांत गुप्ता, अखिलेश वर्मा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

पागल कुत्ते ने महिला समेत छह लोगों का काटा , जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

बहराइच। जिले के खैरीघाट इलाके में स्थित मक्का पुरवा ग्राम में एक पागल कुत्ते एक महिला व तीन मासूमों समेत छह लोगों को काटकर घायल कर दिया शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने जानवर को लाठी डंडे लेकर दौड़ाया जिसके बाद वो भाग गया। मक्कापुरवा ग्राम में गुरुवार की भोर में घर में सोते समय एक पागल कुत्ते ने महिला व बच्चों पर हमला कर दिया। सबसे पहले उसने आंगन में सो रही 60 वर्षीय शिव कुमारी के ऊपर हमला कर इसके सिर को नोच दिया , उसके बाद समसुल्लका, 30 वर्षीय मीरा देवी और उनके 8 वर्षीय अंकित,12 वर्षीय गजरा देवी और 6 वर्षीय चंटा देवी को काटकर घायल कर दिया। सभी पीड़ित अपने घरों में सो रहे थे तभी उन पर हमला हुआ ।ग्रामीणों और परिजनों ने किसी तरह कुत्ते से लोगों को बचाया और सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद, शिवकुमारी के सिर में अधिक घाव होने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया । जहां पर चिकित्सकों की ओर से इलाज किया जा रहा है । ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से क्षेत्र में घर रहे आवारा पशुओं को पकड़ने की मांग की है ।

उद्यमियों को मिलेगा सस्ता सोलर लोन

अयोध्या। शहर के कृष्ण पैलेस होटल में कृष्णा सोलर इंडस्ट्रीज चैनल पार्टनर टाटा पावर सोलर अयोध्या द्वारा आयोजित सिडबी के साथ और टाटा पावर सोलर का इवेंट का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि उद्योगपति सुमित जायसवाल और सिडबी के जीएम जयकुमार गुप्ता, टाटा पावर के वरिष्ठ जाफर जिले के वरिष्ठ सीए सज्जन अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन कृष्णा सोलर इंडस्ट्री चैनल पार्टनर उदय प्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अयोध्या क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सोलर एनर्जी अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आसान वित्तपोषण की सुविधा उपलब्ध कराना था। सिडबी के माध्यम से एमएसएमई इकाइयों को टाटा पावर सोलर रूफटॉप लगाने के लिए किफायती दरों पर लोन की सुविधा दी जाएगी, जिससे उनकी बिजली की लागत कम होगी और व्यवसाय को हरित ऊर्जा की ओर बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में स्थानीय उद्यमियों को सोलर रूफटॉप के फायदे, सब्सिडी और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। सिडबी और टाटा पावर की इस पहल से अयोध्या के एमएसएमई सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

विशेष रेस्क्यू ऑपरेशन में चार बच्चों को भिक्षावृत्ति से कराया गया मुक्त

अयोध्या। स्माइल योजना (भिक्षावृत्ति मुक्त भारत अभियान) के अंतर्गत आज कच्चा घाट क्षेत्र में एक विशेष रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस अभियान के दौरान भिक्षावृत्ति में लिप्त 4 बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया गया। रेस्क्यू के पश्चात बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर उनसे बच्चों को भिक्षावृत्ति में न लगाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उम्मीद संस्था के संस्थापक बलवीर सिंह मान, जिला समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह, समाज कल्याण विभाग के कनिष्ठ सहायक अरविन्द कुमार, रीना सिंह एवं सीडब्ल्यूसी के आरक्षी विजय कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त चाइल्ड लाइन से कविता मिश्र एवं अमृत यादव भी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने बच्चों के संरक्षण एवं पुनर्वास की प्रक्रिया में सहयोग किया। उम्मीद संस्था की टीम के सदस्य अभिषेक, राजू एवं विकास ने भी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के निदेर्शानुसार 4 में से 3 बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ भेज दिया गया, जबकि एक बच्चे को आवश्यक देखरेख एवं सुधार हेतु बाल सुधार गृह भेजा गया। यह अभियान भिक्षावृत्ति उन्मूलन एवं बच्चों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

आईसीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित, पल्लवी व आनंदी बने जिला टॉपर

अयोध्या। गुरूवार को आईसीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जनपद के मेधावी छात्रों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। एचसीजे स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा पल्लवी निषाद ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। पल्लवी का सपना भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर देश की सेवा करना है। वहीं, एचसीजे स्कूल की इंटरमीडिएट छात्रा आनंदी यादव ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आनंद आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हैं। दोनों मेधावियों की सफलता पर विद्यालय परिवार व अभिभावकों में खुशी की लहर है। शिक्षकों ने इसे उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम बताया है। इस वर्ष भी जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय एचसीजे एकेडमी का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। छात्रों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए शानदार सफलता हासिल की और पूरे शहर व स्कूल का नाम रोशन किया। आईसीएसई 10वीं की परीक्षा में छात्रा पल्लवी निषाद ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अम्बरीश श्रीवास्तव 89 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा आर्या यादव 88 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा वैष्णवी, अंशुमिता सहित कई छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर टॉप टेन में जगह बनाई। आईएससी 12वीं की परीक्षा में छात्रा आनंदी ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। मनस्वी 91 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और कुशल सिंह 87 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। चहक, सुप्रिया आदि छात्र-छात्राओं ने भी टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया। एच0सी0जे0 एकेडमी की प्रबंध निदेशिका डॉ शिक्षा जैन एवं उमेश जैन ने शत-प्रतिशत परिणाम पर कहा कि यह स्कूल की बेहतरीन शिक्षा प्रणाली को दशार्ता है। परिणाम के बाद स्कूल परिसर में जश्न का माहौल रहा और सभी ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाइयां दीं। प्रधानाचार्य दिलीप कुमार गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी अशोक कुमार तिवारी और उप प्रधानाचार्या शिप्रा मेहरोत्रा ने इस ऐतिहासिक सफलता पर खुशी जाहिर की।

नालों की सफाई 31 मई से पहले पूरी हो

अयोध्या। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा है कि आगामी 31 मई तक नालों की सफाई व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित कर ली जाए, ताकि बरसात के दौरान जल भराव की समस्या पर काबू पाया जा सके। वह नगर आयुक्त येंद्र कुमार के साथ नगर निगम के स्वास्थ्य एवं निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्षदों से संपर्क कर एवं स्थानीय नागरिकों से फीडबैक लेकर बरसात के दौरान रास्तों पर जल भराव के संभावित स्थलों को चिन्हित कर लें, जहां आवश्यकता हो, वहां राबिस भर दें ताकि जल भराव के दौरान लोगों को आवागमन में दिक्कत ना हो। उन्होंने जल निकासी के लिए आवश्यकता अनुसार छोटी ड्रेनेज का निर्माण कराने एवं पंप लगाने के लिए स्थलों को चिह्नित कर समय से प्रक्रिया पूरी कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों का बीट निर्धारित कर रोस्टर जारी कर दिया जाए और इसकी नियमित समीक्षा की जाए। नगर आयुक्त ने नाला सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को 24 घंटे के बाद हटाए गए सिल्ट हटाने का निर्देश दिया। नगर क्षेत्र में 154 बड़े एवं 245 छोटे नालों की सफाई की जानी है। समीक्षा बैठक में महापौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण को गंभीरता से लेने और आम नागरिकों से फीडबैक लेकर खामियों को दूर करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडे आदि मौजूद थे।

सेप्टी टैंक की सफाई करने वाली संस्था के पंजीकरण न कराने पर होगी कार्रवाई

-नगर निगम ने समीक्षा बैठक में सेप्टी टैंक की सफाई करने वाली निजी संस्थाओं को पंजीकरण कराने के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी है। कहा है कि ऐसा न करने पर जांच कराकर अवैध रूप से संचालित संस्थाओं पर कार्रवाई की जाएगी। हैदरगंज सेप्टी टैंक दुर्घटना को देखते हुए नगर निगम का यह कदम आवश्यक माना जा रहा था।

हर वार्ड में पांच चरही की होगी स्थापना

-पशु पक्षियों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम ने ठोस पहल की है। उसने प्रत्येक वार्ड में पांच-पांच चरही स्थापित करने की योजना बनाई है। नगर आयुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान चरही स्थापित किए जाने वाले स्थान पर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश जलकल विभाग को दिए हैं।

बिना ट्रीटमेंट के नदी-नालों में गंदा पानी डालने पर नगर निगम सख्त

- नगर आयुक्त ने यश पेपर मिल को चेतावनी जारी करने का निर्देश दिया है। बैठक में बताया गया कि मिल से निकलने वाला गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट के नालों के माध्यम से सरयू नदी में डाला जा रहा है। जनशिकायत को देखते हुए नगर आयुक्त ने अधिकारियों को इसकी जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किये गये बैंक अधिकारी व शाखा प्रबंधक

बहराइच 30 अप्रैल। बैंकों के जिला समन्वयकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित जिला समन्वयकों की समीक्षा बैठक में वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान तथा अन्य स्वरोजगार परक योजनाओं की समीक्षा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 21 बैंक अधिकारियों व शाखा प्रबन्धकों को डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के साथ स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैठक के दौरान बैंक आफ बड़ौदा शाखा दरगाह शरीफ के प्रबन्धक सौरभ गुप्ता, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के दिव्य प्रताप सिंह, इण्डियन बैंक महाराजगंज शाखा के मनीष सिंह, बैंक ऑफ इण्डिया के उमेश कुमार जायसवाल, उ.प्र. ग्रामीण बैंक शाखा महसी के मोहित वर्मा, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के अवनीश सिंह, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा नानपारा के समद आजाद, इण्डियन बैंक मेडिकल कालेज शाखा के हर्षित अग्रवाल, यूको बैंक के आदित्य प्रताप सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के जिला समन्वयक नवीन चन्द्र सुयाल, इण्डियन बैंक के रवि रंजन सिंह, बैंक आफ बड़ौदा के सुरेश पाण्डेय, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के सचिन गुप्ता, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की श्रीमती अंकिता मिश्रा, एचडीएफसी के क्लस्टर हेड विमल कुमार तिवारी, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार मसन्द, उ.प्र. ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक बहराइच रमेश चन्द्र चैधरी व भिनगा के अमित वार्षेण, जिला समन्वयक तिवारी, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के मुख्य प्रबन्धक गौरव श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

यातायात पुलिस को 35 मोबाइल बैरियर किये गये प्रदान

बहराइच। यातायात कार्यालय, पुलिस लाइन परिसर में औपचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें इंडियन बैंक द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (उरफ) नीति के अंतर्गत यातायात पुलिस, बहराइच को 35 मोबाइल बैरियर प्रदान किए गए।प्रदत्त मोबाइल बैरियर का उपयोग नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित करने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नियंत्रण स्थापित करने तथा सड़क सुरक्षा उपायों को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक, जनपद बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा की गई तथा अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) श्री आयुष विक्रम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक यातायात सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।इंडियन बैंक की ओर से अंचल प्रमुख श्री के.सी. साहू, मुख्य प्रबंधक श्रीमती रश्मि अवस्थी एवं मुख्य प्रबंधक सुश्री आराधना सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। अंचल प्रमुख द्वारा अवगत कराया गया कि बैंक सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी जनहितकारी गतिविधियों में सहयोग प्रदान करता रहेगा।

पटना के घोड़े राजधानी ने जीती घुड़दौड़ प्रतियोगिता

सोहावल-अयोध्या। रौनाही मैं 15 वर्षों से निरंतर चल रही हाजी जुबेर खां एवं सुल्तान खां प्रांतीय घुड़दौड़ प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता का चैंपियन पटना बिहार से आए घोड़े राजधानी एक्सप्रेस ने जीती। जिसे 51000 नगद और शील्ड दी गई। दूसरे स्थान पर प्रिन्स यादव का घोड़ा रघुनाथ बेगूसराय रहा। जिसे 21 हजार नगद और शील्ड मिली। तीसरे स्थान पर प्रतापगढ़ का घोड़ा जुल्फिकार घोषित किया गया जिसे 11000 नगद और फील्ड मिली। इसे घोड़े के मालिक सलीम ने प्राप्त किया। छोटे बड़े 48 घोड़े के बीच हुई इस प्रतियोगिता में छोटे घोड़ों की दौड़ में कुशीनगर की रूबी नायक के घोड़े शेरा ने दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। पहले स्थान पर अरुण सिंह का घोड़ा हंसराज रहा।

इसरो में वैज्ञानिक बना देशसेवा करना चाहते हैं संकल्प सिन्हा

लखनऊ। होनहार बिरवान के चिकने होत पात की कहावत को स्प्रिंग डेल कालेज कानपुर के छात्र संकल्प सिन्हा ने साबित कर दिखाया उन्होंने कक्षा दस की आईसीएसई बोर्ड 96 प्रतिशत लाकर अपने गुरूजनों और परिवार का नाम रौशन किया है। उनकी माता ज्योति सिन्हा गृहणी और पिता मनीष सिंह आर्किटेक्ट है। संकल्प सिन्हा इसरों में वैज्ञानिक बना देश सेवा करना चाहते है।

इंजीनियर बनाना चाहती हैं गौरान्वी जायसवाल

लखनऊ। गौरान्वी जायसवाल कक्षा दस आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 95.2 प्रतिशत अंक लाकर अपने गुरूजनों व परिवार का मान बढ़ाया है। इनके पिता करन जायसवाल एक सफल व्यवसायी है। और माता का नाम रचना जायसवाल गृहणी है। गौरान्वी जायसवाल इंजीनियर बना देश सेवा करना चाहती है।

मचेंट नेवी में जाकर देशसेवा करना चाहते हैं अद्वय शुक्ला

लखनऊ। कहते हैं कि वही परिंदें आसमान की ऊंचाइयों को भेदते हैं जिनके पंखों में नहीं हौंसलों में उड़ान होती है। यह बात साबित की हैं लखनऊ सीएमएम गोमती नगर एक्टेंशन के बारहवीं कक्षा के आईसीएसी बोर्ड के छात्र अद्वय शुक्ला ने 86.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल और परिवार का नाम रौशन किया है। उनके पिता संजीव शुक्ला पेशे से आईटी इंजीनियर व माता सरिता शुक्ला शिक्षिका है। अद् वय अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों व माता पिता को देने चाहते है वह बताते है कि भविष्य में मचेंट नेवी में जाने की तैयारी कर रहे है।

सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को एसपी ने सम्मानित कर दी विदाई

बाराबंकी। अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए रेडियो उ0नि0 चन्द्र कुमार यादव, उ0नि0 स0पु0 शिव दास यादव को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने फूलमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर भावभीनी विदाई दी। तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

संदर्भ निस्तारण में शिथिलता पर समाज कल्याण अधिकारी से मांगा गया स्पष्टीकरण

बहराइच। आईजीआरएस व अन्य स्तरों से प्राप्त सन्दर्भों के निस्तारण में रूचि न लेने के कारण सन्दर्भों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण न होने से अनवरत रूप से शिकायकर्ता द्वारा एक ही प्रकरण में पृथक-पृथक माध्यम से प्रार्थना-पत्र प्रेषित किये जाने तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से प्राप्त सन्दर्भों में बिना समुचित परीक्षण किये प्रकरण की नियत तिथि पर स्पेशल क्लोज का प्रस्ताव प्रेषित करने का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा कड़ा संज्ञान लिया गया है।

डीएम श्री त्रिपाठी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय में कार्यवाही न करने तथा आख्या न प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में अपना लिखित स्पष्टीकरण 03 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। डीएम श्री त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारी को सचेत किया है कि समय सीमा के अन्दर स्पष्टीकरण प्राप्त न होने अथवा स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने की स्थिति आपके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

बहराइच। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे।

जागो री जागो संस्था ने जिला महिला अस्पताल में 90 प्रसूताओं फल बांटे

बाराबंकी। जागो री जागो संस्था के तत्वाधान में जिला महिला अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं को मुख्य अतिथि महिला थानाध्यक्ष रत्ना सिंह ने 90 पैकेट फल सेब, संतरा, केला, ब्रेड, बंद, बिस्कुट वितरण किया। वितरण के दौरान महिला थानाध्यक्ष ने कन्याओ से संबंधित सरकारी योजना का लाभ उठाने के प्रति प्रेरित किया। तथा नारी सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन हेतु विशेष रूप से हेल्पलाइन नंबरो 1090, 1098, 112 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि महिला थानाध्यक्ष को संयोजिका ने बताया कार्यक्रम का सामाजिक उद्देश्य भ्रुण हत्या न करें, सरकारी अस्पताल में प्रसव कराएं, बेटी होने पर खुशी मनाएं तथा बेटियों को उच्च शिक्षित बनाएं का संदेश पहुंचाना है। इस अवसर पर संस्था चन्द्र प्रकाश, अधीक्षक डॉ0 प्रदीप कुमार, डॉ0 रवींद्र आहूजा, डा0 रामानंद सिंह, दिनेश प्रसाद वर्मा, रमेश चन्द्र विश्वकर्मा, सोनिया वर्मा, वालेंटियर शालिनी, भावना शुक्ला, बबिता, राखी सैनी, नेहा, खुशी मौजूद रहे।

● महिला थानाध्यक्ष रत्ना सिंह ने कन्याओ से संबंधित सरकारी योजना का लाभ उठाने के प्रति किया प्रेरित

युवती ने फांसी लगा कर दी जान

बांदा। चिल्ला थाना क्षेत्र के तारा गांव के बच्चा डेरा निवासी 34 वर्षीय गीता देवी पत्नी अतुल पटेल ने घरेलू कलह के चलते छत के पाइप पर साड़ी का फंदा बनाकर झूल गई। जब बच्चों व पति ने देखा तो चीख पुकार मच गई। पुलिस को जानकारी दी। पति अतुल पटेल ने बताया कि मैं एक माह पहले दिल्ली से आया था। मजदूरी का काम करता हूं। गेहूं की कतराई के लिए आया था। 30 तारीख को मेरा दिल्ली जाने का टिकट था। उससे पहले यह घटना हो गई। बताया कि मेरे एक लड़की व एक लड़का है। मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।

संक्षेप

एचएफसीएल का वार्षिक और तिमाही निष्पादन सबसे अच्छा

नईदिल्ली।एचएफसीएल लिमिटेड (एचएफसीएल) ने मार्जिन में उल्लेखनीय विस्तार के साथ वित्त वर्ष 2024-25 के मुकाबले वित्त वर्ष 2025-26 में आय में 21 प्रतिशत से अधिक वृद्धि के साथ अब तक का सर्वश्रेष्ठ वित्तीय निष्पादन किया है। इस कपनी ने वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने, नए उत्पादों को पेश कर और कारोबारी मिक्स में उल्लेखनीय सुधार के साथ क्षमता बढ़ाने की अपनी रणनीति को सफलतापूर्वक लागू कर अब तक का सर्वश्रेष्ठतिमाही निष्पादन भी दर्ज किया है। यह निष्पादन एचएफसीएल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि एक उत्पाद नीत पोर्टफोलियो के सहयोग, निर्यात विस्तार और रक्षा क्षेत्र के एक उच्च वृद्धि वाले वर्टिकल के तौर पर उभरने से यह कंपनी एक संरचनात्मक रूप से मजबूत और वैश्विक उद्यम के रूप में उभरी है। वित्त वर्ष 2025-26 एचएफसीएल के लिए एक निर्णायक वर्ष रहा जिसमें हमने आय में साल दर साल 21 प्रतिशत से अधिक और पीबीटी में साल दर साल 97 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ निष्पादन हासिल किया है।

वनप्लस ने पेश किया वनप्लस पैड 4

नयी दिल्ली। वनप्लस ने आज वनप्लस पैड 4 पेश किया है।यह लेटेस्ट फ्लैगशिप टेबलेट असीमित प्रोडक्टिविटी, क्रिएटिविटी और मनोरंजन प्रदान करने के लिए बनाई गई है। इसमें स्नैपड्रैगन 8 एलाईट जेन 5 प्लेटफॉर्म के साथ 33.53 सेमी (31.2 इंच) का 3.4के डिस्प्ले, 13,380 एम.ए.एच की शक्तिशाली बैटरी और फ्लैगशिप प्रोडक्टिविटी टूल्स दिए गए हैं, जिनकी मदद से स्लीक और पोर्टेबल वनप्लस पैड 4 बिल्कुल कंप्यूटर जैसी परफॉर्मेंस प्रदान करता है।वनप्लस पैड 4 को प्रोफेशनल्स, क्रिएटर्स और मल्टीटास्कर्स के लिए बनाया गया है। इसमें सबसे बेहतर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अनुभव दिए गए हैं, जिनमें 11हट्र्ज का रिफ्रेश रेट, आठ स्पीकर का शानदार स्पैशियल ऑडियो सेटअप, 80 वॉट की सुपरवूक फास्ट चार्जिंग और लगातार स्मूथ परफॉर्मेंस के लिए एडवांस्ड कूलिंग शामिल है।

एशियन पेंट्स ने अपना नया कैंपेन रंगों की वॉरंटी पेश किया

नयी दिल्ली।एशियन पेंट्स ने अपना नया कैंपेन रंगों की वॉरंटी पेश किया है, जो पिछले साल शुरू किए गए एशियन पेंट्स की वॉरंटी, भारत का हर दूसरा घर कहता है की सोच को आगे बढ़ाता है। अपनेपन और भावपूर्ण संगीत से सजी यह कैम्पेन दिखाती है कि कैसे एशियन पेंट्स के रंगों से रंगे भारतीय घर रोजमर्रा की ज़िंदगी और यादों का हिस्सा बन जाते हैं।सरल और सहज पलों के जरिए यह दर्शाती है कि जीवन में बदलाव आने पर भी ये रंग नहीं बदलते, मात्र पेंट से कहीं बढ़कर, ये जाने-पहचाने स्थान बन जाते हैं जिन्हें लोग पहचानते हैं।यह इस बात को पुष्ट करती है कि एशियन पेंट्स के लंबे समय तक टिकने वाले रंग न सिर्फ दीवारों पर रहते हैं, बल्कि लोगों के मन में भी बस जाते हैं और समय के साथ घरों की सच्ची पहचान बन जाते हैं।

आईडीबीआई बैंक ने की 2025-26 के वित्तीय नतीजों की घोषणा

नयी दिल्ली। आज आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा कर दी ।वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में बैंक ने रुपये 1,935 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही रुपये 1,943 करोड़ का ऑपरेटिंग प्रॉफिट दर्ज किया। एनआईएम15बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ4.15% रहा। सी.आर.ए.आर में साल-दर-साल 160 बीपीएस की वृद्धि के साथ 26.65% दर्ज हुआ। रिटर्न ऑन एसेट्स (आर.ओ.ए) में साल-दर-साल 29 बीपीएस की वृद्धि दर्ज हुई और यह 2.27% रहा। 31 मार्च, 2026 को शुद्ध एनपीए अनुपात 0.15% पर स्थिर रहा। सकल एनपीएअनुपातमें 31 मार्च, 2025 को 2.98% की तुलना में सुधार हुआ और 31 मार्च, 2026 को यह 2.32% दर्ज हुआ ।31 मार्च, 2026 को पीसीआर 99.39% रहा, जो सितंबर 2023 से लगातार 99% से ऊपर बना हुआ है। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में बैंक ने ?1,943 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया।,ऑपरेटिंग प्रॉफिट ?3,043 करोड़ रहा।,शुद्ध ब्याज आय (एन.आई.आई) में साल-दर-साल 17% की वृद्धिहुई और यह ?3,851 करोड़ रही।एन.आई.एम 15बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ 4.15% दर्ज हुआ। रिटर्न ऑन एसेट्स (आर.ओ.ए) 1.75% रहा।

कच्चे तेल में तेजी से सेंसेक्स गिरा

मुंबई। कच्चे तेल के ऊंचे स्तर, कमजोर वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स करीब 583 अंक नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 180 अंक टूट गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 582.86 अंक यानी 0.75 प्रतिशत टूटकर 76,913.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह।,237.5 अंक तक लुढ़क गया था लेकिन दोपहर के सत्र में कुछ संभल गया। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 180.10 अंक यानी 0.74 प्रतिशत गिरकर 23,997.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.52 प्रतिशत गिरकर 116.2 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,468.42 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। शुरुआत में घबराहट भरी बिकवाली के बाद बाजार में सुधार देखने को मिला।हालांकि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.84 प्रतिशत के नुकसान में रहा जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.58 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड को सर्वाधिक 2.13 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। पीएसयू बैंक खंड में 1.66 प्रतिशत, रियल्टी खंड में 1.44 प्रतिशत और जिंस खंड में 1.36 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। यह गिरावट मुख्य रूप से कच्चे तेल में आए तेज उछाल की वजह से आई। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल की आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। चार साल में पहली बार ब्रेंट क्रूड ने 120 डॉलर प्रति बैरल का भी स्तर छू लिया। इससे महंगाई को लेकर चिंता बढ़ी है और वैश्विक बाजारों पर दबाव पड़ा है। घरेलू स्तर पर वाहन, बैंक, धातु और रियल एस्टेट शेयरों में गिरावट रही, जबकि आईटी और दवा कंपनियों में चुनिंदा खरीदारी देखने को मिली। घरेलू शेयर एवं विदेशी मुद्रा बाजार शुक्रवार को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर बंद रहेंगे।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे मजबूत होकर 94.84 पर

मुंबई। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे मजबूत होकर 94.84 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और डॉलर में मजबूती के बीच रुपय में तेजी आई।

हालांकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितताओं ने रुपये की धारणा को प्रभावित किया और इसकी बढ़त पर अंकुश लगाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.01 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान टूटकर 95.34 के अब तक के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गया। बाद में इसमें सुधार हुआ और यह 94.84 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। रुपया बुधवार को 20 पैसे की गिरावट के साथ अब तक के सबसे निचले स्तर 94.88 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, जो उस समय का रिकॉर्ड निचला स्तर था। इससे पहले 30 मार्च को भी रुपया कारोबार के दौरान 95.22 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक पहुंचा था। तीन प्रमुख कारणों के संयुक्त प्रभाव से रुपये पर दबाव बना हुआ है। पहला, ब्रेंट क्रूड की कीमत 123 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने से भारत के व्यापार और चालू खाता घाटे के बढ़ने की आशंका है। दूसरा, कृत्रिम मेधा से जुड़े निवेश के बढ़ते आकर्षण के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार बिकवाली जारी है। तीसरा, अमेरिका में बढ़ती महंगाई के कारण वहां के 10 वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल 4.4 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जिससे पूंजी की निकासी को बढ़ावा मिल सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.47 पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव वायदा कारोबार में 1.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 116.08 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार में भी गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 582.86 अंक टूटकर 76,913.50 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 180.10 अंक की गिरावट के साथ 23,997.55 अंक पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 2,468.42 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। आयातकों की डॉलर मांग और वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपये में कमजोरी का रुख बना रह सकता है।

वायदा बाजार में सोना 1791 रुपये मजबूत

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत।,791 रुपये बढ़कर 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। यह बढ़त मजबूत वैश्विक रुझानों के चलते हुई।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितता के बीच नीतिगत ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया। इसका वैश्विक रूख पर सकारात्मक असर पड़ा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव।,791 रुपये यानी 1.2 प्रतिशत की तेजी के साथ।,50,841 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें 9,207 लॉट का कारोबार हुआ। महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर, शुक्रवार को सुबह के सत्र में घरेलू जिंस बाजार कारोबार के लिए बंद रहेंगे। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाल की गिरावट के बाद निचले स्तर पर लिवाली और वैश्विक अनिश्चितता के बने रहने से सोने की कीमतों को समर्थन मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, न्यूयॉर्क में जून अनुबंध वाले कॉमेक्स सोना वायदा 72.41 डॉलर यानी 1.59 प्रतिशत बढ़कर 4,633.91 डॉलर प्रति औंस हो गया।

पीएनजी और एलपीजी दोनों कनेक्शन रखने वाले घरों को चिह्नित कर रही सरकार

नयी दिल्ली। सरकार रसोई गैस पर दी जाने वाली सब्सिडी के दुरुपयोग को रोकने और पात्र उपभोक्ताओं तक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एलपीजी और पीएनजी दोनों कनेक्शन रखने वाले घरों को चिह्नित कर रही है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत 14 मार्च को जारी अधिसूचना में एलपीजी आपूर्ति एवं वितरण आदेश, 2000 में संशोधन करते हुए पीएनजी कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी कनेक्शन रखना या या उसे भराने को प्रतिबंधित कर दिया था। मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बृहस्पतिवार को एक अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोहरा गैस कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं का आकलन किया जा रहा है। अब तक 43,000 से अधिक ऐसे उपभोक्ता अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर चुके हैं।

हालांकि यह संख्या अपेक्षा से कम है। हमें यह आंकड़ा अधिक होने की उम्मीद है। संशोधित आदेश के अनुसार, पीएनजी कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं को अपना घरेलू एलपीजी कनेक्शन तत्काल सरेंडर करना होगा। इसके अलावा पीएनजी कनेक्शन धारकों को नया एलपीजी कनेक्शन लेने से भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके साथ ही सरकारी तेल कंपनियों और उनके वितरकों को ऐसे उपभोक्ताओं को एलपीजी कनेक्शन देने या सिलेंडर भरने से मना किया गया है। यह कदम उन घरों के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से उठाया गया है, जिनके पास पाइपयुक्त रसोई गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध नहीं है। पश्चिम एशिया संघर्ष से ऊर्जा आपूर्ति पर बने वैश्विक दबाव के बीच भारत के लिए अपने गैस आवंटन को नए सिरे से समायोजित करना पड़ रहा है।

चांदी के वायदा भाव में 7100 रुपये की उछाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 7,100 रुपये बढ़कर 2.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुझानों के बीच चांदी के वायदा भाव में तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्स्चेंज में चांदी के मई महीने में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 7,100 रुपये यानी 3.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,40,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इसमें 509 लॉट का कारोबार हुआ। इसी प्रकार, चांदी के जून डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 5,488 रुपये यानी 2.3 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,43,742 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इसमें 7,635 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा लगातार तीसरी बैठक में दरों में कोई बदलाव न करने के बाद वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी आई, जिससे घरेलू धातु की कीमतों को भी समर्थन मिला। विदेशी बाजार, न्यूयॉर्क में जून के लिए कॉमेक्स चांदी वायदा 1.79 डॉलर यानी 2.49 प्रतिशत बढ़कर 73.88 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

एफडीआई नियमों में ढील पर अधिसूचना जल्द

नयी दिल्ली। सरकार चीनी कंपनियों में 10 प्रतिशत तक हिस्सेदारी रखने वाली विदेशी कंपनियों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों में ढील से जुड़े फैसले को जल्द अधिसूचित करेगी।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह अधिसूचना विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत जारी की जाएगी, जिसके बाद संशोधित प्रावधान लागू हो जाएंगे। मार्च में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2020 में जारी प्रेस नोट-3 को संशोधित करने की मंजूरी दी थी। इस संशोधन के तहत 10 प्रतिशत तक चीनी हिस्सेदारी वाली विदेशी कंपनियां को विभिन्न क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग के तहत भारत में निवेश की अनुमति होगी। हालांकि यह राहत उन संस्थाओं पर लागू नहीं होगी जो चीनाहांगकांग या भारत से भूमि सीमा साझा करने वाले अन्य देशों में पंजीकृत हैं। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक घटकों, पॉलिसिलिकॉन और इंगट-वाफर जैसे विनिर्माण क्षेत्रों में आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रस्तावों का निपटान 60 दिनों के भीतर किया जाएगा। सरकार के मुताबिक, मंत्रिमंडलीय सचिव की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा जिन अन्य क्षेत्रों या गतिविधियों को जोड़ा जाएगा, वे भी इस दायरे में आएंगे। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने इन बदलावों को अधिसूचित कर दिया है, लेकिन आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) ने अभी तक फेमा कानून के तहत अधिसूचना जारी नहीं की है। उन्होंने बताया कि विभाग उन उप-क्षेत्रों की पहचान कर रहा है जिनके प्रस्ताव 60 दिनों में निपटाए जाएंगे। इस बीच कुल एफडीआई वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान बढ़कर 88.29 अरब डॉलर हो गया जो 2024-25 में इसी समय 80.61 अरब डॉलर था। देश में शुद्ध एफडीआई भी बढ़कर 6.26 अरब डॉलर हो गया जो 2024-25 में 95.9 करोड़ डॉलर था। डीपीआईआईटी के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में इसके 90 अरब डॉलर के पार पहुंच जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सुधारात्मक उपाय, मुक्त व्यापार समझौते और तेजी से बढ़ती आर्थिक वृद्धि देश को अच्छा निवेश आकर्षित करने में मदद कर रही है।2025-26 के दौरान 6.1 अरब डॉलर से अधिक के 60 परियोजनाओं को जमीन पर उतारने में सहायता की जिससे 31,000 से अधिक संभावित रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

समाधान योजनाओं को एनसीएलटी की मंजूरी में देरी पर उच्चतम न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया

नयी दिल्ली।उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में समाधान योजनाओं की मंजूरी में हो रही देरी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा है कि इस समस्या का युद्धस्तर पर समाधान नहीं हुआ तो दिवाला कानून का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा।

न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने बुधवार को देशभर की एनसीएलटी पीठों में स्टाफ और बुनियादी ढांचे की कमी को भी रेखांकित किया। इसके साथ ही पीठ ने निर्देश दिया कि मामले को मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत के समक्ष रखा जाए ताकि इसे उचित पीठ को सौंपा जा सके। शीर्ष अदालत में एनसीएलटी की प्रधान पीठ की तरफ से रखी गई रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में 383 आवेदन समाधान योजनाओं की मंजूरी के लिए लंबित हैं, जिनमें देरी एक महीने से लेकर 700 दिनों से अधिक तक की है। दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत किसी ऋणग्रस्त कंपनी को उबारने के लिए कर्ज समाधान योजना पेश की जाती है। इसमें आमतौर पर कंपनी के पुनर्गठन, कर्ज के पुनर्समायोजन या अधिग्रहण के जरिए उसके कारोबार को फिर से पटरी पर लाने की योजना शामिल होती है। शीर्ष अदालत ने यह आदेश 2023 में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायालय (एनसीएलएटी) के एक आदेश के खिलाफ दायर दो याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। उच्चतम न्यायालय ने 16 अप्रैल को सुनवाई के दौरान एनसीएलटी से देशभर में लंबित मामलों, उनकी अवधि और देरी के कारणों का विवरण मांगा था। इसके साथ ही भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड को भी मामले में पक्षकार बनाते हुए आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था।

पेज एक का शेष

महिला

आभारी है, जिन्होंने विभिन्न वेलफेयर स्कीम्स के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी के उन्नयन, गरिमा, सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए उठाए जाने वाले किसी भी प्रगतिशील कदम का समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और इंडी गठबंधन हमेशा विरोध करता रहा है। 16-17 अप्रैल को लोकसभा में इन दलों का आचरण स्पष्ट रूप से महिला-विरोधी रहा। जब 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनधन योजना शुरू की, तो आजादी के बाद पहली बार महिलाओं के बैंक खाते खोले गए। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने उस समय भी इसका पुरजोर विरोध और दुष्प्रचार किया। उससे पहले महिलाओं को योजनाओं का आधा लाभ भी नहीं मिल पाता था और पेंशन की राशि में आधा पैसा कमीशन में खा लिया जाता था। स्वतंत्र भारत में पहली बार मोदी जी के नेतृत्व में 30 करोड़ महिलाओं के जीरो बैलेंस खाते खुले, लेकिन विपक्ष ने तब भी इस योजना का मजाक उड़ाया। कोविड काल में डीबीटी के माध्यम से सीधे महिलाओं के बैंक खातों में लाभ पहुंचने लगा, फिर भी आप 15 लाख रुपये का मुद्दा उठाकर महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, स्वच्छ भारत अभियान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं था, बल्कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से भी जुड़ा था। इसके अंतर्गत हर घर शौचालय का बड़ा अभियान चलाया गया। समाजवादी पार्टी ने इस योजना का लगातार विरोध किया। पूरे देश में 12 करोड़ शौचालय बने। आप लोग तब भी मजाक उड़ाते थे कि शौचालय से क्या होगा? वे मात्र शौचालय नहीं थे, वे नारी गरिमा, स्वच्छता और बीमारियों के उन्मूलन के प्रतीक थे। आपके शासन में इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी से मासूम बच्चों की मौत होती थी। डबल इंजन सरकार आने के बाद इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतें लगभग समाप्त हो गईं। पहले महिलाएं खुले में शौच के लिए मजबूर होती थीं और सपा के शोहदे छींटाकसी करते थे। स्वच्छ भारत अभियान ने न केवल महिलाओं की गरिमा की रक्षा की, बल्कि उनके स्वास्थ्य और भावी पीढ़ी के भविष्य को भी सुरक्षित किया। सीएम योगी ने कहा कि आधी आबादी को पहली बार आवास और मालिकाना अधिकार का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूरे देश में 4 करोड़ गरीबों को आवास दिए गए, जिनमें उत्तर प्रदेश के 65 लाख परिवार शामिल हैं। सपा सरकार में ढाई वर्ष में एक भी आवास नहीं बना, बल्कि आपने केंद्र के प्रस्ताव का विरोध किया। डबल इंजन सरकार आने के बाद पिछले 9 वर्षों में 65 लाख आवास बनाए गए, जिनमें अधिकांश महिलाओं के नाम पर हैं। पूरे देश में तीन करोड़ परिवारों को यह अधिकार मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्ज्वला योजना पर आप लोग सवाल उठाते रहे, जबकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शासन में एलपीजी सिलेंडर मिलते नहीं थे, डंडे जरूर पड़ जाते थे। डिफेंस, हेल्थ, एजुकेशन, हर सेक्टर में नारी अपना लोहा मना रही है। लेकिन इस नेतृत्व के साथ उन्हें राजनीतिक ताकत और नीति-निर्धारण में भागीदारी भी चाहिए। इसमें सबसे बड़ी बाधा आप लोग बने हुए हैं।

विधानमंडल के

विधायक नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष की अनुपस्थिति में आसन के समीप पहुंच गए और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दो जैसे नारे लगाने लगे। कई तख्तियों पर संबंधित विधायकों के नाम भी अंकित थे। सपा विधायक अतुल प्रधान एक ऐसी तख्ती लेकर आए थे, जिसमें प्रधानमंत्री को चारों ओर से घिरा हुआ दर्शाया गया था।

भाजपा की महिला विधायकों ने भी इसके जवाब में तख्तियां लेकर विरोध जताया। भाजपा महिला विधायकों की तख्तियों पर इंडी गठबंधन शर्म करो, साड्डा हक एथे रख और हारी थीं, न हारेंगी जैसे नारे लिखे थे। सपा की महिला सदस्यों को आसन के समीप देखकर भाजपा की महिला सदस्य भी अपनी सीट से उठकर आगे आ गईं, जिससे दोनों पक्षों के बीच तीखी नारेबाजी हुई। इसी दौरान नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सदन में पहुंचने के बाद स्थिति कुछ हद तक सामान्य हुई तथा सदस्य अपनी-अपनी सीट पर लौट गए। इससे पहले सपा विधायकों ने विधान भवन परिसर में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। पार्टी ने अपने विधायकों को समूहों में विभाजित कर अलग-अलग द्वारों पर प्रदर्शन की जिम्मेदारी सौंपी थी। द्वार संख्या-एक पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। बाद में सपा सदस्य विधान भवन के मुख्य द्वार के सामने सड़क पर भी उतर आए और 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करो लिखे बैनरों के साथ विरोध जताया।

सपा विधायक संग्राम सिंह यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को अपने अनुकूल बनाने के उद्देश्य से इस कानून को लागू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से महिलाओं के अधिकारों के पक्ष में रही है। सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी ने कहा कि वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को अब तक लागू नहीं किया गया और इसे तत्काल लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने 2027 में विधानसभा चुनाव इसी प्रावधान के अनुरूप कराने की मांग की। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने भी कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण की पक्षधर है और भाजपा इस मुद्दे पर जनता को भ्रमित कर रही है। सपा के अन्य विधायकों ने भी इसी प्रकार के आरोप लगाए। वहीं, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिला आरक्षण को 2029 तक टालना उचित नहीं है और इसे तत्काल लागू किया जाना चाहिए। इस बीच, भाजपा की महिला विधायकों ने भी विधान भवन परिसर में प्रदर्शन किया। सपा के प्रदर्शन के बाद भाजपा की महिला सदस्य चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष एकत्र हुईं और मातृशक्ति का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारों वाले बैनर लेकर विरोध जताया। बाद में वे इन्हीं बैनरों के साथ सदन के भीतर भी पहुंचीं। प्रदर्शन में शामिल महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि सपा और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण का विरोध किया है तथा उन्हें इसका राजनीतिक परिणाम भुगतना पड़ेगा। भाजपा विधायक केतकी सिंह ने इसे प्रदेश की महिलाओं के आक्रोश का प्रतीक बताया। राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि केंद्र सरकार ने नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य से यह विधेयक लाया, लेकिन विपक्षी दलों ने इसमें बाधा उत्पन्न की। विधानसभा के इस एकदिवसीय विशेष सत्र में राज्य सरकार महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित न होने को लेकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने जा रही है। सरकार का उद्देश्य 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले विपक्ष को महिला विरोधी के रूप में प्रस्तुत करना है जबकि विपक्ष इस कदम का कड़ा विरोध कर रहा है। इस पूरे घटनाक्रम से स्पष्ट है कि महिला आरक्षण का मुद्दा अब केवल विधायी प्रक्रिया तक सीमित नहीं रह गया बल्कि यह प्रदेश की राजनीति में प्रमुख चुनावी मुद्दा बनता जा रहा है, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं।

कच्चे तेल

प्रति क्विंटल कर दी है। साथ ही आबकारी नीति में 6 प्रतिशत वैट संशोधन को भी मंजूरी दी गई है, जिससे राज्य की आय में वृद्धि की उम्मीद है। वन विभाग में भी सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। वन दरोगा पद के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता अब इंटरमीडिएट के स्थान पर स्नातक कर दी गई है। इसके अलावा सीमांत क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए नई नीति लागू की जाएगी, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी आएगी।

शिक्षा क्षेत्र में लिए गए फैसलों के तहत कक्षा 1 से 8 तक के मदरसों को जिला स्तर पर संबद्धता दी जाएगी, जबकि कक्षा 9 से 12 तक के मदरसों को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद से संबद्ध रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त विशेष शिक्षा शिक्षकों की भर्ती के लिए नई पात्रता तय की गई है, संस्कृत शिक्षा सेवा नियमावली 2026 लागू की जाएगी और उच्च शिक्षा में शोध को प्रोत्साहन देने वाली योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। भर्ती प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए कार्मिक विभाग में एकल संवर्ग के तहत प्रतीक्षा सूची के उपयोग के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी। लोक निर्माण विभाग में दिव्यांगजनों से जुड़े मामलों में उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई को भी स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा डी श्रेणी के ठेकेदारों के लिए निविदा सीमा 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये कर दी गई है, जिससे छोटे और स्थानीय ठेकेदारों को अधिक अवसर मिलेंगे और क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

भारत-इटली

पर भी चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सिंह और क्रोसेटो ने दोहराया कि भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी शांति, स्थिरता, स्वतंत्रता और आपसी सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित है।

रक्षा कंपनियों

डेटा भारतीय नियंत्रण में रहें। मिसाइलों से लेकर वायु रक्षा प्रणाली तक, भारत के कई स्वदेशी मंच और स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का उपयोग मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया

गुजरात ने बेंगलुरु को 4 विकेट से हराया

आईपीएल : टारगेट 156 रन, अरशद खान को 3 विकेट, पडिक्कल ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये

एजेंसी

अहमदाबाद। अरशद खान की अगुवाई गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन के बाद शुभमन गिल और जोस बटलर की दमदार बल्लेबाजी के बदौलत गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ चार विकेट से शानदार जीत दर्ज की। गुरुवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने देवदत्त पडिक्कल की 40 रनों की पारी की मदद से 19.2 ओवर में 10 विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम ने 15.5 ओवर में छह विकेट पर 158 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को गुजरात टाइटंस को 156 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु 19.2 ओवर में 155 रन पर ऑलआउट हो गई। अरशद खान ने 3 विकेट झटके। जेसन होल्डर और राशिद खान को 2-2 विकेट मिले। सिराज-रबाडा को एक-एक विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुआ। बेंगलुरु के देवदत्त पडिक्कल ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। विराट कोहली 28 और कप्तान रजत पाटीदार 19 रन बनाकर आउट हुए। बेंगलुरु की टीम 19.2 ओवर में 155 रन पर ऑलआउट हो गई। 20वें ओवर की पहली बॉल पर अरशद खान ने वेंकटेश अय्यर को साई सुदर्शन के हाथों कैच आउट कराया। अगली ही बॉल पर जोश हेजलवुड रनआउट हो गए। 18वें ओवर में अरशद खान की बॉल पर वेंकटेश अय्यर की कोहनी पर लगी। अय्यर शार्ट लेंथ बॉल पर क्रॉस खेलना चाहते थे, लेकिन चूक गए और बॉल उनकी कोहनी पर जा लगी। इसी ओवर की चौथी बॉल पर भुवनेश्वर ने चौका लगाया। यहां बेंगलुरु की पारी में 23 गेंद के बाद बाउंड्री आई है। 17वें ओवर में जेसन होल्डर ने महज 3 रन दिए। उनकी बॉल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। एक रन लेग बाई से आया। 15वें ओवर की पहली बॉल पर जेसन होल्डर ने रोमारियो शेफर्ड को साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया।

उन्होंने शेफर्ड को 5वीं बार पवेलियन भेजा। होल्डर ने जितेश शर्मा (एक रन) को भी आउट किया। 14वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने राशिद खान की बॉल पर दो छक्के लगाए। ओवर की आखिरी बॉल पर राशिद खान ने देवदत्त पडिक्कल को कैच आउट कराया। उन्होंने पडीक्कल को 5वीं बार आउट किया है। पडिक्कल 40 रन बनाकर आउट हुए। 10.3 ओवर में अरशद खान ने क्रुणाल पंड्या को आउट कर दिया। मिडिल और लेग पर पड़ी गेंद को क्रुणाल ने फ्लिक किया, लेकिन मिड-विकेट पर खड़े जेसन होल्डर ने एक और आसान कैच लपक लिया। होल्डर का यह मैच में तीसरा शानदार कैच रहा। 9.4 ओवर पर राशिद खान ने टिम डेविड को आउट कर फउइ को बड़ा झटका दिया। डेविड ने मिड-विकेट की ओर शॉट खेला, लेकिन जेसन होल्डर ने दाईं ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया। होल्डर का यह मैच में दूसरा कैच रहा। इससे पहले उन्होंने पाटीदार का भी मुश्किल कैच लिया था। 8वें ओवर में बेंगलुरु ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान रजत पाटीदार 19 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अरशद खान ने जेसन होल्डर के हाथों कैच कराया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही बेंगलुरु की शुरूआत मिलजुली रही है। टीम ने 6 ओवर में 59 रन बनाने में ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। कोहली 28 और बेथेल 5 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 5वें ओवर की आखिरी बॉल पर बेंगलुरु ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। कप्तान रजत पाटीदार ने सिराज की आखिरी बॉल पर मिड विकेट में चौका लगाया और टीम स्कोर को 50 पार पहुंचा दिया। चौथे ओवर दूसरी बॉल पर बेंगलुरु ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर विराट कोहली 13 बॉल पर 5 चौके और एक छक्के के सहारे 28 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कगिसो रबाडा ने राशिद खान के हाथों कैच कराया। कोहली के विकेट के साथ बेंगलुरु के ओपनर्स पवेलियन लौट गए हैं। तीसरे ओवर में बेंगलुरु ने पहला विकेट गंवाया। यहां पर मोहम्मद सिराज ने जैकब बेथेल को राशिद खान के हाथों कैच कराया। बेथेल 5 रन

राजस्थान के खिलाफ स्टार्क की मौजूदगी से मजबूत मिलेगी दिल्ली कैपिटल्स को

जयपुर। दिल्ली कैपिटल्स के पास पिछले कुछ मैच के निराशाजनक नतीजों पर विचार के लिए अधिक समय नहीं है क्योंकि टीम को शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में आत्मविश्वास से भरी राजस्थान रॉयल्स का सामना करना है। अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली की टीम के लिए यह सत्र काफी मुश्किलों भरा रहा है। पिछले दो मैच में टीम के प्रदर्शन में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक तरफ उन्होंने 250 से अधिक का स्कोर बनाया लेकिन विरोधी टीम ने विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए उस लक्ष्य को हासिल कर लिया वहीं दूसरी तरफ वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सिर्फ 75 रन पर ऑल आउट हो गए।

इसके अलावा इस महीने की शुरुआत में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली एक रन की हार ने दिल्ली को भावनात्मक रूप से काफी चोट पहुंचाई है। तीन जीत और चार हार के साथ वे अंक तालिका में सातवें स्थान पर हैं और उन्हें जल्द ही अपने प्रदर्शन में सुधार की जरूरत है। दिल्ली के लिए सबसे बड़ी चिंता उनकी बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी रही है। लोकेश राहुल, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी जैसे खिलाड़ियों ने बीच-बीच में अच्छा योगदान दिया है लेकिन पूरी टीम मिलकर एक साथ अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। पिछले मैच में अभिषेक पोरेल ने इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर बल्लेबाजी करते हुए टीम को शर्मनाक स्कोर पर ऑल आउट होने से बचाया था। यह उस मैच के कुछ सकारात्मक पहलुओं में से एक था। ऐसे में टीम प्रबंधन उन्हें एकादश में मौका देने के बारे में सोच सकता है। गेंदबाजी के मोर्चे पर कुछ अच्छी खबरें भी हैं। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क एक मई से खेलने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से मंजूरी मिलने के बाद टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। लुंगी एनगिडी के उपलब्ध नहीं होने के कारण स्टार्क का टीम में शामिल होना दिल्ली के लिए एक बहुत ही जरूरी और सही समय पर मिला सहारा साबित हो सकता है।

उम्मीद है कि वे काइल जैमीसन या दुष्मंता चमीरा में से किसी एक की जगह लेंगे। पिछले मैच में 75 रन के छोटे लक्ष्य का बचाव करते हुए दिल्ली के गेंदबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए थे लेकिन अब उन्हें राजस्थान के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ और भी अधिक सटीक गेंदबाजी करनी होगी। राजस्थान का शीर्ष क्रम काफी आक्रामक रहा है। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बिना किसी डर के जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाजों का शुरू से ही डटकर सामना किया है तो वहीं यशस्वी जायसवाल भी बेहतरीन लय में नजर आ रहे हैं। अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज राजस्थान रॉयल्स की टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ इस मैच में उतर रही है। हाल ही में उन्होंने पंजाब किंग्स को इस सत्र की पहली हार का स्वाद चखाया था। यह नौ मैच में टीम की छठी जीत थी। राजस्थान के लिए एक और सकारात्मक बात यह है कि धीमी शुरुआत के बाद अब उनका मध्य क्रम भी लय में लौट आया है। इससे उन्हें अधिक संतुलन मिलता है और पूरी पारी में उन्हें रोकना कठिन हो जाता है। दबाव में चल रहे दिल्ली के आक्रमण के खिलाफ राजस्थान की टीम एक बार अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी। दिल्ली के लिए चीजें साफ हैं। बल्लेबाजों को व्यक्तिगत प्रयासों पर निर्भर रहने के बजाय संपूर्ण प्रदर्शन करने की जरूरत है। स्टार्क की वापसी के साथ गेंदबाजों को रन गति पर अंकुश लगाने के तरीके खोजने होंगे, विशेषकर आक्रामक शीर्ष क्रम के खिलाफ।

राजस्थान रॉयल्सः शुभम दुबे, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रियान पराग, वैभव सूर्यवंशी, डोनोवन फरेरा, रविंद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, युद्धवीर सिंह चरक, रवि बिश्नोई, अमन राव पेराला, एडम मिल्ने, कुलदीप सेन, दासुन शनाका, सुशांत मिश्रा, विग्नेश मिश्रा पुथुर, रवि सिंह, ब्रिजेश शर्मा।

दिल्ली कैपिटल्सः अक्षर पटेल (कप्तान), लोकेश राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, आकिब डार, नितीश राणा, टी. नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंता चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव और मिचेल स्टार्क।

संक्षेप

धवन के दा वन स्पोर्ट्स ने ग्वालियर में हाई परफोरमेंस सेंटर किया लांच

नयी दिल्ली। शिखर धवन के दा वन स्पोर्ट्स ने बृहस्पतिवार को ग्वालियर में मध्य प्रदेश लीग और बुंदेलखंड बुल्स के साथ साझेदारी में आदित्य वर्ल्ड क्रिकेट अकादमी में अपना पहला हाई परफोरमेंस सेंटर (एचपीसी) लांच किया। दा वन एचपीसी पूरे भारत में इस तरह का पहला सेंटर है। इस पहल को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि युवा खिलाड़ियों की पहचान, ट्रेनिंग और उन्हें खेल के शीर्ष स्तर के लिए तैयार करने के तरीके को नया रूप दिया जा सके। ग्वालियर में दा वन स्पोर्ट्स की अगुवाई पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता सबा करीम तकनीकी निदेशक के तौर पर करेंगे। धवन के बचपन के कोच मदन शर्मा मेंटोर होंगे। धवन ने पीटीआई से कहा, क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है इसलिए यह मेरा फर्ज है कि मैं इस खेल और इस देश के युवाओं को कुछ वापस दूं। उन्होंने कहा हमारा पहला एचपीसी ग्वालियर में बन रहा है। हमने बेहतरीन कोच रखे हैं जो मेरे और मेरी टीम के सोचने के तरीके को लागू करेंगे। हमने आदित्य वर्ल्ड अकादमी और बुंदेलखंड बुल्स के साथ टाई अप किया है। जो बच्चे अच्छा प्रदर्शन करेंगे, वे बुंदेलखंड बुल्स के लिए खेलेंगे। दूसरे भारतीय शहरों में भी सेंटर खोलने हैं।

स्वस्ति चंद्रा ने जीती खेलो इंडिया टेनिस लीग ट्रॉफी

लखनऊ। महिलाओं के खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल के तहत आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया जिला महिला टेबल टेनिस लीग में स्वस्ति चंद्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी जीत ली। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा लखनऊ टेबल टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस कॉम्प्लेक्स में इस लीग का आयोजन किया गया। इस दौरान कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फाइनल मुकाबले में स्वस्ति चंद्रा ने कड़े संघर्ष के बाद अमाया को 14-12, 4-11, 11-7, 11-9 से हराकर खिताबी जीत अपने नाम की। इससे पूर्व सेमीफाइनल में स्वस्ति चंद्रा ने वर्तिका को और अमाया ने साक्षी को हराकर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया था।

जसप्रीत बुमराह के पीछे नहीं पड़ें, मुंबई इंडियन्स के कोच कीरोन पोलार्ड

एजेंसी

मुंबई। मुंबई इंडियन्स के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि जसप्रीत बुमराह जैसे दिग्गज तेज गेंदबाज का भी कभी-कभी दिन खराब हो सकता है या उनका सत्र अच्छा नहीं जा सकता। उन्होंने भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज को थोड़ी राहत देने की अपील की जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना तीसरा सबसे महंगा गेंदबाजी स्पेल डाला। बुमराह ने बुधवार को सनराइजर्स के खिलाफ चार ओवर में 54 रन लुटाए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हैदराबाद ने यह मैच छह विकेट से जीता।

मुंबई इंडियन्स ने रेयान रिकेल्टन के नाबाद 123 रन की मदद से पांच विकेट पर 243 रन बनाए लेकिन सनराइजर्स ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 249 रन बनाकर जीत हासिल की। जब संवाददाताओं ने बुमराह की मौजूदा आईपीएल में गेंदबाजी पर सवाल किए तो पोलार्ड ने कहा, जब कोई क्रिकेटर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा होता है तो हम हर उस पहलू पर गौर करते हैं कि वह अच्छा क्यों नहीं कर रहा है और जसप्रीत बुमराह के मामले में भी कोई फर्क नहीं है। उन्होंने कहा उन्होंने वर्षों से ऐसा किया है। एक इंसान होने के नाते आपको भी गलतियां करने, दिन खराब होने, सत्र खराब होने या कुछ महीने खराब जाने का हक है।

मुझे बस लगता है कि हमें कभी-कभी उन अच्छी चीजों को याद रखना चाहिए जो उन्होंने की हैं। पोलार्ड ने कहा हां, हम वर्तमान में जीने की कोशिश करते हैं और वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन वह लंबे समय से मुंबई इंडियन्स और भारत के लिए नंबर एक गेंदबाज रहे हैं।

टीएनसीए ने मुख्य कोच के पदों के लिए मांगे आवेदन

चेन्नई। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने बृहस्पतिवार को पुरुषों की सीनियर राज्य टीम के मुख्य कोच के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए। संघ एम सेंथिलनाथन और एम वेंकटरमना के उत्तराधिकारियों की तलाश में है। संघ ने पुरुषों और महिलाओं की राज्य सीनियर और जूनियर चयन समितियों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं। सभी आवेदनों के लिए अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। बंगाल क्रिकेट संघ ने भी हाल ही में राज्य के मुख्य कोच लक्ष्मी रतन शुक्ला के उत्तराधिकारी को खोजने के लिए इसी तरह का तरीका अपनाया था। कोच की भूमिका के लिए आवेदन करने वालों की उम्र 60 वर्ष से कम होनी चाहिए (बहु दिवसीय और सफेद गेंद के प्रारूप के लिए अलग-अलग कोच होंगे) और उनके पास भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के लेवल दो या उससे ऊपर का कोचिंग प्रमाण पत्र या कोई अन्य समकक्ष प्रमाण पत्र होना चाहिए। टीएनसीए के सचिव यू भगवानदास राव ने कहा, चयन प्रक्रिया टीएनसीए के नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी और छांटे गए उम्मीदवारों को आगे के मूल्यांकन के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

भारत ने कड़े मुकाबले में स्लोवाकिया को हराया

एजेंसी

लंदन। भारत की पुरुष टीम ने यहां आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के रोमांचक ग्रुप सात मुकाबले में वापसी करते हुए स्लोवाकिया को 3-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ग्रुप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया और ग्वाटेमाला के खिलाफ अगले मुकाबले से पहले अपनी स्थिति मजबूत कर ली। स्लोवाकिया के खिलाफ मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा लेकिन अंत में भारत ने दबाव में धैर्य और दृढ़ता दिखाते हुए जीत हासिल की। स्लोवाकिया ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली जब दुनिया के 149वें नंबर के खिलाड़ी लुबोमीर पिस्टेज ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 51वीं रैंकिंग वाले मानुष शाह को पांच गेम में 11-8, 5-11, 8-11, 11-5, 11-6 से हरा दिया। भारत के दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी मानव ठक्कर ने इसके बाद याकूब जेलिंका को सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-6 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि तीसरे मुकाबले में स्लोवाकिया ने फिर से बढ़त बना ली जब वांग यांग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरमीत देसाई को 16-14, 11-5, 11-9 से हराया। भारत ने 1-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की। मानव एक बार फिर संकटमोचक बनकर उभरे और उन्होंने लुबोमीर को 11-3, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त देकर मुकाबला फिर से बराबर कर दिया। बाएं हाथ के खिलाड़ी मानुष ने निर्णायक मुकाबले में दबाव के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया और याकूब को 11-8, 11-8, 11-7 से हराकर भारत को 3-2 की महत्वपूर्ण जीत दिलाई। पुरुष और महिला टीम बृहस्पतिवार को ही अपने अंतिम ग्रुप मैच खेलेंगी।

आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों को आर्थिक मदद मंजूर : साइ

नयी दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने हाल में आयरलैंड में खत्म हुई आईबीएसएफ विश्व पुरुष बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में भारत की भागीदारी के लिए आर्थिक सहायता मंजूर की है। इसके तहत 2026 के विश्व चैंपियन सौरव कोठारी, कई बार के वर्ल्ड चैंपियन पंकज आडवाणी और कोच अशोक शांडिल्य को मदद दी गई है। यह चैंपियनशिप बुधवार को खत्म हुई। इसमें इन तीनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेल संघों को सहायता (एएनएसएफ) योजना के तहत सरकार से मिले फंड से हिस्सा लिया। साइ ने टीम की भागीदारी के लिए भारतीय बिलियर्ड्स एंव स्नूकर महासंघ (बीएसएफआई) को लगभग 6.46 लाख रुपये के खर्च की मंजूरी दी।

स्पिनर गेंद को टर्न कराने की कोशिश नहीं कर रहे: मुरलीधरन

मुंबई। श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में स्पिन गेंदबाज गेंद को टर्न कराने की कोशिश नहीं कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने कम उम्र से ही यह हुनर नहीं सीखा है और टूर्नामेंट के दौरान इस कला को सीखना मुमकिन नहीं है। मुरलीधरन ने कहा कि आजकल स्पिन गेंदबाज गेंद को टर्न कराने और बल्लेबाजों को सोचने पर मजबूर करने की कला नहीं सीखते क्योंकि उनका ध्यान सिर्फ विविधता के जरिए रन रोकने पर रहता है। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद की छह विकेट की जीत के बाद मुरलीधरन ने कहा, घरेलू क्रिकेट में भी स्पिन गेंदबाजों के लिए हालात ऐसे ही रहे हैं। जब हम क्रिकेट खेलते थे तो एक स्पिनर के तौर पर आपको गेंद को टर्न कराना होता था, यही आपका पहला मकसद होता था। आजकल यह मुख्य बात नहीं रही क्योंकि हर कोई टेस्ट क्रिकेट खेलने के बारे में नहीं सोच रहा है। वे वनडे क्रिकेट खेलने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, कम उम्र में भी वे सिर्फ तेज गेंदबाजी करने और गेंद में विविधता लाने की कोशिश करते हैं, उसे टर्न कराने की नहीं।

दुनिया के दिग्गज गेंद बाजों पर भारी पड़ रहे सूर्यवंशी

एजेंसी



बेंगलुरु। वैभव सूर्यवंशी ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया है और जाने-माने कमेंटेटर इयान बिशप का मानना है कि मजबूत मानसिक और तकनीकी क्षमताओं ने इस युवा सनसनी को आईपीएल में दुनिया के बेहतरीन

> मजबूत मानसिक और तकनीकी क्षमताओं ने सूर्यवंशी को बेहतरीन प्रदर्शन करने में मदद की: बिशप

गेंदबाजों पर हावी होने में मदद की है। सूर्यवंशी ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, जोश हेजलवुड जैसे कुछ बेहतरीन गेंदबाजों को पस्त कर दिया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के विशेषज्ञ बिशप ने मीडिया से कहा, मुझे लगता है कि उनकी मानसिक बनावट इतनी मजबूत है कि वह दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों का सामना कर सकता है।

उसने जसप्रीत बुमराह का सामना किया। तकनीकी रूप से वह अपने बल्ले को घुमाने के मामले में कुछ अनोखा है, यह कुछ-कुछ बेसबॉल जैसा है। बिशप ने कहा कि सूर्यवंशी की बल्लेबाजी में कोई स्पष्ट कमजोरी नहीं दिखती जिसकी वजह से अनुभवी गेंदबाजों को इस 15 साल के खिलाड़ी के खिलाफ नई योजनाएं बनानी पड़ रही हैं। बिशप ने कहा, यह पता लगाना बहुत मुश्किल है कि उसकी असली कमजोरी क्या है क्योंकि बैक ऑफ लेंथ (थोड़ी पीछे गिरी हुई गेंद) गेंदें उनके खिलाफ कारगर साबित हुई हैं - उदाहरण के लिए अंडर-19 विश्व कप में और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ। लेकिन अगर गेंद बैक ऑफ लेंथ (जो पुल शॉट खेलते हुए अक्सर उनके बल्ले से ऊपरी हिस्से से लगती हैं) नहीं गिरती तो वही गेंदें बाउंड्री के पार चली जाती हैं।

उन्होंने कहा, इसलिए मुझे लगता है कि तकनीकी रूप से वह बहुत अच्छी तरह से तैयार है। इस टूर्नामेंट में कई विश्व स्तरीय गेंदबाज उसके खिलाफ प्लान ए, प्लान बी, प्लान सी, प्लान ई, एफ और जी आजमा रहे हैं। और यह एक अच्छा संकेत है कि खेल के इतने सारे दिग्गज खिलाड़ी उसके खिलाफ अलग-अलग तरह की योजना बनाने पर मजबूर हो रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह बहुत अच्छी तरह से तैयार है। वेस्टइंडीज के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने उम्मीद जताई कि पिच से बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को बराबर मौके मिलेंगे जिससे टूर्नामेंट में और भी अधिक रोमांच और विविधता आएगी। बिशप ने कहा, मुझे टूर्नामेंट में अलग-अलग तरह की पिच का मेल पसंद आता है। मैं कुछ ऐसी बेहतरीन बल्लेबाजी पिच को देखना चाहता हूं जहां बल्लेबाजों का दबदबा हो। लेकिन मैं ऐसी पिच भी देखना चाहता हूं जैसी दिल्ली ने बनाई थी या जैसी लखनऊ सुपर जाइंट्स बनाती है।

भारतीय खिलाड़ी ईटीपीएल को दे सकते हैं बढ़ावा विकास अहम : डुप्लेसी

नयी दिल्ली। फ्रेंचाइजी लीग में भारतीय क्रिकेटरों के आकर्षण पर जोर देते हुए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि उनकी मौजूदगी शुरूआत में यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) को बढ़ावा दे सकती है, लेकिन लीग की लंबे समय में सफलता लगातार विकास पर निर्भर करेगी। हमवतन हेनरिक क्लासेन के साथ फ्रेंचाइजी के मालिक के तौर पर कदम रखते हुए डुप्लेसी ने माना कि यह बदलाव अब भी उन्हें अवास्तविक सा लग रहा है। डुप्लेसी ने पीटीआई को बताया, मैं अब भी खुद को एक खिलाड़ी के तौर पर ही देखता हूं और मुझे मैदान पर रहना बहुत पसंद है। इसलिए यह सचमुच बहुत रोमांचक है। यह कुछ ऐसा है जिसका हेनरिक क्लासेन और मैं बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा जब दुनिया भर में इतनी सारी लीग चल रही हों, तो यह जानना सचमुच बहुत जरूरी हो जाता है कि आखिर ऐसी कौन सी चीजें हैं जो आपको किसी लीग का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करती हैं? डुप्लेसी ने कहा, और यह निश्चित रूप से हम दोनों के लिए कुछ ऐसा है।

एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेगा 56 सदस्यीय भारतीय दल

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत का 56 सदस्यीय मुक्केबाजी दल शुक्रवार से उज्बेकिस्तान के ताशकंद में होने वाली एशियाई मुक्केबाजी अंडर-15 और

> अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी

अंडर-17 चैंपियनशिप 2026 में अपना अभियान शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत इस प्रतिष्ठित आयु-वर्ग टूर्नामेंट में लड़कों और लड़कियों, दोनों ही वर्गों में एक मजबूत और संतुलित टीम के साथ उतर रहा है। भारतीय अंडर-17 टीमों में लड़कों और लड़कियों, दोनों ही वर्गों में 13-13 मुक्केबाज़ शामिल होंगे। ये मुक्केबाज 4446 किग्रा से लेकर 80 किग्रा तक के अलग वजन वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक टीम के साथ चार कोच और एक फिजियोथेरेपिस्ट भी होगा।

वहीं अंडर-15 टीमों में लड़कों और लड़कियों, दोनों ही वर्गों में 15-15 मुक्केबाज़ शामिल हैं। ये मुक्केबाज 3033 किग्रा से लेकर 70 किग्रा तक के वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे और प्रत्येक टीम के साथ पांच कोच और एक फिजियो होगा। यह चैंपियनशिप अगली पीढ़ी के बेहतरीन मुक्केबाजों की पहचान करने और उन्हें विकसित करने के लिए एक अहम मंच का काम करती है। उम्मीद है कि इनमें से कई युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ते हुए आने वाले वर्षों में बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कोठारी : 2030 राष्ट्रमंडल खेलों में क्यू खेलों को शामिल करने की वकालत की

कोलकाता। आयरलैंड के कारलो में आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीतने वाले सौरव कोठारी ने 2030 में अहमदाबाद में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी चरण में क्यू खेलों (स्नूकर और बिलियर्ड्स) को शामिल करने जोरदार वकालत की। कई बार के विश्व चैंपियन ने कहा, बिलियर्ड्स और स्नूकर में कई पदक जीतने का शानदार मौका है। हमने एशियाई खेलों में कई स्वर्ण पदक जीते हैं। अगर हमें राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल किया जाता है तो भारत की पदक तालिका के लिए यह बहुत अच्छा होगा। उन्होंने कहा, हमें साइ, मंत्रालय और मीडिया से सहयोग की जरूरत है। विश्व और एशियाई चैंपियनों के इतने समृद्ध इतिहास वाले इस खेल का बहु-महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना स्थान पाने का पूरा हक है। कोठारी अपने पिता के निधन से अभी तक उबर नहीं सके हैं।

रेल सेवा से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

वैष्णव ने जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखायी हरी झंडी, उरी में रेल सेवा का वादा किया

जम्मू। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली सीधी ट्रेन जम्मू से कश्मीर घाटी पहुंचने के बाद पूंछ, राजौरी और उरी जैसे दूरदराज इलाकों को देश के रेल नेटवर्क से जोड़ने पर ध्यान देने का वादा किया।

महत्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेललिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना पूरी होने के बाद, वैष्णव ने कहा कि पूंछ-राजौरी क्षेत्र को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने और बारामूला जिले के सीमावर्ती कस्बे उरी तक रेल लाइन के विस्तार के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। इस मौके पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। श्रीनगर और जम्मू के बीच सीधी ट्रेन सेवा शुरू होने से दोनों राजधानियों के बीच यात्रा का समय कम होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और हर मौसम में सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 6 जून 2025 को कटरा और श्रीनगर के बीच पहली सीधी ट्रेन सेवा का उद्घाटन किया था, जिसे अब जम्मू तवी रेलवे स्टेशन तक विस्तारित किया गया है। लगभग 43,780 करोड़ रुपये की इस रेल परियोजना पर काम 1990 के दशक के अंत में शुरू हुआ था, जबकि कश्मीर घाटी में पहली ट्रेन अक्टूबर 2008 में चली थी। समारोह के बाद पत्रकारों से बात करते हुए वैष्णव ने कहा कि सरकार पूंछ-राजौरी क्षेत्र को रेल नेटवर्क से जोड़ने के साथ-साथ उरी तक रेल लाइन बिछाने पर भी काम करेगी। उन्होंने कहा कि हम अब पूंछ और राजौरी को रेल के माध्यम से जोड़ने पर ध्यान देंगे। उरी को भी ट्रेन से जोड़ने की परियोजना शुरू की जाएगी। डीपीआर तैयार हैं और हम जल्द काम शुरू करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए जीवनरेखा बन गई है। वैष्णव ने कहा कि यह ट्रेन सेवा जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पिछले साल प्रधानमंत्री ने कटरा और कश्मीर के बीच इस सेवा का उद्घाटन किया था। यह ट्रेन 100 प्रतिशत क्षमता के साथ चल रही है और बहुत लोकप्रिय है। उन्होंने बताया कि ट्रेन की यात्री क्षमता बढ़ाने की काफी मांग थी। पहले आठ डिब्बों वाली ट्रेन 100 प्रतिशत क्षमता से चल रही थी, इसलिए डिब्बों की संख्या बढ़ाकर 20 कर दी गई है।

असम में सत्ता बरकरार रखेगी भाजपा पश्चिम बंगाल में बदलाव तय : प्रधान

बेंगलुरु। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) असम में सत्ता बरकरार रखेगी जबकि पश्चिम बंगाल में सरकार बदलने जा रही है। उन्होंने इसका कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा पार्टी के प्रति जनता के भरोसे को बताया। प्रधान ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में लौटने की संभावना है, वहीं केरल और तमिलनाडु में भाजपा नीत गठबंधन के मजबूत प्रदर्शन को लेकर भी वह आश्वस्त हैं। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और असम-इन पांचों प्रदेशों में विधानसभा चुनावों की मतगणना चार मई को होगी।

असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु में एक चरण में मतदान हुआ, जबकि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान कराया गया। प्रधान ने कहा, एग्जिट पोल से परे, इन पांचों प्रदेशों (चार राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश) में चुनाव प्रचार में जुटे हम सभी लोग आश्वस्त हैं कि भाजपा असम में सत्ता बरकरार रखेगी और लंबे समय बाद पश्चिम बंगाल में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की सरकार के खिलाफ कुप्रशासन, तुष्टीकरण की राजनीति और भ्रष्टाचार के कारण, भारी सत्ता विरोधी लहर है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा की नीतियों और पार्टी की प्रदेश इकाई के नेतृत्व पर भरोसा जता रहे हैं। मुझे विश्वास है कि वहां सरकार में बदलाव होगा। प्रधान ने कहा कि इस बात की पूरी संभावना है कि पुडुचेरी में ऑलइंडिया एन आर कांग्रेस-भाजपा गठबंधन के नेतृत्व वाला राजग फिर से सत्ता में आएगा। केरल और तमिलनाडु में भी हमें पूरा भरोसा है कि हमारा गठबंधन मजबूत प्रदर्शन करेगा। कई एग्जिट पोल में असम में भाजपा की प्रचंड जीत और पश्चिम बंगाल में उसे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर बढ़त मिलती दिखायी गई है, जबकि तमिलनाडु में द्रमुक के सत्ता में बने रहने तथा केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ की 10 साल बाद वापसी का अनुमान जताया गया है।

संक्षेप

गाजा में विदेशी पत्रकारों को स्वतंत्र पहुंच की अनुमति दे इजराइल

वाशिंगटन। एसोसिएटेड प्रेस सहित दुनिया भर की प्रमुख मीडिया कंपनियों के संपादकों ने इजराइल की सरकार से गाजा में विदेशी पत्रकारों को स्वतंत्र आवाजाही की अनुमति देने और वहां पर रिपोर्टिंग करने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का आह्वान किया है। इजराइल द्वारा गाजा में विदेशी पत्रकारों पर प्रतिबंध 2023 में युद्ध की शुरुआत से ही लागू है और छह महीने से अधिक समय से युद्धविराम लागू होने के बावजूद भी जारी है। विभिन्न मीडिया संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया, मौके पर मौजूद रहना आवश्यक है। इससे पत्रकारों को सभी पक्षों के आधिकारिक बयानों पर सवाल उठाने, नागरिकों से सीधे बात करने और अपनी आंखों देखी जानकारी को रिपोर्ट करने का मौका मिलता है। इसीलिए समाचार एजेंसियां अपने पत्रकारों को अक्सर बहुत बड़े व्यक्तिगत जोखिम उठाकर क्षेत्र में भेजती हैं। बीबीसी, सीएनएन और एमएस नाउ, रॉयटर्स, जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए, द वाशिंगटन पोस्ट सहित करीब दो दर्जन से अधिक संगठनों के शीर्ष संपादकों ने कहा कि इजराइली सरकार ने अब तक स्थिति पर चर्चा करने के उनके प्रयासों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

एचपीवी टीकाकरण सहित कैंसर के बचाव की जानकारी साझा की

दिल्ली। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (आईएफजे) ब्रुसेल्स से संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट- इंडिया , दिल्ली जर्नलिस्ट एसोसिएशन एवं एनयूजेआई महिला प्रकोष्ठ की ओर से महिला पत्रकारों के स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों तथा कैंसर जागरूकता विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित कैंसर जागरूकता कार्यक्रम कैप्स सीएपीएस में संस्थान के प्रीवेंटिव ऑनकोलॉजी विभाग की वरिष्ठ सलाहकार डॉ आकांक्षा सिन्हा ने महिला एवं पुरूषों में पाए जाने वाले चार प्रमुख कैंसर और उनसे बचाव व एचपीवी (ह्यूमन पैपीलोमा वैक्सीनेशन) पर अहम जानकारी साझा की। एनयूजेआई के सात जंतर मंतर कार्यालय पर आयोजित व्याख्यान में बड़ी संख्या में महिला पत्रकारों ने हिस्सा लिया। महिलाओं में स्तन व सरवाइकल कैंसर तथा पुरूषों में फेफड़ें का कैंसर और ओरल कैंसर सबसे अधिक पाया जाता है। हाल में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं में पाए जाने वाले सरवाइकल कैंसर के लिए कारक ह्यूमन पैपीलोमा वायरस के खिलाफ एचपीवी की शुरूआत की है।

हिमालयी क्षेत्र में जलवायु-अनुकूल सड़क ढांचा विकसित करना बड़ी चुनौती: गडकरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भौगोलिक रूप से संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र में जलवायु अनुकूल सड़क बुनियादी ढांचा विकसित करना जटिल भौगोलिक परिस्थितियों, ढलानों की अस्थिरता और बार-बार आने वाली प्राकृतिक आपदाओं के कारण एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

गडकरी ने पहाड़ी क्षेत्रों में मजबूत राष्ट्रीय राजमार्ग बुनियादी ढांचे विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाकर इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन की समस्या से निपटने के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता किया गया है। वहीं, सुरंग और सड़क परियोजनाओं के लिए भू-वैज्ञानिक जांच और आंकड़ों के आदान-प्रदान हेतु भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के साथ भी सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिला यांत्रिकी संस्थान (एनआईआरएम) के साथ मिलकर परियोजनाओं की तकनीकी जांच, डिजाइन की पुष्टि, सुरंगों की सुरक्षा जांच और निगरानी जैसे काम किए जा रहे हैं। गडकरी ने बताया कि अब पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क निर्माण शुरू करने से पहले ढलानों को मजबूत करना जरूरी किया गया है, ताकि सड़कें लंबे समय तक सुरक्षित और टिकाऊ रह सकें। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की को पहाड़ी ढलानों की अस्थिरता पर दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए सहयोग दिया जा रहा है, जिसमें वास्तविक समय पर निगरानी प्रणाली का उपयोग होगा। इसके अलावा, उत्तराखंड में चारधाम मार्ग के करीब 100 किलोमीटर हिस्से में भूस्खलन की निगरानी और समय रहते चेतावनी देने के लिए आधुनिक तकनीक आधारित प्रणाली लगाने का भी समझौता किया गया है। मंत्री ने कहा कि अब सड़क परियोजनाओं की योजना बनाते समय लिडार (लाइट डिटेक्शन एंड रेजिंग) और यूएवी जैसी तकनीक का उपयोग कर विस्तृत सर्वे किया जा रहा है, ताकि भूस्खलन की संभावनाओं और पुराने आंकड़ों को ध्यान में रखकर बेहतर और सुरक्षित सड़कें बनाई जा सकें।

लद्दाख में बुद्ध के अवशेष दर्शनार्थ रखे जायेंगे, शाह कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे

लेह। लद्दाख में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गौतम बुद्ध के अवशेषों को लोगों के दर्शन के लिए रखा जाएगा। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बृहस्पतिवार को लद्दाख पहुंचे।

अधिकारियों ने बताया कि भारत में बुद्ध के अवशेषों को पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लद्दाख पहुंचे शाह का कुशोक बकुला रिंपोची हवाई अड्डे पर राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने स्वागत किया। इस मौके पर पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। अधिकारियों के मुताबिक, दो दिवसीय लद्दाख दौरे के दौरान शाह शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री करगिल में 10 टीएलपीडी (हजार लीटर प्रति दिन) क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की आधारशिला भी रखेंगे और डेयरी क्षेत्र से संबंधित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। शाह ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, एक मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भारत में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दर्शन के लिए रखा जाएगा और इस कार्यक्रम में शामिल होना मेरी लिए बेहद सौभाग्य का पल है। उन्होंने लिखा था, कार्यक्रम में दुनिया के विभिन्न हिस्सों के श्रद्धालु भगवान बुद्ध के अवशेषों के दर्शन करेंगे। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के पिपरहवा में मिले गौतम बुद्ध के पवित्र अवशेष बुधवार को हवाई मार्ग से दिल्ली से लेह लाए गए थे।

कोलकाता में तृणमूल नेताओं ने ईवीएम स्ट्रांगरूम के बाहर प्रदर्शन किया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा तृणमूल कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदान एजेंट से ईवीएम स्ट्रांगरूम की चौबीसों घंटे निगरानी की अपील किये जाने के बाद पार्टी उम्मीदवार कुणाल घोष और शशि पांजा ने बृहस्पतिवार को खुदीराम अनुशीलन केंद्र में अनियमित गतिविधियों का आरोप लगाते हुए वहां धरना दिया। यह प्रदर्शन पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के एक दिन बाद हुआ। मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) खुदीराम अनुशीलन केंद्र में रखी गई है।

तृणमूल सूत्रों ने बताया कि ममता भी स्थिति का जायजा लेने के लिए रवाना हो गई हैं। तृणमूल नेताओं ने प्रक्रियागत खामियों का आरोप लगाते हुए दावा किया कि स्ट्रांगरूम के बाहर तैनात पार्टी कार्यकर्ताओं को दोपहर में वहां से चले जाने के लिए कहा गया और बाद में उन्हें यह जानकारी मिली कि स्ट्रांगरूम शाम चार बजे फिर से खोला जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक अपराह्न 3:30 बजे तक स्ट्रांगरूम के बाहर मौजूद थे। अचानक एक ईमेल आया, जिसमें बताया गया कि स्ट्रांगरूम शाम चार बजे फिर से खोला जाएगा। हमने अपने कार्यकर्ताओं से संपर्क किया और उन्होंने कहा कि वे जा चुके हैं। इसके बाद हम तुरंत वहां पहुंचे। अब हमें अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं को बुलाया जा रहा है। बेलेघाटा से तृणमूल उम्मीदवार घोष ने प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दावा किया कि लाइव स्ट्रीमिंग में स्ट्रांगरूम के अंदर की गतिविधियां दिखाई दे रही थीं। मतपत्र अंदर ले जाए जा रहे हैं। फिर भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कह रहे हैं कि कुछ नहीं हो रहा है। अगर डाक मतपत्रों की गिनती हो रही है, तो वे आए कहां से? अगर ईमेल भेजा गया था, तो हमें सूचित क्यों नहीं किया गया? स्ट्रांगरूम बेहद संवेदनशील है। अगर इसे खोला जाता है, तो सभी राजनीतिक दलों को सूचित किया जाना चाहिए। किसी को सूचित क्यों नहीं किया गया?

इंटरटेनमेंट...

मई में रिलीज होंगी 10 बड़ी फिल्में



मुंबई। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के 4 जून को रिलीज न होने की वजह से डेविड धवन ने अपनी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज डेट में बदलाव किया है। अब यह फिल्म 22 मई के बजाय अपनी पुरानी तारीख 5 जून को रिलीज होगी। इस फिल्म में वरुण धवन के साथ मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह एक रोमांटिक कॉमेडी है। वहीं, मई 2026 में सिनेमाघरों में 10 बड़ी फिल्में दस्तक देने वाली हैं। इनमें रितेश देशमुख की 'राजा शिवाजी' से लेकर जुनैद खान की 'एक दिन' जैसी फिल्में शामिल हैं। 1 मई को मराठा योद्धा और एक अनोखी प्रेम कहानी मई की शुरूआत धमाकेदार होने वाली है। 1 मई को रितेश देशमुख की 'राजा शिवाजी' रिलीज होगी। रितेश इस फिल्म से बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार भी निभा रहे हैं। इसी दिन आमिर खान के बेटे जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' भी आएगी। यह एक रोमांटिक ड्रामा है जिसमें साई पल्लवी बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं। कहानी एक ऐसी लड़की की है जिसे एमनेसिया (भूलने की बीमारी) है और वह एक दिन के लिए सब कुछ भूल जाती है। कॉमेडी और पॉलिटिकल ड्रामा फिल्में 8 मई को दो अलग तरह की फिल्में रिलीज होंगी। नीतू कपूर और कपिल शर्मा की 'दादी की शादी' एक फैमिली कॉमेडी फिल्म है।

- यश की 'टॉक्सिक' पोस्टपोन: अब वरुण धवन की फिल्म की रिलीज डेट भी बदली

'डॉन 3' में गाली-गलौज व हिंसा चाहते थे रणवीर

मुंबई। रणवीर सिंह और डायरेक्टर फरहान अख्तर की फिल्म 'डॉन 3' को लेकर एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रणवीर इस फिल्म में हिंसा और गाली गलौज चाहते थे।

फरहान के इस बात पर राजी ना होने से दोनों के बीच विवाद हुआ। करीब 3 साल पहले शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट अब अधर में लटक गया है क्योंकि रणवीर सिंह ने कथित तौर पर इस फिल्म को छोड़ दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रणवीर के फिल्म छोड़ने की वजह से फरहान अख्तर को करीब 40 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। गाली-गलौज और हिंसा पर फंसा पेंच 'फ्री प्रेस जर्नल' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रणवीर सिंह चाहते थे कि 'डॉन' का किरदार आज के दौर के हिसाब से ज्यादा हिंसक और डार्क हो। रणवीर का मानना था कि दर्शकों को पर्दे पर खून-खराबा और 'कड़ी भाषा' (गाली-गलौज) पसंद आ रही है। वे चाहते थे कि डॉन के डायलॉग्स में गालियों का इस्तेमाल हो, लेकिन फरहान अख्तर इसके सख्त खिलाफ थे।

- फरहान अख्तर ने डॉन गाली नहीं देता विवाद होने पर रणवीर सिंह ने फिल्म छोड़ी

परेश रावल के विचारों से प्रेरित फिल्म 'मर्सी'

मुंबई। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म मर्सी 24 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में आई है और अपने संवेदनशील विषय के चलते चर्चा में बनी हुई है। मितुल पटेल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राज वासुदेवा, निहारिका रायजादा, कुणाल भान और अपर्णा घोषाल अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। डायरेक्टर और कास्ट ने अपनी जर्नी, किरदारों और फिल्म के इमोशनल पहलुओं पर खुलकर बात की है। मितुल पटेल ने बताया कि इस कहानी की प्रेरणा उन्हें परेश रावल के एक इंटरव्यू से मिली, जिसमें जीवन और मृत्यु से जुड़े एक कठिन फैसले का जिक्र था।

- सिनेमाघरों में रिलीज हुई, यूथेनेशिया के जटिल सवालों को उठाकर दर्शकों के बीच बहस छेड़ती है

'बुलेट बाबा' पर फिल्म, अंधविश्वास या आस्था की कहानी



मुंबई। हिंदी फिल्म 'डुग डुग' का ट्रेलर राजस्थान में चर्चा में बना हुआ है। ट्रेलर में दिखाई गई बाइक (लूना), आस्था और चमत्कार वाली कहानी सीधे ओम बन्ना धाम (बुलेट बाबा) से मेल खाती नजर आ रही है। राजस्थान की लोक आस्था के बड़े प्रतीक पर बनी इस फिल्म को लेकर लोगों में कई सवाल हैं। कोई इसे अंधविश्वास पर तंज कह रहा है तो कोई हास्य व्यंग्य की कहानी मान रहा है। ट्रेलर से हमें अच्छा ही रिस्पॉन्स मिला है। हालांकि लोगों के मन में थोड़े सवाल भी हैं कि क्या आप सही चीज तो दिखा रहे हो न अब ये तो आप जब फिल्म देखोगे तो अपने आप समझ में आ जाएगा कि सब कुछ सही है। इसमें हमने ऐसा कुछ दिखाया नहीं है जो सही नहीं हो।

ट्रेलर में दिखाया गया है कि लूना पर सवार एक व्यक्ति का हाईवे पर एक्सीडेंट हो जाता है। लोगों को ट्रेलर देखकर लग रहा है कि ये अंधविश्वास पर है या धर्म पर सवाल कर रही है। पर यह फिल्म पूरी तरह से इस बात पर आधारित है कि आपके विचार ही आपकी वास्तविकता को आकार देते हैं। ये ठीक उसी तरह है कि जब आप किसी चीज में बहुत ज्यादा विश्वास करते हैं तो वो मैनिफेस्ट हो जाती है। ऐसे में इस बिलीफ और मैनिफेस्टेशन का जरिया कुछ भी हो सकता है- ये एक बाइक भी हो सकती है, एक मूर्ति भी हो सकती है और बिना किसी माध्यम के भी हो सकता है। आपकी सोच ही आपका यूनिवर्स बनाती है, हम इस फिल्म में यही एक्सप्लेन करना चाहते हैं। ये मिक्स है। हमने डायरेक्ट उन पर नहीं रखा है।

- डायरेक्टर सोच कैसे हकीकत बनती है, क्यों नहीं ली ओम बन्ना के परिवार से परमिशन?

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com